
दैनिक

लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर........ धर्म जाति की सोच से ऊपर.....

वर्ष : 10 अंक : 243 लखनऊ, 12 अगस्त, सोमवार 2024 पृष्ठ : 08 मूल्य : 2.00 रुपए

## पीएम मोदी ने जारी की उच्च उपज वाली, जलवायु-अनुकूल फसल की 109 किस्में

● किसानों और वैज्ञानिकों से बातचीत भी की

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को उच्च उपज देने वाली, जलवायु अनुकूल और जैव-सशक्त फसलों की 109 किस्म जारी की। नई दिल्ली में भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान पीएम ने फसलों की इन किस्मों को जारी किया। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान में कहा, 'प्रधानमंत्री द्वारा जारी की गई 61 फसलों की 109 किस्मों में 34 खेत की फसलें और 27 बागवानी फसलें शामिल हैं। खेत की फसलों में बाजरा, चारा फसलें, तिलहन, दलहन, गन्ना, कपास, फाइबर और अन्य संभावित फसलों सहित विभिन्न अनाज के बीज जारी किए गए। बागवानी फसलों में फलों, सब्जियों की फसलों, बागान फसलों, कंद फसलों, मसालों, फूलों और औषधीय फसलों की विभिन्न किस्में जारी की गईं।' कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी ने किसानों और वैज्ञानिकों से भी बातचीत की। प्रधानमंत्री मोदी से बातचीत करने वाले एक किसान ने कहा, 'पहले जब मैं प्रधानमंत्री मोदी को किसानों की आय दोगुनी करने की बात करते सुनता था, तो मुझे लगता था कि यह झूठ है, लेकिन आज उनसे मिलने के बाद यह स्थापित हो गया है कि वह किसानों को लेकर बहुत गंभीर हैं। हमारी बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने फसलों की नई किस्में लॉन्च की हैं जो पर्यावरण के अनुकूल हैं और किसानों की आय बढ़ाने में मदद करेंगी।' एक अन्य किसान किसान सत्यवान ने कहा, 'बैठक वाकई अच्छी रही। प्रधानमंत्री मोदी ने बारिश में भी किसानों से बातचीत की। उन्होंने हमसे पूछा कि फसलों की नई किस्म से हमें क्या फायदा होगा। फसल की कुछ किस्मों में कीटनाशकों की जरूरत नहीं होती, हमें अपनी फसलों का अच्छा दाम मिलेगा। ऐसी फसलों की अवधि कम होती है और विकास अधिक होता है। इसलिए, इससे किसानों को फायदा होगा।'

प्रधानमंत्री मोदी से बातचीत करने वाली जैविक किसान अनीता डागर ने कहा, 'यह एक सपना सच होने जैसा है। हम प्रधानमंत्री से बातचीत करने का लंबे समय से इंतजार कर रहे थे। पीएम मोदी के साथ बातचीत शानदार ७ही, फसलों की नई किस्म से किसानों की आय दोगुनी होने जा रही है। इन दिनों जलवायु परिवर्तन काफी देखने को मिल रहा है, ऐसे में किसानों को इन नई किस्मों की फसलों से काफी लाभ मिलने वाला है।'

### राष्ट्रपति मुर्मू को तिमोर-लेस्ते का सर्वोच्च नागरिक सम्मान मिलना देश के लिए गर्व का क्षण:मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को तिमोर-लेस्ते के सर्वोच्च नागरिक सम्मान ग्रैंड-कॉलर ऑफ द ऑर्डर ऑफ तिमोर-लेस्ते से सम्मानित किए जाने को देश के लिए गर्व का क्षण करार दिया और कहा कि यह दोनों देशों के बीच मजबूत संबंधों व आपसी सम्मान को दर्शाता है। मुर्मू (66) को सामाजिक सेवा में उनकी उपलब्धियों और शिक्षा, सामाजिक कल्याण एवं महिला सशक्तीकरण के प्रति उनके समर्पण के लिए शनिवार को तिमोर-लेस्ते के राष्ट्रपति जोस रामोस-होर्ता ने अपने देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान ग्रैंड-कॉलर ऑफ द ऑर्डर ऑफ तिमोर-लेस्ते से सम्मानित किया था। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, राष्ट्रपति जी को तिमोर-लेस्ते के सर्वोच्च नागरिक सम्मान ग्रैंड-कॉलर ऑफ द ऑर्डर ऑफ तिमोर-लेस्ते से सम्मानित होते देखना हमारे लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा, यह हमारे देशों के बीच मजबूत संबंधों और आपसी सम्मान को दर्शाता है।

### भारत-बांग्लादेश सीमा पर असम पुलिस हाई अलर्ट पर: डीजीपी



एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, पड़ोसी देश बांग्लादेश में अशांति के मद्देनजर असम पुलिस भारत-बांग्लादेश सीमा पर हाई अलर्ट पर है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी व्यक्ति अवैध रूप से राज्य में प्रवेश न कर सके। एक शीर्ष अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस महानिदेशक जी.पी. सिंह ने कहा कि केंद्र ने निर्देश जारी किया है कि किसी भी व्यक्ति को बांग्लादेश से अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। सिंह ने यहां एक पुस्तक विमोचन के अवसर पर संवाददाताओं से कहा, सीमा पर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) रक्षा की पहली पंक्ति है और दूसरी पंक्ति के रूप में असम पुलिस भी हाई अलर्ट पर है। डीजीपी ने कहा, हालांकि इसमें एक शर्त है कि भारतीय पासपोर्ट धारकों, जिनमें ज्यादातर छात्र और व्यापारी हैं को प्रवेश की अनुमति तभी दी जाएगी जब उनके दस्तावेज उचित सत्यापन के बाद वैध पाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र द्वारा एक अन्य निर्देश जारी किया गया है कि पड़ोसी देश के नागरिकों को उनके पासपोर्ट और वीजा के सत्यापन के बाद सुरक्षित गलियारे के माध्यम से बांग्लादेश वापस भेजा जाएगा। उन्होंने कहा, इन गतिविधियों के अलावा, राज्य में किसी भी व्यक्ति का प्रवेश नहीं हुआ है... असम पुलिस बीएसएफ के साथ संयुक्त गश्त कर रही है।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 43.c

न्यूनतम तापमान 29.c

**बाजार**

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

संसेक्स 81,332.72

निफटी 24,834.85

### बांग्लादेशियों के समुद्र मार्ग से ओडिशा में दाखिल होने की कोई रिपोर्ट नहीं : मंत्री

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, ओडिशा के कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने कहा कि बांग्लादेश में हिंसा के बाद बांग्लादेशियों के समुद्र मार्ग से तटीय राज्य में दाखिल होने की कोई रिपोर्ट नहीं है। हरिचंदन ने कहा कि ओडिशा में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों की पहचान कर उन्हें जल्द उनके देश भेजा जाएगा। पुलिस का कहना है कि भारतीय नौसेना, तटरक्षक बल और ओडिशा समुद्री पुलिस बांग्लादेश से सटी 480 किलोमीटर लंबी समुद्री सीमा पर त्रिस्तरीय सुरक्षा बनाए हुए हैं। बांग्लादेश में राजनीतिक उथल-पुथल के बीच बांग्लादेशियों के समुद्र मार्ग से ओडिशा में दाखिल होने की संभावनाओं से जुड़े पत्रकारों के सवाल के जवाब में हरिचंदन ने शनिवार को कहा कि मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने तटरक्षक बल और ओडिशा समुद्री पुलिस को इस तरह की कोशिशों को नाकाम करने के लिए समुद्र तट पर गश्त करने का निर्देश दिया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि बांग्लादेश के हालिया घटनाक्रमों के बाद ऐसी (बांग्लादेशियों के समुद्र मार्ग से तटीय राज्य में दाखिल होने की) कोई रिपोर्ट नहीं है। हरिचंदन ने कहा, कुछ बांग्लादेशी लंबे समय से ओडिशा में रह रहे हैं।

### गाजियाबाद मामले में अखिलेश ने न्यायालय से स्वतः संज्ञान लेने का आग्रह किया

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गाजियाबाद में एक हिंदू दक्षिणपंथी संगठन द्वारा रेलवे स्टेशन के पास झुग्गियों में रहने वाले लोगों को बांग्लादेशी घुसपैठिया बताकर उन पर हमला किए जाने को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तीखा प्रहार करते हुए अदालत से इस मामले में स्वतः संज्ञान लेने का आग्रह किया। अखिलेश ने शनिवार देर रात एक्स पर एक पोस्ट में कहा, कानून हाथ में लेने का अधिकार तो सरकार को भी नहीं है, फिर उनके संगी-साथी गुर्गों को कैसे हो सकता है। इस हिंसक मामले में माननीय न्यायालय से स्वतः संज्ञान लेने का आग्रह है। सपा प्रमुख ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा, आशंका की शिकायत होनी चाहिए, मनमानी हिंसा नहीं। कहीं यह भी भारतीय जमीन पार्टी का कोई खेल तो नहीं, जो जमीन खाली कराने का यह नायाब तरीका निकाल रही है। उन्होंने आरोप लगाया, ऐसी घटनाओं से उत्तर प्रदेश की छवि खंडित हो रही है। देश की राजधानी के इतने करीब घटे इस कुकृत्य के इस पक्ष की भी जांच हो कि कहीं यह सब आपस में लड़ते दो पक्षों के बीच की लड़ाई का परिणाम तो नहीं है। पूर्व मुख्यमंत्री ने अंदेशा जताया, कहीं कोई लखनऊ को यह संदेश तो नहीं दे रहा है कि हमें आपके शासन-प्रशासन पर कोई भरोसा नहीं है और न ही उसका कोई डर है, इसीलिए हम ही आशंका पर आरोप लगाएंगे, हम ही डंडा चलाएंगे। अखिलेश ने अपने इस पोस्ट के साथ एक मिनट 16 सेकंड का एक वीडियो भी साझा किया, जिसमें लाठी-डंडे से लैस कुछ लोगों को गाली-गलौज करते हुए झुग्गियों को उजाड़ते और उसमें रहने वाले लोगों को पीटते देखा जा सकता है। गाजियाबाद में एक हिंदू दक्षिणपंथी संगठन ने रेलवे स्टेशन के पास झुग्गियों में रहने वाले लोगों को बांग्लादेशी घुसपैठिया बताकर उन पर हमला कर दिया और उनकी झुग्गियों को नष्ट कर दिया। पुलिस ने बताया कि मामले में हिंदू रक्षा दल के अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी और बादल उर्फ हरिओम सिंह को शनिवार देर रात गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों ने बताया कि इस घटना के सिलसिले में हमलावर समूह के नेता समेत अन्य लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। पुलिस ने दावा किया कि जिन लोगों पर हमला किया गया, वे बांग्लादेशी नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश के ही निवासी हैं।

**संक्षिप्त समाचार**

### मध्य प्रदेश सरकार ने राखी के त्योहार पर 1.29 करोड़ महिलाओं को 250-250 रुपये दिए

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शनिवार को लाडली बहना योजना की 1.29 करोड़ महिला लाभार्थियों के बैंक खातों में मासिक 1,250 रुपये की सहायता के साथ राखी के त्योहार के लिए अतिरिक्त 250 रुपये अंतरित किए। इस प्रकार कुल 1,897 करोड़ रुपये की राशि उनके खातों में अंतरित की गई। यादव ने श्योपुर जिले के विजयपुर में एक समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाएं सम्मान की हकदार हैं और उन्होंने रक्षाबंधन (जो 19 अगस्त को मनाया जाएगा) को एक पवित्र त्योहार बताया। अब केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व वाली पिछली मध्य प्रदेश सरकार ने 2023 के विधानसभा चुनावों से कुछ महीनों पहले लाडली बहना योजना शुरू की थी।

### सेना में भारतीयों की भर्ती अप्रैल से ही बंद है: रूसी दूतावास

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, रूसी दूतावास ने यूक्रेन में मॉस्को के विशेष सैन्य अभियान के दौरान भारतीयों के हताहत होने की दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं पर शोक व्यक्त किया और कहा कि अप्रैल से ही उसके सशस्त्र बलों में भारतीयों की भर्ती बंद कर दी गई है। एक बयान में दूतावास ने कहा कि मॉस्को और नयी दिल्ली उन भारतीय नागरिकों की शीघ्र पहचान और सेवा से मुक्ति के लिए निकट समन्वय से काम कर रहे हैं, जो स्वेच्छा से सैन्य सेवा में संविदात्मक कार्य में शामिल हुए थे और अब घर लौटना चाहते हैं।

### बिहार में सत्ता हासिल करना तेजस्वी यादव की कुंडली में नहीं लिखा हुआ : केंद्रीय मंत्री ललन सिंह

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



पटना। केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन ने रविवार को दावा किया कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव की कुंडली में बिहार में सत्ता हासिल करना नहीं लिखा हुआ है। जनता दल (यू) के पूर्व अध्यक्ष सिंह तेजस्वी यादव के उस बयान पर प्रतिक्रिया दे रहे थे जिसमें राजद नेता ने कहा था कि नीतीश कुमार के मुख्यमंत्री बने रहने से विपक्षी दल की अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में जीतने की संभावना अधिक होगी। सिंह ने यहां संवाददाताओं द्वारा तेजस्वी यादव कि उक्त टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, ख्याली पुलाव पकाने दीजिए।

वह ख्याली पुलाव ही पकाते रहते हैं। उनकी जन्म कुंडली में बिहार की सत्ता हासिल करना नहीं लिखा हुआ है। केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी (बीपीसीसी) के अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा, बिहार के लोग जानते हैं कि तेजस्वी यादव की जन्म कुंडली पर बयानबाजी करने वाले इन (जद-यू) नेताओं ने स्वयं आगे बढ़ने के लिए किस तरह की राजनीति की है।

राजद के प्रवक्ता चितरंजन गगन ने संवाददाताओं से कहा, यह मतदाता ही हैं जो राजनीतिक नेताओं की कुंडली लिखते हैं कि कौन मुख्यमंत्री बनेगा या नहीं बनेगा। लोगों ने पहले ही तेजस्वी जी की कुंडली लिख दी है कि वह मुख्यमंत्री बनेंगे हमारे नेता (तेजस्वी) 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री बनेंगे। उन्होंने यह भी दावा किया कि ललन सिंह ने पूर्व में तेजस्वी को मुख्यमंत्री पद और अपने लिए उपमुख्यमंत्री पद का प्रस्ताव दिया था, लेकिन राजद नेता ने इस प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया था।

### शिवसेना कार्यकर्ता मेरे वाघ-नख, मुझे अब्दाली से कोई डर नहीं: उद्धव

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने शनिवार शाम को कहा कि उनकी पार्टी के कार्यकर्ता उनके वाघ-नख हैं और वह अब्दाली से नहीं डरते थे। इससे पहले जब ठाकरे यहां गडकरी रंगायतन सभागार में अपनी पार्टी के कार्यकताओं की एक बैठक के लिए पहुंचे तो महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के कार्यकताओं ने विरोध प्रदर्शन किया और उनके काफिले पर टमाटर और गोबर फेंका। हाल ही में उद्धव ठाकरे ने भाजपा नेता अमित शाह को अहमद शाह अब्दाली करार दिया था। केंद्रीय गृह मंत्री ने ठाकरे पर औरंगजेब फैन क्लब का प्रमुख होने का आरोप लगाया था। कार्यक्रम में ठाकरे ने कहा, मेरे शिवसैनिक मेरे वाघ-नख हैं, मुझे अब्दाली से कोई डर नहीं है। वाघ-नख या बाघ-पंजा एक हाथ से पकड़ा जाने वाला हथियार है।

### हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश के कारण भूस्खलन और अचानक बाढ़ आने से 288 सड़कें अवरुद्ध

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

शिमला। हिमाचल प्रदेश में पिछले दो दिन से भारी बारिश के कारण भूस्खलनों और अचानक आयी बाढ़ के कारण 280 से अधिक सड़कें बंद रहीं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ऊना में उफान पर बह रहे नालों का पानी कई घरों में घुस गया है जबकि लाहौल और स्पीति पुलिस ने निवासियों तथा यात्रियों को अत्यधिक सावधानी बरतने और जाहलमान नाले का जल स्तर तेजी से बढ़ने के कारण उसे पार न करने की सलाह दी है।

अधिकारियों ने बताया कि कुल्लू, मंडी और शिमला जिले में 31 जुलाई को अचानक आयी बाढ़ के बाद लापता हुए करीब 30 लोगों का पता लगाने के लिए बचाव अभियान चलाया जा रहा है लेकिन अभी कोई बड़ी सफलताा हाथ नहीं लगी है। अभी तक 28 शव बरामद किए गए हैं। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश में 27 जून से नौ अगस्त के बीच बारिश से जुड़ी घटनाओं में 100 से अधिक लोगों की मौत हो गयी है और राज्य को करीब 842 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचा है।

अधिकारियों ने बताया कि 288 सड़कें बंद हैं जिनमें से 138 सड़कें शुक्रवार और 150 शनिवार को बंद हुईं। राज्य आपात अभियान केंद्र के आंकड़ों के अनुसार, मंडी में 96 सड़कें, शिमला में 76 सड़कें, कुल्लू में 37, सिरमौर में 33, चंबा में 26, लाहौल और स्पीति में सात, हमीरपुर में पांच और कांगड़ा तथा किन्नौर में चार-चार सड़कें बंद रहीं। पूह और कौरिक के बीच अचानक आयी बाढ़ और नेगुलसरिन के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग-5 पर भूस्खलन के बाद किन्नौर का राज्य की राजधानी शिमला से संपर्क टूट गया है।

अधिकारियों ने बताया कि राज्य में 458 बिजली और 48 जल आपूर्ति योजनाएं भी प्रभावित हुई हैं। क्षेत्रीय मौसम विज्ञान कार्यालय ने रविवार को ऑरेंज अलर्ट जारी करते हुए पांच जिलों - बिलासपुर, चंबा, हमीरपुर, कुल्लू, कांगड़ा, मंडी, शिमला, सोलन, सिरमौर और ऊना में कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी दी है। उसने बताया कि गरज के साथ तूफान आने, बिजली गिरने और बारिश आने का पूर्वानुमान है। मौसम कार्यालय ने चंबा, हमीरपुर, कुल्लू, मंडी, सिरमौर और शिमला जिलों के कुछ स्थानों में अचानक बाढ़ आने की भी चेतावनी दी है। उसने बताया कि तेज हवाओं के कारण पेड़-पौधों, फसलों, संवेदनशील ढांचों और कच्चे मकानों को नुकसान पहुंच सकता है और निचले इलाकों में जलभराव हो सकता है।

### यूपी में हो रहे उपचुनाव की सभी सीटों पर उम्मीदवार उतारेगी बसपा, मायावती ने किया ऐलान

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने रविवार को ऐलान किया कि निकट भविष्य में राज्य की 10 रिक्त विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनावों में उनकी पार्टी अपने उम्मीदवार उतारेगी और पूरे दमखम से चुनाव लड़ेगी। मायावती ने लखनऊ में प्रदेश कार्यालय में पार्टी की उत्तर प्रदेश इकाई के सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों और जिलाध्यक्षों की एक समीक्षा बैठक में उपचुनाव लड़ने की घोषणा की। अमूमन उपचुनावों से दूर रहने वाली बसपा ने इस उपचुनाव को पूरे दमखम से लड़ने का फैसला किया है।

बसपा मुख्यालय से जारी एक बयान के मुताबिक, मायावती ने कहा, ह्लोकसभा चुनाव के बाद उत्तर प्रदेश में रिक्त हुई 10 विधानसभा सीटों पर प्रस्तावित उपचुनावों के लिए अभी चुनाव की तारीख की आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है, लेकिन इसे लेकर सरगर्मी लगातार बढ़ रही है। मायावती ने कहा कि खासकर सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और उसकी सरकार द्वारा इसे (उपचुनाव को) प्रतिष्ठा का प्रश्न बना लेने के कारण इन उपचुनावों में लोगों की रुचि काफी बढ़ी है, लिहाजा बसपा ने भी इन उपचुनावों में सभी (10) सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारने और पूरे दमखम के साथ चुनाव लड़ने का फैसला किया है। बसपा प्रमुख ने इस बयान की प्रति अपने आधिकारिक एक्स खाते पर भी साझा की। उन्होंने आग्रह किया कि चूंकि, बसपा गरीबों, वंचितों और पीड़ितों की पार्टी है तथा दूसरे दलों की तरह यह बड़े पूंजीपतियों और धन्नासेठों के सहारे और इशारे पर नहीं चलती है, इसलिए इसके समर्थक पूरे तन-मन-धन से सहयोग कर पार्टी के आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाएं। राज्य में 2022 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश कीकुल 403 सीटों में से सिर्फ एक सीट जीतने और लोकसभा चुनाव में पूरी तरह सफाया होने के बाद बसपा की उम्मीदें उपचुनावों पर टिकी हैं। आरक्षण को लेकर अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के अंदर उप-वर्गीकरण और क्रीमी लेयर संबंधी मामलों के बीच बसपा प्रमुख अब पूरे तेवर में दिख रही हैं। उत्तर प्रदेश के नौ विधायकों ने लोकसभा के लिए चुने जाने के बाद विधानसभा से इस्तीफा दे दिया जबकि इरफान सोलंकी को एक आपराधिक मामले में सजा सुनाये जाने के बाद उन्हें विधानसभा की सदस्यता से अयोग्य घोषित कर दिया गया है।

## विवाहिता ने ससुरालीजनों पर मारपीट और दहेज उत्पीड़न की कराई रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा के लोनहा निवासी विवाहिता सलोनी रावत ने यहीं के भदोई गांव निवासी अपने पति रवि पुत्र स्व. राम बक्श, सास सुषमा, ननद पूजा, काजल और ननदोई राकेश व सोनू के खिलाफ गाली गलौज, मारपीट, जान से मारने की धमकी देने और दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कराई है। सलोनी के मुताबिक 28 जून 2023 को उसकी शादी रवि के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही उक्त लोग दहेज को लेकर आए दिन ताना देने के साथ ही उसका उत्पीड़न करने लगे। आरोप है कि वह तीन तोला सोने की जंजीर, केटीएम मोटरसाइकिल और दो लाख रुपए की मांग कर उसके साथ आए दिन मारपीट करते। पीड़िता का कहना है कि मायके वालों के समझाने के बावजूद यह लोग नहीं माने और जनवरी 2024 में मारपीट कर जान से मारने की धमकी देते हुए उसे घर से भगा दिया। फिलहाल बंथरा पुलिस सलोनी की रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

## धर्मपरिवर्तन व निकाह कराने के आरोपी मौलवी समेत दो गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज। एक गांव की हिन्दू किशोरी का एक साल पहले धर्म परिवर्तन कराकर मुस्लिम युवक से निकाह कराकर मौत के मुंह में ढकेलने वाले मौलवी व जेल में निरूद्ध आरोपी के पिता को रविवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से दोनो को जेल भेज दिया गया। एसीपी की जांच में किशोरी का धर्म परिवर्तन कराकर निकाह कराने में मौलवी व आरोपी युवक के पिता का भी शामिल होना पाया गया था। ज्ञात हो मोहनलालगंज के एक गांव की रहने वाली मां ने अपनी 15वर्षीय नाबालिग बेटी का घर आने वाले मुस्लिम युवक मुर्तजा निवासी खुजौली थाना मोहनलालगंज से एक साल पहले बाल विवाह कर मौत के मुंह में धकेलने का काम किया था, परिणाम ये हुआ शादी के कुछ ही मही ?नो में गर्भवती हुयी किशोरी की बीते डेढ महीने पहले मोहनलालगंज के एक निजी अस्पताल में नवजात बच्ची को जन्म देने के बाद मौत हो गयी। जिसके बाद पति मुर्तजा व मां ने गुपचुप तरीके से बेटी का खुजौली में अन्तिम संस्कार कर दिया। सगे चाचा राकेश कुमार को गर्भवती होने के बाद नाबालिग भतीजी की मौत की खबर लगी तो उसके पैरो तले से जमीन खिसक गयी। जिसके बाद उसने एसीपी मोहनलालगंज से लिखित शिकायत कर बाल विवाह व धर्मपरिवर्तन कराकर नाबालिग भतीजी को मौत के मुंह में धकेलने वाली भाभी व मुस्लिम युवक पर कड़ी कार्यवाही की मांग की थी। तत्कालीन एसीपी राधा रमण सिंह ने जांच में चाचा द्वारा लगाये गये धर्मपरिवर्तन के आरोप सही पाये थे जिसके बाद पुलिस ने मृतक किशोरी की मां व मुस्लिम युवक पर रेप, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, पाक्सो एक्ट, धर्म परिवर्तन अधिनियम समेत अन्य धाराओ में मुकदमा दर्ज कर आरोपी युवक मुर्तजा निवासी खुजौली को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया जांच में मौलवी मोहम्मद अहमद निवासी कस्बा फरवरपुर थाना फरवरपुर जनपद बहराइच द्वारा जेल में निरूद्ध आरोपी के पिता मुस्ताक अली निवासी खुजौली की मौजूदगी में हिन्दू किशोरी का धर्मपरिवर्तन कराकर निकाह कराये जाने का खुलासा हुआ था जिसके बाद पुलिस को तत्काल आरोपी मौलवी व आरोपी के पिता को गिरफ्तार करने ने निर्देश दिये गये थे। इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया एसीपी के आदेश पर आरोपी मौलवी मोहम्मद अहमद व मुस्ताक अली को खुजौली से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से दोनो को जेल भेज दिया।

## एनएचएआई की लापरवाही से कानपुर रोड के बुरे हाल, जगह जगह गड्ढे होने से राहगीर परेशान

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की लापरवाही से कानपुर रोड के बुरे हाल हैं। यहां रोड की दोनों पटरियों पर जगह-जगह काफी गहरे गड्ढे होने के साथ ही उनमें भयंकर जल भराव बना हुआ है। इसकी वजह से जहां राहगीरों को दिक्कत होती है, वहीं आसपास दुकानदारों के लिए बड़ी समस्या बनी हुई है। बताते चलें कि लंबे समय से यहां लखनऊ - कानपुर एलिवेटेड रोड का निर्माण किया जा रहा है। जिसको लेकर कानपुर रोड के डिवाइडर से दोनों तरफ लोहे की चादरों से बैरिकेडिंग बनाकर दोनों पटरियों पर रास्ता काफी संकरा कर दिया गया है। इस सकरे रास्ते की वजह से तो राहगीरों को आवागमन में दिक्कतें हो ही रही हैं, बल्कि बंथरा में हनुमान मंदिर के पास रोड की दोनों पटरियों पर काफी दिनों से



जगह-जगह बड़े-बड़े गहरे गड्ढे हो चुके हैं। इन गड्ढों में आसपास दुकानों व घरों के अलावा बरसात का पानी भरा रहता है। जलभराव युक्त रास्ते से जहां पैदल व वाहन सवारों को निकलने में दिक्कतें हो रही हैं। वहीं गड्ढों की गहराई का अनुमान न होने से आए दिन वाहन भी फंसते रहते हैं। इस जल भराव के कारण सबसे ज्यादा दिक्कत यहां के स्थानीय दुकानदारों को हो रही है। आलम यह की गाड़ियों के निकलने पर उनके पहियों से गड्ढों में भरा पानी उछलकर दुकानों तक पहुंच जाता है। जिससे उनका सामान तक बर्बाद होता रहता है। साथ ही दुकानों के सामने जल भराव होने के कारण व्यापारियों की दुकानदारी भी प्रभावित हो रही है। स्कूली बच्चों के कपड़े आए दिन खराब होते रहते हैं। यह आलम सिर्फ बंथरा में ही नहीं, बल्कि सरोजनीनगर में भी हाइडिल नहर तक कानपुर रोड की दोनों पटरियों पर जगह-जगह गड्ढे होने के साथ ही जल भराव बना रहता है। लेकिन एनएचएआई के जिम्मेदार इस पर बिल्कुल ध्यान नहीं दे रहे हैं।

## गेट सेट फिट जिम के द्वारा हरियाली तीज महोत्सव का भव्य आयोजन

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ । जिम की डायरेक्टर संगीता शाक्य द्वारा महोत्सव का आयोजन श्रावण मास के पवित्र दिन में आइस एंड स्पाइस रेस्टोरेंट इंदिरानगर में किया गया, कार्यक्रम में मुख्य रूप से सोलह श्रृंगार की महिलाओं द्वारा नृत्य, गायन, वादन के साथ साथ कई प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। महिलाओं ने सावन महोत्सव में फगुआ, अवधी, कजरी वा लोकगीतों पर नृत्य, गायन के साथ बिखेरी छटा। जिसमें सोलो नृत्य रंगीलो मारो ढोलना पर अर्चना पांडे, लीला त्रिपाठी (नृत्य), एकता (नृत्य), रैंप वॉक पर नेहा, सुनीता खरे, रेखा श्रीवास्तव, आयशा, अनिता सिंह एवम नीलू द्वारा (तू जहां चलेगा मेरा साया साथ होगा) पर प्रस्तुति दी गई, सुनीता यादव द्वारा भोजपुरी गीतों पर शमां बांधा गया। जिसमे जज की भूमिका में गुंजन वर्मा, संगीता शाक्य, सरिता सिंह रही। गायन प्रतियोगिता की जज सुनीता यादव रहीं। कार्यक्रम का कुशल संयोजन संगीता सिंह शाक्य , सुनीता यादव , हर्षिता एवम अर्चना द्वारा किया गया। तीज क्वीन का खिताब नेहा तिवारी के नाम रहा, रनर अप सरूपा तिवारी रही। जिम की डायरेक्टर संगीता शाक्य ने बताया की हमारी जिम पर महिलाओ के स्वास्थ्य पर ध्यान देते हुए साथ साथ विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक एवम पारंपरिक आयोजन होते हैं सावन में तीज का संस्था द्वारा यह पहला आयोजन है जिसमे महिलाओ को भारतीय संस्कृति के प्रति जागरूक करते हुए भारतीय भेषभूषा में यह कार्यक्रम किया गया उन्होंने बताया कि आगे भी इस तरह से भारतीय परंपरा को बढ़ाते हुए और भव्य आयोजन किए जायेंगे। कार्यक्रम में सभी महिलाओं को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया गया और प्रतियोगिता में जजों द्वारा जिन्हे प्रथम, द्वितीय एवम तृतीय स्थान दिया गया उन्हे प्रतीक चिन्ह, अंग वस्त्र वा उपहार भी भेंट किए गए। मंच संचालन हर्षिता एवं अर्चना द्वारा किया गया। आज गेट सेट फिट जिम की पाँचवीं सालगिरह भी थी जो कि केक काट कर बेहद धूम धाम से मनायी गई ।

## डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा लालता खेड़ा के चार मेधावियों को साइकिल प्रदान कर किया गया सम्मानित

- 83वां 'आपका विधायक आपके द्वार' जनसुनवाई शिविर बरकताबाद, मजरा लालता खेड़ा में आयोजित, सुनीं गई ग्रामवासियों की समस्याएं
- लालता खेड़ा में सरोजनीनगर विधायक ने स्थापित कराया 32वां गर्ल्स यूथ क्लब, युवा खिलाडियों को प्रदान की स्पोर्ट्स किट

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा प्रारंभ की गई संवाद से समाधान तक की अनुपम पहल 'आपका विधायक आपके द्वार' जनसुनवाई शिविर एक महाभियान बन गई है। जनता के लिए उपलब्धता, संवाद और समस्याओं का निराकरण के लिए डॉ. राजेश्वर सिंह की माता तारा सिंह की स्मृति में प्रत्येक रविवार को क्षेत्र के गांवों में नियमित तौर पर इस शिविर का अयोजन किया जाता है। रविवार को ग्राम बरकताबाद, मजरा लालता खेड़ा में 83वां 'आपका विधायक आपके द्वार' जनसुनवाई शिविर में आयोजित किया गया। शिविर के दौरान जनसमस्याओं के निदान के लिए गांव में पहुंची विधायक की टीम ने ग्रामीणों से सहजतापूर्वक संवाद किया, और उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री आवास, किसान सम्मान निधि, निराश्रित एवं वृद्धावस्था पेंशन, सड़क निर्माण और दिव्यांग प्रमाणपत्र आदि से सम्बंधित 77 समस्याओं/ सुझावों से अवगत कराया। शिविर के दौरान प्राप्त समस्याओं के शीघ्र व प्रभावी निस्तारण का सकारात्मक आश्वासन दिया गया। मेधावियों के सम्मान एवं विद्यार्थियों को प्रेरित करने के लिए चलाए जा रहे 'गांव की शान-मेधावियों के सम्मान' के अंतर्गत इंटरमीडिएट परीक्षा में सर्वाधिक अंक पाने वाले 2 मेधावियों दीपिका (76.4%) व सुरेश कुमार (51.8%) तथा हाईस्कूल परीक्षा में सर्वाधिक अंक पाने वाले 2 मेधावियों संध्या (79.67%) व नितिन राजपूत (66.5%) को साइकिल, घड़ी व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। युवाओं को खेल के अवसर दिलाने तथा खेल संसाधनों के प्रसार के लिए लालता खेड़ा में जनसुनवाई शिविर के दौरान 32वें गर्ल्स यूथ क्लब का गठन कर वॉलीबाल, फुटबॉल, कैरम आदि आउटडोर व इंडोर व खेलों की स्पोर्ट्स किट प्रदान की गयी। इस दौरान ग्राम प्रधान सुरेन्द्र, भाजपा सेक्टर संयोजक सजीवन लाल, महेंद्र कुमार(प्राचार्य), पूर्व प्रधान दिनेश सिंह, नीरज, विमला देवी, राम आसरे, मंजू सिंह, राम देवी, सीमा, दुलारे रैदास, चन्द्र कुमार सिंह एवं मुन्ना लाल कनौजिया को विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह की ओर से सम्मानित किया गया। साथ ही विधायक की माँ तारा सिंह जी की प्रेरणा से संचालित 'तारा शक्ति निःशुल्क रसोई' के माध्यम से उपस्थित जनों को ताजा व स्वादिष्ट भोजन उपलब्ध कराया गया। शिविर के दौरान सेक्टर प्रभारी चन्द्र कुमार, पूर्व प्रधान राम आसरे पाल, राम वजू राजपूत, सुरेन्द्र गौतम, वल्ली कनौजिया, विमला रावत, सीमा रावत, राजा राम, सजीवन राम, मंजू सिंह, गुडिया, रेशमा व अन्य ग्रामवासी मौजूद रहे।

## लेखपाल ने अवैध कब्जा हटाने के दौरान सरकारी कार्य में बाधा डालने की कराया रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। नगर निगम जोन- 8 के लेखपाल सुधांशु श्रीवास्तव ने सरोजनीनगर के फरुर्खाबाद चिल्लावां निवासी अजीम खान, उसकी पत्नी, राजेंद्र गुप्ता और संतोष नामक व्यक्ति के खिलाफ अवैध कब्जा हटाने के दौरान सरकारी कार्य में बाधा व जान से मारने की धमकी देने की सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। लेखपाल सुधांशु श्रीवास्तव का कहना है कि फरुर्खाबाद चिल्लावां में सड़क किनारे मौजूद ऊसर में दर्ज बेस कीमती जमीन खसरा संख्या - 599, क्षेत्रफल 0.284 हेक्टेयर के करीब 1000 वर्ग फुट जमीन पर अजीम खान ने कुछ भू माफियाओं को साथ लेकर अवैध कब्जा करने और हड़पने की नीयत से पक्का निर्माण कराना शुरू कर दिया। इन्हें रोका गया, लेकिन उसके बावजूद अवैध निर्माण नहीं रुका। साथ ही दीवार खड़ी कर कॉलम भी खड़े कर लिए और निर्माण रुकवाने पर जान से मारने की धमकी दी। लेखपाल का कहना है कि 4 अगस्त को पुलिस बल के साथ निर्माण रुकवाने का प्रयास किया गया, तो इसके बाद भी चोरी छिपे इन्होंने निर्माण जारी रखा। इसको लेकर उच्च अधिकारियों को 6 अगस्त को अवगत कराने के बाद 10 अगस्त को पुलिस बल की मौजूदगी में अवैध कब्जा हटाकर सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त करा लिया गया। लेकिन कब्जा मुक्त कराने के दौरान अजीम खान, उसकी पत्नी कुछ लोगों को लेकर मौके पर आ गई और उक्त लोगों ने सरकारी कार्य में बाधा डालने के साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। इसमें राजेंद्र गुप्ता व संतोष की पहचान होने के साथ पता चला कि इन लोगों ने कब्जा कराने का ठेका लिया था। फिलहाल लेखपाल सुधांशु श्रीवास्तव की तहरीर पर सरोजनीनगर पुलिस मामले की रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

## आल्हा सम्राट काजल सिंह की प्रस्तुतियो ने सभी को किया मंत्रमुग्ध

अमन लेखनी समाचार

निगोहां। बाजुओं में फड़कन, प्राणों में चेतना, रक्त में उबाल पैदा करने वाली 12वीं शताब्दी की बुंदेलों की शौर्यगाथा आज भले ही क्षीण हो चली है, लेकिन ग्रामीणांचल में आज भी महोबा के चंदेल काल के दो वीर योद्धाओं आल्हा और ऊदल की शौर्य गाथा के गीतों पर लोग झूम उठते हैं. रविवार को

निगोहां के दखिना टोल प्लाजा पर आल्हा कार्यक्रम का आयोजन समाजसेवी नवीन मिश्रा द्वारा किया गया। टीवी व रेडियो की प्रसिद्व आल्हा सम्राट काजल सिंह ने अपने साथियो के साथ आल्हा गायन की प्रस्तुति दी तो कार्यक्रम में मौजूद सभी अतिथि व ग्रामीण मंत्रमुग्ध हो गये। आल्हा सम्राट काजल सिंह व उनकी टीम ने नैनागढ़ की लड़ाई व ऊदल का विवाह गायन कर लोगों में ऊर्जा का संचार किया।

वीर रस का वर्णन करते हुए युद्ध भूमि का चित्रण करते हुए कहा खट-खट तेगा बोलै, बोलै छपक-छपक तलवार। तीन घरी लै गोला छुटै, धरती मागै धरम दुआर पर लोगों की भुजायें फड़क उठीं। आयोजक समाजसेवी नवीन मिश्रा ने कार्यक्रम में आये अतिथियो को फूल माला पहनाकर व पुष्प गुच्छ भेटकर स्वागत किया। इस मौके पर भाजपा मीडिया प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अशोक तिवारी, भाजपा नेता नागेश्वर द्विवेदी, भाजपा मंडल अध्यक्ष आशुतोष शुक्ला, प्रधान प्रतिनिधि प्रदीप द्विवेदी, प्रधान अभय दीक्षित, प्रधान सूर्य कुमार द्विवेदी, भाजपा नेता शिव नारायण बाजपेयी ,वरिष्ठ पत्रकार अनुपम मिश्रा ,शिवा मिश्रा, अतुल तिवारी, संदीप मिश्रा, आलोक मिश्रा, रमाकांत द्विवेदी, दुर्गेश द्विवेदी समेत काफी संख्या

## वन विभाग के संरक्षण से लकड़ी माफिया चला रहे हरे पेड़ों पर आरा

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर में वन विभाग के संरक्षण में हरियाली पर आए दिन आरा चल रहा है। सूत्र बताते हैं कि लकड़ी माफिया वन विभाग के एक अधिकारी का करीबी है। इस वजह से उसके खिलाफ वन विभाग के अधिकारी कोई ठोस कार्रवाई नहीं करते। बल्कि मीडिया को जानकारी होने के बाद लकड़ी माफिया से काटे गए पेड़ों का मामूली जुमार्ना वसूलकर मामले को रफा दफा कर दिया जाता है। इसकी वजह से उक्त लकड़ी माफिया के हौसले काफी बुलंद हैं और वह आए दिन सरोजनीनगर वन क्षेत्र में हरे पेड़ों को धराशाई करता रहता है। इस लकड़ी माफिया ने रविवार को सरोजनीनगर वन रेंज कार्यालय से महज 1 किलोमीटर की दूरी पर स्कूटर इंडिया चौराहे से बिजनौर जाने वाली रोड पर शांति बेकरी के पास आम के कई हरे पेड़ों पर आरा चला दिया और वन विभाग के स्थानीय अधिकारियों को भनक तक नहीं लग सकी। बल्कि मीडिया के संज्ञान में आने के बाद वन अधिकारियों ने आम के मात्र दो पेड़ों की कटाई होने की बात कहने के साथ ही लकड़ी माफिया पर जुमार्ना करने की बात कह कर पल्ला झाड़ लिया। जबकि विभागीय सूत्रों की माने तो इसके बावजूद लकड़ी माफिया पूरे दिन बाग में आम के हरे भरे पेड़ों को धराशाई करता रहा। उसने इस दौरान करीब आधा दर्जन आम के पेड़ों पर आरा चला कर उन्हें गिरा दिया। इतना ही नहीं उसने पेड़ काटने के तुरंत बाद सारी लकड़ी वाहन पर लाद कर वहां से आनन फानन हटा दी। वहीं वन विभाग के सूत्रों का कहना है कि उक्त लकड़ी माफिया सरोजनीनगर वन रेंज के एक अधिकारी का काफी करीबी है। जिसकी वजह से उसके खिलाफ कोई खास ठोस कार्रवाई नहीं हो पाती। बल्कि जब मामला मीडिया के संज्ञान में पहुंचता है तो उक्त अधिकारी द्वारा मामूली जुमार्ना काटकर खानापूर्ति करके लकड़ी माफिया को खुला छोड़ दिया जाता है। यही वजह है कि वह उक्त अधिकारी से गठजोड़ कर आए दिन क्षेत्र में हरियाली खत्म करता रहता है। उधर इस संबंध में सरोजनीनगर के रेंजर डीसी पंत से बात की गई तो उन्होंने कहा कि दो पेड़ काटे जाने की बात पता चली है। जानकारी होने के बाद लकड़ी माफिया को पकड़कर उससे पेड़ काटने का जुमार्ना वसूल लिया गया है।

## जनेश्वर मिश्र ट्रस्ट के पास खुद को आग लगाने वाली अंजली की मौत

### वकील ने आत्मदाह के लिए उकसाया था

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। विक्रमादित्य मार्ग पर जनेश्वर मिश्र ट्रस्ट के पास मंगलवार सुबह खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगाने वाली उन्नाव की अंजलि की रविवार शाम मौत हो गई। किंग जार्ज मेडिकल कालेज (केजीएमयू) के प्लास्टिक सर्जरी विभाग में अंजलि की मौत हुई। यहीं उनका इलाज चल रहा था। अंजली ने उन्नाव की पुरवा तहसील के पूर्व बार एसोसिएशन अध्यक्ष एवं अधिवक्ता सुनील कुमार के भड़काने पर आत्मदाह का प्रयास किया था। बंदरिया बाग चौकी प्रभारी बागेश की तहरीर पर अधिवक्ता सुनील के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने गुरुवार रात उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

### अंजलि ने अपने ससुराल वालों के खिलाफ लिखवाया था मुकदमा

सुनील पुरवा के पीरजादी गढ़ी के रहने वाले है। दरअसल अंजली ने दो अगस्त को पुरवा थाने में पति देशराज रैदास, सास रामकुमारी, देवरानी शालिनी और नाबालिग भतीजे पर दहेज प्रताड़ना और मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया था। पुरवा पुलिस ने मामले में देशराज और उसके भाई को शांति भंग में जेल भेज दिया था। अंजली देवरानी और नाबालिग भतीजे को भी जेल भेजने की मांग कर रही थी।

### वकील ने अंजलि को आत्महत्या करने की दी थी सलाह

पुलिस दोनों की भूमिका की जांच कर रही थी। पुलिस उपायुक्त मध्य रवीना त्यागी के मुताबिक इस बीच पुरवा तहसील में अंजली की मुलाकात अधिवक्ता सुनील से हुई थी। सुनील ने अंजली को भड़काया था। उसने कहा था कि एक बोतल में पेट्रोल लेकर लखनऊ जाओ। वहां विधानभवन अथवा मुख्यमंत्री आवास के पास जाकर आत्मदाह का प्रयास करो। इसके बाद पुरवा थाने के सारे पुलिस कर्मी नप जाएंगे।

### आरोपी वकील को पुलिस ने किया गिरफ्तार

इतना ही नहीं उनके खिलाफ एससीएसटी एक्ट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जाएगा। अंजली के आत्मदाह के प्रयास के बाद जब पुलिस ने अंजलि के मोबाइल की काल डिटेल्स देखी तो उसमें अधिवक्ता से बातचीत के साक्ष्य मिले। अंजली के मासूम बच्चे को घटना के बाद पुलिस ने सीडब्ल्यूसी के सिपुर्द कर दिया था। इसके बाद जब उसके मायके वाले पहुंचे तो पुलिस ने उन्हें दे दिया था।

## जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट, आठ लोग घायल

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। एक गांव में पुश्तैनी जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट जिसमें दोनों पक्षों से आठ लोग घायल हो गए।

मलिहाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम काजी खेड़ा निवासी राम कांति के घर के पास पड़ी पुश्तैनी जमीन पर उसी गांव निवासी राम भरोसे, राजेंद्र, राम नरेश, सर्वेश, नीरज, सतेन्द्र, शालिनी कैलाश सहित अन्य अज्ञात लोगों ने रविवार सुबह कब्जा करने की नीयत से आ गए और जमीन पर कब्जा करने लगे विरोध करने पर एक राय होकर मारने पीटने लगे। शोर शराबा सुन मौके पर पहुंचे परिवार के देवर कल्लू , व उनकी पत्नी गायत्री, शिवकुमारी, रंजना, दिव्यांशी, साहिल ,ममता बीच बचाव करते हुए जमीन पर कब्जा कर रहे लोगों का विरोध करने लगे। तभी बातों ही बातों में कहा सुनी होने लगी और दोनों पक्ष मारपीट पर आमादा हो गए। दोनों पक्षों में लाठी डंडे, लोहे की रॉड व धारदार हथियार से जमकर मारा पीट होने लगी। जिसमें एक पक्ष से कल्लू , गायत्री ,रमाकांती, रंजना, घायल हो गई। वहीं दूसरा पक्ष से राम भरोसे ,शालिनी ,राम नरेश , ,सतेन्द्र घायल हो गए। एक पक्ष की रामकांति का आरोप है कि दो दिन पूर्व विपक्षी द्वारा कब्जा करने की कोशिश की गई थी। जिसकी शिकायत थाने पर की थी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। पुलिस के मुताबिक दोनों पक्षों के दस लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की गई है।

## लुइसविले में विधायी शिखर सम्मेलन आयोजित

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। लुइसविले में आयोजित विधायी शिखर सम्मेलन में कई सत्र हुए, जिसमें शैक्षिक परिणामों को बढ़ाने और भविष्य की चुनौतियां के लिए छात्रों को तैयार करने की अभिनव रणनीतियों पर भी चर्चा हुई। साथ ही लोगों के जीवन स्तर की गुणवत्ता में सुधार करने और नए दृष्टिकोणों पर भी विचार किया गया।

इस मौके पर जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने कहा कि इन सत्रों में राज्यों के विधायकों के सामने आने वाले महत्वपूर्ण मुद्दों पर, उनके समाधानों पर विशेषज्ञों से विस्तृत चर्चा करने का मौका प्राप्त हुआ। जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने आगे कहा कि 2024 एनसीएलएस विधायी शिखर सम्मेलन में विधायी प्रक्रियाओं में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के नैतिक और व्यवहारिक सुझावों पर भी ध्यान केंद्रित किया गया। सत्र में निष्पक्ष, पारदर्शी और जवाबदेही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) प्रणालियों को विकसित करने के महत्व पर भी जोर दिया गया। साथ ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के उपयोग से, किसी के डेटा की गोपनीयता भंग न हो तथा समाज पर इसके नकारात्मक प्रभाव न पड़े, उन्हें रोके जाने के लिए भी विस्तृत चर्चा की गई। इस शिखर सम्मेलन में इस बात पर भी चर्चा हुई कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से किस प्रकार बेहतर शासन व्यवस्था निर्धारित की जा सकती है तथा किस तरीके से विधायक अपने दैनिक कार्यों के निष्पादन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का उपयोग कर सकते हैं तथा समाज को कैसे, इस नई तकनीक से लाभ पहुंचाया जा सकता है। इस बारे में भी व्यापक चर्चा और उसके समाधान के विषय में विचार किया गया। जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने बताया कि पूरी दुनिया में पर्यावरण, शिक्षा, नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराए जाना तथा लोकतंत्रीय संस्थाएं कैसे पारदर्शी तरीके से कार्य करें, इस विषय पर भी वृहद चर्चा हुई। निश्चित तौर से अमेरिका में हुआ यह सम्मेलन, चुने हुए जनप्रतिनिधियों को अपने चुनाव क्षेत्र, राज्यों और देश में बेहतर व्यवस्था के प्रबंधन और लोगों को आधुनिक परिपेक्ष में नई-नई तकनीक और सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक अनोखा प्रयोग था। इस मौके पर अनूपशहर के विधायक संजय शर्मा ने बताया कि इस आयोजन में एनएलसी भारत, जिसका कार्यालय हिंदुस्तान के पुणे में स्थित है, के सहयोग से ही भारत के जनप्रतिनिधियों का उपरोक्त कार्यक्रम में हिस्सा लेना संभव हो पाया। मैं एनएलसी भारत को धन्यवाद ज्ञापित करता हूं।

## यूपी में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए होम स्टे पर जोर

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने ज्यादा से ज्यादा कमरों की उपलब्धता करवाने की कवायद शुरू कर दी है। इसके लिए पर्यटन विभाग की तरफ से होम स्टे को बढ़ावा दिया जा रहा है। होम स्टे के लिए चयनित लोगों को प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। सरकार की कोशिश है कि उत्तर प्रदेश में आने वाले पर्यटकों की संख्या 80 करोड़ तक पहुंच जाए।

### पिछले साल 48 करोड़ पर्यटक आए थे यूपी

पिछले वर्ष प्रदेश में 48 करोड़ पर्यटकों ने विभिन्न पर्यटन स्थलों पर भ्रमण किया था। सरकार अब प्रदेश में पर्यटन के क्षेत्र को पांच गुना बढ़ाने के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रही है। पर्यटन सेक्टर का योजित सकल मूल्य जहां वित्तीय वर्ष 2016-17 में 11 हजार करोड़ रुपये था, वहीं वित्त वर्ष 2028 तक सरकार ने इसे बढ़ाकर 70 हजार करोड़ रुपये करने का लक्ष्य रखा है।

### मंदिर बनने के बाद अयोध्या पहुंच रहे लोग

घरेलू पर्यटकों के आगमन के मामले में उप्र देश में पहले स्थान पर है। पिछले कुछ वर्षों में उप्र में धार्मिक पर्यटन में काफी बढ़ोतरी हुई है। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के निर्माण के बाद इसमें और वृद्धि हो रही है। इसके अलावा वाराणसी, मथुरा, चित्रकूट, प्रयागराज, नैमिषारण्य, गोरखपुर जैसे धार्मिक महत्व वाले शहरों सहित अन्य प्रमुख स्थलों पर पर्यटकों की सुविधा के लिए सरकार ज्यादा से ज्यादा कमरों की उपलब्धता पर जोर दे रही है।

## संक्षेप

### जर्जर मकान का गिरा छज्जा बाल बाल बचे नीचे खड़े लोग

शुक्लागंज, उन्नाव। महेश मार्ग स्थित बाला जी मंदिर के ठीक सामने एक पुराना जर्जर हालत में मकान है। उसके नीचे गायत्री नगर निवासी ओम प्रकाश चाय की दुकान चलाते हैं। रविवार सुबह लगभग सात बजे वह दुकान पर थे, इस दौरान जर्जर छज्जा भरभरा कर गिर गया। जिससे वहां मौजूद लोग बाल बाल बच गये। छज्जा गिरने से चाय की दुकान में चाय पी रहे आधा दर्जन लोग बच गये। वहीं दुकान का सामान क्षतिग्रस्त हो गया। जिससे ओम प्रकाश को हजारों का नुकसान पहुंचा है।

### मुख्यमंत्री जन अरोग्य स्वास्थ्य मेले का किया गया आयोजन

शुक्लागंज, उन्नाव। राजधानी मार्ग स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में एलोपैथिक के डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया गया। मरीजों को दवा बांटी गई। इसके अलावा डॉ अर्चना ने मरीजों को परामर्श देने के साथ ही दवाइयां बांटी। इसके साथ ही अन्य डॉक्टरों ने भी मरीजों का परीक्षण किया। डॉक्टरों ने बताया कि मेले के दौरान 45 मरीजों का परीक्षण किया गया और उन्हें दवाइयां बांटी गई है। जिसमें चर्म रोग, लीवर पेट से संबंधित, सांस, मधुमेह, उच्च रक्त चाप, खून की कमी, गर्भवती महिलाएं शामिल हैं। वहीं मेले में आये खांसी, जुकाम, बुखार के मरीजों की जांच की गई।

### युवक को तालिबानी सजा देने वाले आरोपी भेजे गए जेल

बीघापुर, उन्नाव। युवती के साथ छेड़छाड़ करने वाले युवक को कुछ युवकों के द्वारा पेड़ में बांधकर उसे मारने पीटने का वीडियो मीडिया में वायरल हों गया पुलिस ने मामला संज्ञान में लेते हुए मारने वाले युवकों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया थाना बिहार चौकी भगवंत नगर क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव निवासिनी नाबालिक स्कूल से अपने घर वापस जा रही थी कि गांव के ही एक युवक के द्वारा नाबालिक के साथ सून सान रास्ते में छेड़छाड़ करने लगा जिस पर ग्रामीणों ने उस युवक को पकड़कर पेड़ में बांधकर जमकर पिटाई कर दी जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया पुलिस ने सोशल मीडिया पर हुए वायरल हुए वीडियो का संज्ञान लेते हुए युवकों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया पुलिस ने रविवार को संजय पुत्र अयोध्या श्याम पुत्र रामनाथ निवासी ग्राम रामनाथ खेड़ा मजरा जप्सरा को प्रथम न्यायिक मजिस्ट्रेट तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन ले गई जहां मजिस्ट्रेट ने उन युवकों को जेल भेज दिया।

## महाकालेश्वर की उत्पत्ति की कथा सुन रोमांचित हुए श्रद्धालु

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। शैवाचार्य प्रशांत प्रभुदास महाराज ने आठवें दिन की कथा में महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग की उत्पत्ति की कथा सुनायी। सबसे पूजनीय देवताओं में शामिल भगवान शिव को अनेक नामों से पुकार जाता है. जैसे शिवा, नीलकंठ, भोले भंडारी, शिवाय, शंकर भगवान आदि. देश के विभिन्न जगहों पर भगवान शिव से जुड़े 12 ज्योतिर्लिंग हैं. जिनमें से महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग सबसे अधिक प्रसिद्ध है, जो मध्य प्रदेश के उज्जैन में स्थित है।

प्राचीन समय में महाराजा चंद्रसेन नाम के राजा उज्जैन में राज्य करते थे. राजा चंद्रसेन भगवान शिव के परम भक्त थे तथा उनकी प्रजा भी भगवान शिव की पूजा किया करती थी. एक बार पड़ोसी राज्य से राजा रिपुदमन ने चंद्रसेन के महल पर आक्रमण कर दिया. इस दौरान दूषण नाम के राक्षस ने भी प्रजा पर अत्याचार करना शुरू कर दिया।

हिंदू धर्म में सबसे पूजनीय देवताओं में शामिल भगवान शिव को अनेक नामों से पुकार जाता है. जैसे शिवा, नीलकंठ, भोले भंडारी, शिवाय, शंकर भगवान आदि. देश के विभिन्न जगहों पर भगवान शिव से जुड़े 12 ज्योतिर्लिंग हैं. जिनमें से महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग सबसे अधिक प्रसिद्ध है, जो मध्य प्रदेश के उज्जैन में स्थित है.

भगवान शिव के इस भव्य ज्योतिर्लिंग की ख्याति दूर-दूर तक है. महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग उज्जैन शिप्रा नदी के तट पर बसा हुआ है. तो चलिए आज आपको महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग के महत्व और कथा के बारे में बताते हैं.

पंडित इंद्रमणि घनस्याल के अनुसार, माना जाता है कि प्राचीन समय में महाराजा चंद्रसेन नाम के राजा उज्जैन में राज्य करते थे. राजा चंद्रसेन भगवान शिव के परम भक्त थे तथा उनकी प्रजा भी भगवान शिव की पूजा किया करती थी. एक बार पड़ोसी राज्य से राजा रिपुदमन ने चंद्रसेन के महल पर आक्रमण कर दिया. इस दौरान दूषण नाम के राक्षस ने भी प्रजा पर अत्याचार करना शुरू कर दिया

राक्षस के अत्याचारों से पीड़ित होकर प्रजा ने भगवान शिव का आह्वान किया, तब उनकी भक्ति से प्रसन्न होकर भगवान शिव धरती फाड़कर महाकाल के रूप में प्रकट हुए और राक्षस का वध किया। प्रजा की भक्ति और उनके अनुरोध को देखते हुए भगवान शिव हमेशा के लिए ज्योतिर्लिंग के रूप में उज्जैन में विराजमान हो गए।

पावन कथा के बीच भजन गायक सुमित और संगतकताओं आकाश और धर्मेंद्र ने सुमधुर संगीत के साथ भजनामृत से सबको मंत्रमुग्ध किया।

कथा आजमान देवी प्रसाद साहू, हरि प्रसाद साहू, संतोष साहू, धीरज सिंह, विक्रम सिंह, नीलम त्रिपाठी, निशीथ निगम, राधा निगम, डॉ सुषमा सिंह, लीलावती, संतोष तिवारी, कथा अध्यक्ष अधिवक्ता राजेश त्रिपाठी व श्रीकांत शुक्ला मुकुल, व्यवस्थापक जितेन्द्र सिंह( अन्नू ), संरक्षकों हरि सहाय मिश्र मदन, कमल वर्मा, राजेन्द्र सिंह सेंगर, साधना दीक्षित, राहुल पाण्डेय, विघ्नेश पाण्डेय, संजय पाण्डेय, सरिता सिंह, वंदना सिंह, दीपाली सिंह, इंद्र मणि मिश्रा एडवोकेट, अभिषेक शुक्ला, संजय त्रिपाठी, अनिल गुप्ता, संजय शुक्ला, दिव्या शुक्ला, शोभा पांडेय, चंद्रप्रकाश बाजपाई, ओम प्रकाश सोनी, कुलदीप सिंह, कुँवर बहादुर सिंह, रवि प्रकाश सिंह, कौशल किशोर यादव, संतोष दीक्षित, मनोज सिंह, शिवेन्द्र अवस्थी, रोहित अवस्थी शुभ दुबे, सोनू सिंह, सोनू पावर हाउस आदि ने आशीर्वाद प्राप्त किया। संयोजक डॉक्टर मनीष सिंह सेंगर ने आगामी 13 अगस्त को होने वाले 1008 पार्थिव शिव लिंगों के सामूहिक रुद्राभिषेक में ज्यादा से ज्यादा लोगों को सपरिवार शामिल होने के लिए पंजीकरण कराने की जानकारी दी। बारिश के बावजूद हजारों श्रद्धालुओं ने वाटर प्रूफ विशाल पांडाल में निर्विघ्न रूप से कथा सुनी।

## लोहिया वाहिनी के पदाधिकारियों की हुई बैठक




अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। समाजवादी पार्टी कार्यालय सिविल लाइन उन्नाव में लोहिया वाहिनी के पदाधिकारियों की बैठक संपन्न हुई बैठक की अध्यक्षता करते हुए सपा जिलाध्यक्ष राजेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी डा० राम मनोहर लोहिया के विचारों एवं सिद्धांतों पर काम करती है। लोहिया जी ने जाति धर्म से उठ कर सदैव गरीब कमजोर लोगो की आवाज सरकार तक पहुँचाने का काम किया था। यादव ने कहा कि मौजूदा हालातो की राजनीत विघटनकारी नीतियों पर काम कर रही है जिससे समाज में भाईचारा खत्म हो रहा है वही मौजूदा हालात में गरीब और गरीब होता चला जा रहा है अमीरों को बढ़ावा दिया जा रहा है समाजवादी पार्टी का नेतृत्व सदैव इन सांप्रदायिक ताकतो से लड़ता रहा। आप सभी समाजवादी विचारधारा को लेकर समाज में अधिक से अधिक लोगो को जोड़ने का काम करेंगे यही मेरा विश्वास है। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आवाहन पर छात्र-नौजवान पीडीए जागरूकता अभियान के तहत आप सभी को बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेकर छात्र नवजवानों को अपने संगठन एवं पार्टी से जोड़ना है। लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष राहुल अग्निहोत्री सहित नवनियुक्त पदाधिकारियो ने सपा जिलाध्यक्ष राजेश यादव को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। वही कई लोगो को पार्टी की सदस्यता दिलाकर रसीद काटी गई। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियो को मनोनयन पत्र दिये गये। बैठक को राजेश कुमार साधु, अमन अंजुम, अंकित यादव ने संबोधित किया। बैठक में प्रमुख रूप से मोनू मिश्रा, अमरेश चौधरी, दीपक दूबे, मो० हसीन शेख, अजय कुमार, मुकेश मिश्रा, संग्राम सिंह, सौरभ यादव, भानु प्रताप वर्मा एवं छोटे लाल भारतीय सहित अन्य नवनियुक्त पदाधिकारीगण रहे।

## पति-पत्नी के 22 विवादित जोड़े आपसी कलह भुलाकर एक साथ रहने को हुए राजी

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। सिद्धार्थ शंकर मीना पुलिस अधीक्षक उन्नाव के कुशल निर्देशन में रिजर्व पुलिस लाइन एवं विभिन्न थानों में स्थित महिला हेल्प डेस्क में पति-पत्नी के विवादित जोड़ों को बुलाया गया। परिवार परामर्शदाताओं एवं महिला हेल्पडेस्क की टीम द्वारा उनकी काउंसलिंग करते हुए उनके बीच उपजे विवाद को खत्म कराया गया तथा परिवार को टूटने से बचाया। तदोपरान्त महिला थाना से 07, परिवार परामर्श केन्द्र से 06, थाना सोहरामऊ सो 05, थाना औरास से 02, थाना सदर कोतवाली व थाना माखी से 01-01 जोड़े को बिना विवाद साथ रहने के वादे के साथ विदा किया गया। उपरोक्त पुनीत कार्य में डा0 आशीष श्रीवास्तव प्रभारी परिवार परामर्श समिति एवं सलाहकारों में डा0 मनीष सिंह सेंगर, संजय चौरसिया, राम सनेही यादव एवं सहयोगी शिवेन्द्र सिंह चौहान, अंकित सिंह व पुलिस टीम से निरीक्षक संतोष कुमारी सिंह, महिला थानाध्यक्ष अर्चना, महिला उप निरीक्षक भगीरथी, महिला उप निरीक्षक मिथिलेश कुमारी, पूजा शर्मा, लक्ष्मी, अंशू रानी, साधना मीनू, शिखा यादव, निक्की चौहान शकुंतला, आरती गौतम का विशेष योगदान रहा।

## अवैध कच्ची शराब समेत युवक गिरफ्तार



अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। अवैध मदिरा बिक्री की रोकथाम के लिए शासन के निदेर्शानुसार क्षेत्रीय आबकारी निरीक्षक ज्योति अग्रवाल ने अजगैन थाना पुलिस की संयुक्त टीम लेकर थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव लुधौरा मजरा कुशुंभी में दबिश दी। दबिश में 15 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ अभियुक्त दिनेश कुमार पुत्र स्व श्रीपाल को रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। थाना अजगैन में आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया। इसके अलावा अजगैन स्थित मदिरा की दुकानों का निरीक्षण कर सख्त दिशा निर्देश दिए गए।

## गौशाला में बंद गौवंश तड़प तड़प कर तोड़ रहे हैं दम



अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। विकासखंड क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गुलाब खेड़ा अरगूपुर में नवनिर्मित गौशाला बना हुआ है जिसमें प्रधान व ग्राम पंचायत अधिकारी की हीलाहवाली के चलते गौवंश तड़प तड़प कर दम तोड़ रहे हैं काफी गौवंश बीमार भी पड़े हुए हैं कोई देखने वाला नहीं है जिम्मेदार अधिकारी जानकर भी अंजान बने हुए। क्षेत्र के ग्राम पंचायत अरगूपुर गुलाब खेड़ा में नवनिर्मित गौशाला बना हुआ है जिसमें गौवंश बीमारी के चलते तड़प तड़प के दम तोड़ रहे हैं कई गौवंश बीमार पड़े हुए हैं उनको कोई देखने वाला कोई नहीं है प्रधान व ग्राम पंचायत अधिकारी की हीला हवाली के चलते यह गोवंश लगातार मौत के मुंह में समा रहे हैं पशु चिकित्सा अधिकारी भी इन गोवंशों का समय से इलाज नहीं कर पा रहे हैं ना ही गौशाला समय से जा पा रहे हैं जिससे बीमारी के चलते लगातार गोवंश मर रहे हैं जिम्मेदार अधिकारी जानकर भी अंजान बने हुए हैं।

## एसडीएम के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने की छापे मारी

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। एसडीएम के निर्देश पर खाद्य विभाग की टीम ने कस्बे आधा दर्जन दुकानों पर छापा मारा। जहां कई दुकानों पर खामियां मिली जिसको दुरुस्त करने की चेतावनी दी गई।

बता दें कि आगामी त्यौहार को मद्देनजर रखते हुए उपजिलाधिकारी नवीन चंद्र ने खाद्य विभाग को निर्देश किया था। रक्षा बंधन त्यौहार में कई मिठाई दुकानदार पंद्रह दिन पहले से ही मिठाई के स्टॉक लगा लेते हैं। जिसको लेकर खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनिल कुमार कटियार ने छापेमारी की। जिसमे बॉम्बे स्वीट हाउस, राजेलाल स्वीट हाउस, शिवकुमार स्वीट हाउस, धर्मेंद्र स्वीट हाउस, बुद्धिलाल स्वीट हाउस, संकरी स्वीट हाउस को शख्त चेतावनी दी गई। निरीक्षण की गई दुकानें सभी फुटपाथ वाली है। ज़िम्मेदार अधिकारी उन बड़े मिष्ठान भंडार पर नहीं गए। जहा महीनो पहले मिठाई बना ली जाती हैं। खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि सभी दुकानदारों को शख्त चेतवानी दी गई पालन ने करने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

## आजादी के अमृत महोत्सव पर अनेको गांवो में घूमी तिरंगा यात्रा

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। आजादी के अमृत महोत्सव मनाते हुए और स्वतंत्रता दिवस के पूर्व रविवार को क्षेत्र में तिरंगा यात्रा निकाली गई जो लगभग आधा दर्जन गांवों में घूम कर समाप्त हुई। क्षेत्र के गांव पट्टी हमीद निवासी अनुराग के नेतृत्व में बाइक रैली से तिरंगा यात्रा कुजगंवा गांव के कुच्चेश्वरी मन्दिर से प्रारम्भ की गई। यह तिरंगा यात्रा ऊगू होते हुए पट्टी जगदीशपुर, पंडा खेड़ा, छत्ता खेड़ा ,पतौली, आदि गांवों में घूम कर तकिया गांव स्थित निगोहेश्वर महादेव मन्दिर पर समाप्त हुई। बाइक से निकाली गई तिरंगा यात्रा में विशाल, हर्ष, दीपू, आयूष चौरसिया सरोज; साजन अभिषेक रंजीत आदि समेत दर्जनों लोग शामिल हुए। जगह जगह यात्रा का स्वागत किया गया।

## विद्यालय में नही होती साफ सफाई लगा गंदगी का अंबार



अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। विकासखंड गंज मुरादाबाद क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम आशायस में जूनियर स्कूल में सफाई न होने से गंदगी का अंबार फैला हुआ है और बड़ी-बड़ी घास खड़ी हुई है जिससे वहां मच्छर व जहरीले कीड़े पनप रहे हैं बच्चे पढ़ रहे हैं इस सफाई की अव्यवस्था को लेकर जिम्मेदार अधिकारी बेखबर है। विकासखंड क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम आशायस में सरकारी जूनियर हाई स्कूल में बड़ी-बड़ी घास खड़ी हुई है और गंदगी का अंबार फैला हुआ है जिससे वहां मच्छर व जहरीले कीड़े पनप रहे हैं बच्चों को आने व पढ़ने में उन मच्छरों का सामना करना पड़ रहा है सफाई की अव्यवस्था को लेकर इस विद्यालय के प्रधानाचार्य से भी पूछा गया मगर कुछ सही सफाई के बारे में नहीं बता सके इस तरीके से स्कूल परिसर के अंदर घास व गंदगी का मारा फैला हुआ है जिससे जिम्मेदार अधिकारी बेखबर है।

## बलिया में गंगा-सरयू नदी खतरा बिन्दु के ऊपर

- शहर के निचले हिस्सों में घुसा बाढ़ का पानी, ग्रामीण क्षेत्रों में कटान तेज

अमन लेखनी समाचार



बलिया, बलिया में दोनों प्रमुख नदियां उफान पर है। जहां गंगा नदी खतरा बिन्दु से ऊपर बह रही है। वहीं सरयू नदी ने भी खतरा बिन्दु पार कर दिया है। दोनों नदियों के उफान पर होने के कारण तटवर्ती इलाकाई लोगों की मुश्किलें बढ़ गयी है। हालांकि गंगा नदी के जलस्तर में घटाव दर्ज किया गया है। लेकिन नदी अभी भी खतरा बिन्दु के ऊपर बह रही है। गंगा नदी का पानी बलिया के महावीर घाट, निहोरा नगर में गायत्री मंदिर के चारों तरफ बसे मोहल्लों में बाढ़ का पानी घुस गया है। गंगा नदी के बाढ़ का पानी लोगों के घरों के अंदर तक पानी चला गया है। जिसके कारण लोग अपने घरों में नीचे पानी आने से अपने समान को छत के ऊपर रखने और दूसरे जगह ले जाने को मजबूर हो गये हैं। लोग यहां से घर छोड़कर इधर-उधर भटकेंगे। कोई सुविधा नहीं मिल रही है। गंगा नदी का जल स्तर खतरा बिन्दु से ऊपर 58.66 मीटर दर्ज किया गया है। सरयू नदी का जलस्तर भी बढ़ रहा है। सरयू नदी की तेज धारा शुरू से ही कहर बरपा रही है। बैरिया तहसील क्षेत्र के गोपालनगर टाड़ी, शिवाल मठिया, बांसडीह तहसील क्षेत्र के भोजपुरवा, टिकुलिया आदि गांवों के सैकड़ों आशियानों को नदी अपने में समाहित कर चुकी है। यही नहीं हजारों एकड़ कृषि योग्य भूमि को भी सरयू नदी अपना ग्रास बना चुकी है। आलम यह है कि अब गंगा नदी भी सरयू नदी की राह पर चल चुकी है। ऐसे में लोगों के समक्ष विकट समस्याएं उत्पन्न हो गयी है। सरयू नदी की जलस्तर चांदपुर गेज पर खतरा बिन्दु के ऊपर 58.08 मीटर दर्ज किया गया है।

## अपने दरवाजे पर बुलाकर मजदूर को पीटा

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। मजदूर को अपने दरवाजे बुलाकर गाली गलौज मारने पीटने को लेकर पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मारपीट की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लियो बारा सगवर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम धरमपुर मजरा कटरी निवासी ठाकुरदीन पुत्र रामलाल को उन्हीं के गांव के बबलू पुत्र शिवप्रसाद देर शाम को अपने दरवाजे कुछ विशेष काम का बहाना बताते हुए बुला लिया दरवाजे आने पर गाली देते हुए लात घुसो डंडों से पीड़िता को पीटा आवाज सुनकर पड़ोसियों ने बचाया शरीर पर कई जगह चोट के निशान आए पीड़ित ने पुलिस को लिखित तहरीर दी तहरीर के आधार पर पुलिस ने मारपीट की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया

## डांस के बाप सीजन चार की हुई शुरूआत

उन्नाव। साईं डांस अकैडमी के बैनर तले इंडियन इवेंट सोल्यूशन्स के सहयोग से डांस के बाप टैलेंट प्रतियोगिता के सीजन 4 की शुरूवात अकैडमी में पहले ऑडिशन के साथ हुयी। आर्गेनाइजर श्रेयांश समी वर्मा ने अतिथियों के साथ माँ सरस्वती का पूजन कराकर ऑडिशन की शुरूआत कराई। सिंगिंग डांसिंग मॉडलिंग के हर आयु वर्ग के प्रतिभागियों ने बढ़ चढ़ कर अपने हुनर की आजमाइश की। आयोजकों ने बताया कि आगामी ऑडिशन्स दिल्ली, देहरादून, कानपुर, लखनऊ और आगरा में होंगे और फिल्म व टी वी जगत के नामचीन चेहरे निर्णायक मंडल में होंगे। शो के संरक्षक डॉक्टर मनीष सिंह सेंगर ने सभी को शुभकामनाएं दीं।

## लेखपाल की कार्यशैली से नजर पूर्व शिक्षक ने डीएम को दिया शिकायत पत्र

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। लेखपाल की कार्यशैली से आजिज पूर्व प्रधानाचार्य ने जिलाधिकारी से शिकायत कर लेखपाल के स्थानान्तरण कराए जाने की मांग की। तहसील बीघापुर मे तैनात लेखपाल अभिषेक सिंह काफी समय से कार्यरत है। ग्राम बाजितपुर निवासी पूर्व प्रधानाचार्य राज बख्श सिह ने जिलाधिकारी को दिए शिकायत पत्र मे बताया कि लेखपाल बिना पैसा लिए कोई कार्य नही करता है। जिससे सरकार व प्रशासन की छवि धूमिल हो रही है। लेखपाल का रूतबा इतना है कि अपने साथ चार पांच प्राइवेट कर्मचारी लेकर चलता है। उन्ही प्राइवेट कर्मचारियों से किसानों से अवैध वसूली करवाता है। लेखपाल कहता है कि खाता न बही जो। लेखपाल कहे वही सही की कार्यशैली पर काम करता हैं। जिससे जनता मे सरकार की छवि खराब हो रही है। उन्होंने जिलाधिकारी से भ्रष्ट लेखपाल के स्थानान्तरण कराए जाने की मांग की है।

## राष्ट्र को समर्पित हुआ 109 जैव संवर्धित एवं जलवायु अनुकूल किस्में

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। कृषि विज्ञान केंद्र धौरा में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा विकसित कुल 109 जैव संवर्धित एवं जलवायु अनुकूल किस्मों को प्रधानमंत्री के द्वारा राष्ट्र को समर्पित किए जाने का संजीव प्रसारण कार्यक्रम किया गया, जिसमे हसनगंज , औरास क्षेत्र ब्लाकों से कुल 55 कृषक एवं कृषक महिलाएं ने प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के द्वारा 61 फसलों के कुल 109 किस्में जिनमे 23 अनाज, 11 दाल, 4 गन्ना, 7 चारा फसल, 6 रेशे वाली फसल, 7 तिलहन फसलें, 3 कंदीय, 6 मशालें, 5 फूल, 4 औषधीय, 8 सब्जी, 8 फल, 8 वृक्षारोपण एवं 9 अन्य फसलों की किस्मों को राष्ट्र हेतु समर्पित किया गया। इस कार्यक्रम में सजीव प्रसारण के उपरांत केंद्र के प्रभारी डॉ धीरज कुमार तिवारी ने विकसित किस्मों के बारे में कृषकों के समक्ष संक्षिप्त में चर्चा किया साथ ही केंद्र के वैज्ञानिक पशुपालन सुनील सिंह ने विभिन्न जैव संवर्धित एवं जलवायु अनुकूल चारा फसलों के किस्मों में पोषक तत्वों की प्रचुर मात्रा तथा विपरित जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम किया जा सके व पशुओं स्वास्थ्य पर भी विस्तार पूर्वक चर्चा किया। तदोपरांत केंद्र के वैज्ञानिक अभियंत्रिकी इंजीनियर रमेश मौर्य ने कृषि के सिंचाई एवं यंत्र के संबंध संक्षिप्त वर्णन एवं चर्चा की। कार्यक्रम में ऑफिस स्टाफ शांतनु सिंह, जय कुमार यादव , अनुभव सिंह एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

# बंग्लादेश की सीमा पर कड़ी चौकसी करना बहुत जरूरी

बांग्लादेश में जिस तरह का घटनाक्रम हुआ, उसका भारत पर असर होना स्वाभाविक है। यह हमारे लिए चिंताजनक भी है। सबसे बड़ी बात तो यह कि पड़ोसी देश में एक तो हसीना वाजेद की सत्ता चली गई है, जो भारत की हमदर्द कही जाती थी, दूसरा यह कि जो लोग नई सरकार में आएंगे वे भारत के लिए कैसे रहने वाले हैं। इन दोनों बातों से भी ज्यादा गंभीर बात यह कि जब भी बांग्लादेश में अशांति होती है, भारी संख्या में वहां के लोग भारत में घुसपैठ कर जाते हैं। बांग्लादेश से लगे पश्चिम बंगाल, असम और त्रिपुरा यहां तक कि झारखंड जैसे राज्यों में भारी संख्या में बांग्लादेशी घुसपैठिए आ चुके हैं। जब गृह युद्ध के कारण 1971 में पाकिस्तान का विभाजन हुआ तो भारत को शरणार्थियों की मार झेलनी पड़ी। इसका सीधा असर हमारी अर्थव्यवस्था पर पड़ा। आप देखें कि देश में अगर 100 करोड़ लोगों के लिए खाद्यान हो और इसमें अचानक एक करोड़ की संख्या बढ़ जाए तो हालात कैसे होंगे। ऐसा ही बांग्लादेश के गठन के दौरान भी हुआ। इस बार भी वैसा ही होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। इसके अलावा फिलहाल बांग्लादेश की सत्ता सेना और पाकिस्तान समर्थक जमाते इस्लामी के नेताओं के पास चली गई नजर आ रही है। अनेक कारण हैं कि वहां कोई भी सरकार हो, सीधे-सीधे भारत का विरोध झेलने की स्थिति में नहीं होगी, लेकिन नेपाल का उदाहरण हम देख चुके हैं। चीन की कठपुतली सरकार किस तरह से परेशानी खड़ी कर रही थी। मानकर चलना चाहिए कि अब बांग्लादेश की नई सरकार भी भारत को सिरदर्द देने वाली है। इस वजह से पूर्वोत्तर के प्रदेशों में भी अशांति हो सकती है। भारत को सतर्क रहना होगा तथा सीमा को यथासंभव सील करना पड़ेगा। केंद्र सरकार ने इसके प्रयास पहले से ही शुरू कर दिए हैं। सीमा पर बीएसएफ को सतर्क कर दिया गया है। दरअसल, बांग्लादेश में पिछले महीने, सरकारी नौकरियों में आरक्षित कोटा के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे छात्र समूहों द्वारा की गई हिंसा में कम से कम सैकड़ों लोग मारे गए और हजारों लोग घायल हुए। सरकारी नौकरियों में कोटा प्रणाली को लेकर बांग्लादेश में शांतिपूर्ण छात्र विरोध प्रदर्शन के रूप में जो शुरू हुआ वह प्रधानमंत्री शेख हसीना और उनकी सत्तारूढ़ अवामी लीग पार्टी के खिलाफ विद्रोह में बदल गया। सेना ने भी प्रदर्शनकारियों का साथ दिया और सत्ता की कमान अपने हाथ में ले ली। पीएम हसीना ने देश छोड़कर भारत में शरण ली। असल में वहां प्रतिबंधित जमात-ए-इस्लामी की छात्र शाखा जो पाकिस्तान की आईएसआई द्वारा समर्थित संगठन है, आंदोलन के पीछे काम कर रहा था। जिससे विरोध की आग पूरे देश में फैल गई। दरअसल, बांग्लादेश में पिछले तीन वर्षों के दौरान बेरोजगारी बढ़ी है। इसी वजह से युवाओं में असंतोष है। पाकिस्तान समर्थित संगठनों ने इसी असंतोष को हवा दी और सेना ने पहले तो सत्ता पर कब्जा कर लिया और बाद में अंतरिम सरकार के गठन का ऐलान कर दिया। उसके बाद से बांग्लादेश में हिंसा का दौर जारी है। इसी हिंसा और राजनीतिक उथल-पुथल के बीच बीएसएफ ने भारत में घुसने की कोशिश कर रहे करीब 1500 बांग्लादेशियों को रोका है। इनमें से एक हजार लोग बिहार और 500 लोग पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी के रास्ते भारत आ रहे थे। अभी आगे भी इसी तरह की अनेक कोशिशें सामने आएंगी। ऐसे में बहुत जरूरी है कि सुरक्षा बल सतर्क रहें। इनमें केवल बांग्लादेशी ही नहीं, कुछ देश विरोधी तत्व भी घुसपैठ का प्रयास कर सकते हैं। बांग्लादेश की हलचल पर भारत की पैनी नजर जरूरी है।



**बांग्लादेश**

योगेश कुमार सोनी

# अंतरिम सरकार पर टिकी नजर


> चीन, जो पहले से पाकिस्तान व श्रीलंका को आर्थिक गुलाम बना चुका है, वह अब बांग्लादेश को किसी भी हद तक जाकर अपने कब्जे में करने का प्रयास करेगा। वहीं दूसरी ओर अमेरिका भी अपने वर्चस्व के चलते बांग्लादेश को अपने प्रभाव में लेने से पीछे नहीं रहेगा। वहां जनता चाहे उसमें विद्यार्थी हों या इस्लामिक कट्टरपंथी, उनको लगा कि उन्होंने शेख हसीना का विरोध करके यहां देश से भगाकर कोई बड़ी जंग जीत ली, तो वह एक बहुत बड़ी गलतफहमी में हैं, चूंकि अब उनको आने वाले समय में गुलामी की जिंदगी व्यतीत करनी पड़ सकती है। चुनी हुई सरकार के बिना जो भी देश चला है, वहां की जनता कभी खुश नहीं रही।

बांग्लादेश में जो कुछ हो रहा है उसकी शुरुआत कुछ समय पहले हो चुकी थी। सरकारी नौकरियों में आरक्षण की व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर बांग्लादेश के तमाम शहरों में पिछले कुछ हफ्तों से विरोध-प्रदर्शन हो रहे थे लेकिन विरोध की आड़ में प्रदर्शन करते-करते उपद्रवियों ने हिंसा का बड़ा रूप दे दिया। इस मामले को लेकर स्वयं शेख हसीना ने कहा कि विरोध प्रदर्शन छात्रों द्वारा नहीं बल्कि 'आतंकवादियों द्वारा आयोजित किया जा रहा है जो देश को अस्थिर करना चाहते हैं।'

दरअसल, दुनिया के अधिकतर लोगों को हिंसा के सही कारण नहीं पता चूंकि वह हिंसा व प्रदर्शन में अंतराल नहीं समझ पा रहे। मामला यह है कि बांग्लादेश साल 1971 में स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में अस्तित्व में आया। वर्ष 1972 में इसे बतौर देश मान्यता मिली थी। 1972 में तत्कालीन सरकार ने मुक्ति संग्राम में हिस्सा लेने वाले स्वतंत्रता सेनानियों और उनके वंशजों को सरकारी नौकरियों में 30 फीसदी आरक्षण देने का प्रावधान किया था। लेकिन इसका लगातार विरोध हो रहा था तो वर्ष 2018 में सरकार ने इस व्यवस्था को खत्म कर दिया था। हालांकि इस साल जून में हाईकोर्ट के फैसले ने इस आरक्षण प्रणाली को खत्म करने के फैसले को गैर कानूनी बताते हुए इसे दोबारा लागू कर दिया था। हाईकोर्ट के फैसले के बाद बांग्लादेश में बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए। शेख हसीना सरकार ने इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की थी।

सर्वोच्च न्यायालय के ताजा निर्णय में, यह निर्धारित किया गया कि अब केवल पांच फीसदी नौकरियां स्वतंत्रता सेनानियों के वंशजों के लिए आरक्षित होंगी। इसके अलावा दो फीसदी नौकरियां अल्पसंख्यकों या दिव्यांगों के लिए आरक्षित होंगी। वहीं बाकी बचे पदों के लिए अदालत ने कहा कि ये योग्यता के आधार पर उम्मीदवारों के लिए खुले होंगे। यानी 93 फीसदी भर्तियां अनारक्षित कोटे से होंगी। अब इस मामले में अगली सुनवाई सात अगस्त को होनी थी, लेकिन इससे पहले विरोध प्रदर्शन भड़क उठे। सरकार के इस्तीफे की मांग करने वाले प्रदर्शनकारियों और सरकार समर्थक लोगों के बीच भीषण झड़पें हुईं। प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री शेख हसीना के बातचीत के न्योते को भी ठुकरा दिया था। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस थानों, पुलिस चौकियों, सत्तारूढ़ पार्टी के कार्यालयों और उनके नेताओं के घरों पर हमला किया और कई वाहनों को आग के हवाले कर दिया। यह अब छात्रों का आंदोलन न होकर कट्टर इस्लामिक पंथियों का आंदोलन बन गया। हक की लड़ाई वर्चस्व की जंग में बदल गई। कट्टरपंथियों ने इस आड़ में बांग्लादेश में रह रहे हिंदुओं पर अत्याचार करना शुरू कर दिया। मंदिरों पर हमला, साधुओं की हत्या के अलावा हिंदुओं की दुकानों को जमकर लूटा। लड़कियों व औरतों के साथ रेप जैसी घटनाएं भी सामने आ रही हैं। दरअसल, बांग्लादेश पर चीन, पाकिस्तान व अमेरिका जैसे देशों की निगाह बहुत लंबे समय से थी।

बीते बुधवार एक खुलासा हुआ, जिसमें अमेरिका ने हिंद महासागर में स्थित एक ऑस्ट्रेलियाई द्वीप समूह पर



मिलिट्री बेस स्थापित करने की योजना बनाई है। यह द्वीप समूह मलक्का जलडमरूमध्य के पास स्थित है। इस जलडमरूमध्य से होकर चीन के आधे से अधिक तेल का आयात होता है। अमेरिका यहां से चीनी पनडुब्बियों की भी निगरानी कर सकता है। जैसे ही बांग्लादेश में हिंसा हुई उस दौरान ही यह बात सामने आई।

अमेरिका, भारत के पूर्वी इलाके में भी एक ठिकाना चाहता है जिससे थाईलैंड व हिंद प्रशांत में अपनी निगरानी रख सके। इस हिंसा को मात्र विद्यार्थियों का विरोध प्रदर्शन नहीं माना जा रहा। इसके पीछे एक बड़ी साजिश का खुलासा होना बाकी है। मामला चाहे कुछ भी हो लेकिन अंतरिम सरकार बनने के बाद दृश्य कैसा होगा। इतनी बड़ी राजनीतिक अस्थिरता के बीच अंतरिम सरकार के कार्यवाहक के तौर पर नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस ने शपथ ग्रहण की है। यह कोई पूर्णकालिक सरकार नहीं है, बल्कि अस्थायी तौर पर काम करेगी। हालांकि इस अंतरिम सरकार को लेकर अभी कई संवैधानिक सवाल भी खड़े होने लगे हैं।

पहले ऐसी सरकार चलाने के लिए संविधान में संशोधन करना पड़ गया था। तमाम तकनीकी पहलुओं से सरकार को गुजरना पड़ेगा, चूंकि जनता के बिना सरकार का चुने जाना कितना कारगर सिद्ध हो सकता है। यह अभी साफ नहीं। स्पष्ट है कि इस समय वहां की जनता ने जो देश का हाल किया है, क्या वह मोहम्मद यूनुस की संचालन प्रक्रिया को मानेगी और क्या कोर्ट के दिशा-निर्देशों के साथ काम होगा। इसके अवाला, सबसे बड़ी व अहम चुनौती यह है कि अब बांग्लादेश की पड़ोसी व काम से संबंधित देश से रिश्ते व व्यापार कैसे चलेगा ? जैसा कि शेख हसीना के भारत से रिश्ते हमेशा बेहतर रहे हैं और इसका सबसे बड़ा प्रमाण यह भी रहा कि वह 57 इस्लामिक राष्ट्र को छोड़कर भारत में शरण ले रही है। तो इस आधार पर क्या भारत अब बांग्लादेश से व्यापारिक संबंध बनाए रखेगा? जानकारी दे दी जाए कि भारत से बांग्लादेश में हर वर्ष दस हजार करोड़ के ऑटो पार्ट्स जाते हैं। भारत बांग्लादेश का सबसे बड़ा ट्रेड साझेदार है। यहां से होने वाले निर्यात पर बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था निर्भर है, जनजीवन निर्भर है।

ऐसे समझिए कि वहां की ऑटो पार्ट्स इंडस्ट्री भारत से ही चलती है व इसके अलावा कई तरह की वस्तुओं का बड़े स्तर पर आयात-निर्यात होता है। व्यापार से अलग चीन, जो पहले से पाकिस्तान व श्रीलंका को आर्थिक गुलाम बना चुका है, वह अब बांग्लादेश को किसी भी हद तक जाकर अपने कब्जे में करने का प्रयास करेगा। वहीं दूसरी ओर अमेरिका भी अपने वर्चस्व के चलते बांग्लादेश को अपने प्रभाव में लेने से पीछे नहीं रहेगा। वहां जनता चाहे उसमें विद्यार्थी हों या इस्लामिक कट्टरपंथी, उनको अगर लगा है कि उन्होंने शेख हसीना का विरोध करके यहां देश से भगाकर कोई बड़ी जंग जीत ली, तो वह एक बहुत बड़ी गलतफहमी में हैं चूंकि अब उनको आने वाले समय में अलग तरह की आर्थिक गुलामी की जिंदगी व्यतीत करनी पड़ सकती है। चूंकि इतिहास गवाह है कि जब-जब और जिस-जिस देश में भी चुनी हुई सरकार के बिना देश चला है, वहां की जनता कभी खुश नहीं रही। अपराध पर कोई अंकुश नहीं होता और अंकुश लगा भी दो तो कोई सजा नहीं होती। जैसा बांग्लादेश की जनता ने वर्तमान में अपना शक्ति प्रदर्शन दिखाया है, उससे तो कोई भी समझदार देश उसके साथ संधि नहीं कर सकता। कट्टरता व पागलपन ने वहां के लोगों को इतना पागल कर दिया कि उन्होंने अपने देश के मुखिया का ही इस तरह बहिष्कार किया है कि मानवता के आधार पर इस राष्ट्र से कोई संबंध नहीं रखना चाहेगा। फिलहाल तो देखना यह है कि इन हालात में शपथ ग्रहण करने वाली अंतरिम सरकार क्या निर्णय लेगी और बांग्लादेश को किस राह पर लेकर जाएगी।

**पड़ोस**

कैलाश विजयवर्गीय




# फिर से बुरे दौर में बांग्लादेश

यह तो जगजाहिर हो गया है कि पड़ोसी देश बांग्लादेश में एक बार फिर से बुरा दौरा लाने में चीन और पाकिस्तान की भूमिका रही है। बगावत के कारण शेख हसीना के देश छोड़ने और अंतरिम सरकार बनने के बाद बांग्लादेश के हालत जल्दी ही ठीक होने के आसार भी नहीं दिखाई दे रहे हैं। खासतौर पर जिस पर तरह हिन्दुओं को निशाना बनाया जा रहा है, वह बहुत चिंताजनक है। चीनी शिकंजे में जकड़ने और पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई और उसकी सहायता पर पलने वाला जमायत-ए-इस्लामी का असर बढ़ने के बाद बांग्लादेश में शांति स्थापित होने में बहुत समय लग सकता है। जमायत-ए- इस्लामी की छात्र शाखा ने ही बांग्लादेश में विरोध प्रदर्शन करके हालात बिगाड़े थे। यह भी सामने आया है कि आईएसआई जमायत-ए-इस्लामी को आर्थिक सहायता करता रहा है। आईएसआई जमायत-ए-इस्लामी के जरिये बांग्लादेश को भारत विरोधी केंद्र यानी चीन का अड्डा बनाने में लगी है। जिस तरह से अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी सहित कई देशों ने बांग्लादेश की हालत पर चिंता जताई है, चीन पूरी तरह खामोश बैठा है। कुछ दिनों में यह भी खुलासा हो जाएगा कि आखिर चीन ने बांग्लादेश में ऐसे हालत क्यों पैदा कराए।

चीन पिछले लंबे से चुपचाप अपने छात्रों को बांग्लादेश में पढ़ाई के नाम भेज रहा था। चीन के छात्र लंबे समय से पढ़ाई के नाम पर सक्रिय होकर शेख हसीना की सरकार के खिलाफ काम कर रहे थे। छात्रों के विरोधी आंदोलन को चीन और पाकिस्तान ने लगातार बढ़ावा दिया। बांग्लादेश की सेना पर भी चीन और पाकिस्तान का असर दिखाई दिया। चीन ने बांग्लादेश के छात्रों को भी अपने यहां बुलाकर प्रशिक्षण दिया। पिछले छह वर्षों में लगभग 47 हजार छात्र बांग्लादेश से चीन पढ़ने गए। इन सबके माध्यम से ही बांग्लादेश में अराजकता फैलाई गई। 15 वर्ष से सत्ता संभाल रही पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना मिशन एजुकेशन और स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोगाम के पीछे चीन के इरादों को नहीं भांप सकी। इस दौरान भारत की तरफ से कई बार चिंता भी जताई गई। बांग्लादेश में चीन ने इतना शिकंजा कस दिया था कि वहां के ज्यादातर छात्रों की चीन में पढ़ने और नौकरी करने की दिलचस्पी बढ़ गई थी। चीन ने अपनी शिक्षा नीति को बांग्लादेश के लिए आसान बना दिया था। मेडिकल की पढ़ाई को भी बांग्लादेशी छात्रों के लिए आसान बना दिया गया। भारत के नजदीकी इलाकों में चीन ने निवेश भी खूब किया। इस काम में बांग्लादेश की बैंक ने भी छात्रों की भी पूरी सहायता की। बांग्लादेश बैंक ने चीन में पढ़ने वालों छात्रों की फीस भी चुकाई। इससे पहले पाकिस्तान और श्रीलंका में भी चीन ने ऐसे हालात पैदा किए थे। पाकिस्तान को भी चीन ने महंगाई के विरोध प्रदर्शन करके हालात बिगाड़े थे। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था भी चीन के कारण बिगड़ी थी। इसी तरह श्रीलंका में भी चीन ने विरोध प्रदर्शन कराए। श्रीलंका में भी प्रदर्शनकारी राष्ट्रपति भवन में घुस गए थे। पाकिस्तान और श्रीलंका को भी चीन ने कर्ज देकर फंसाया था। इसी तरह का खेल बांग्लादेश में खेला गया। चीन द्वारा श्रीलंका को आर्थिक मदद से मना करने पर भारत ने सहायता की।

शेख हसीना की 10 जुलाई को चीन यात्रा से पहले बांग्लादेश में सबकुछ ठीक था। शेख हसीना ने चीन यात्रा के दौरान 21 समझौतों पर दस्तखत किए। निवेश के अलावा रोहिंग्या मसले पर भी बातचीत हुई। शेख हसीना को 14 जुलाई को तय वापसी एक दिन देश लौटना पड़ा। चीन ने शेख हसीना को 20 बिलियन डॉलर मदद का वायदा किया था पर केवल एक बिलियन डॉलर मदद देने की घोषणा की। चीन की यात्रा से पहले हसीना की पार्टी के महासचिव ने भारत को राजनीतिक मित्र और चीन को विकास में भागीदार बताया था। तत्कालीन विदेश मंत्री ने कहा था कि भारत को इस यात्रा पर कोई एतराज नहीं है। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी ने इस बयानों की आलोचना की और कहा कि यह भारत का असर है। चीन की चिढ़ने की यह बड़ी वजह बताई गई। भारत और बांग्लादेश के बीच स्थिति सामान्य होने के बाद व्यापार फिर से शुरु होने की बात कही गई है। दो साल पहले भारत का निर्यात बांग्लादेश को 12.21 अरब अमेरिकी डॉलर था। यह पिछले साल 11 अरब डॉलर हो गया था।

# मुंह के मौन से ज़्यादा ज़रूरी 'मन का मौन'



संकलित

**दर्शन**

हम सभी मनुष्य जन्मते ही अपना मुख चलाना शुरू कर देते हैं, जिसका प्रमाण है जन्म लेते ही शिशु का रोना। बोलना हमारी स्वाभाविक क्रिया है, जो हमें करनी ही पड़ती है। यह बात और है कि कभी-कभी बाहर के शोर में हम इतने खो जाते हैं कि ईश्वर का स्वर हमें सुनाई ही नहीं पड़ता। इसीलिए ही महापुरुषों से हमें एक उत्तम राय मिलती है कि सप्ताह में या माह में एक दिन अवश्य मौन रहें, परंतु हम मुख को तो बंद कर लेते हैं, परंतु हमारे मन का बोलना बंद नहीं हो पाता। इसलिए ही तो अधिकतर डाक्टर सभी मरीजों को कहते हैं कि 'अपने मन को ज्यादा नहीं चलाओ।' अर्थात 'मन का मौन' करो। कहते हैं कि बिना हड्डी की जीभ जब बोलने लगती है, तो कइयों की हड्डियां तोड़ देती है। इसीलिए तो हमें यह बचपन से सिखाया जाता है कि पहले सोचो फिर बोलो, क्योंकि जैसे कमान से निकला हुआ तीर वापस नहीं आता, ठीक उसी तरह मुख से निकला हुआ वचन भी वापस नहीं लिया जा सकता। इसका सबसे श्रेष्ठ उदहारण है महाभारत की कथा, जिससे हमें यह सीख मिलती है कि कैसे एक जुबान के फिसलने से संकटकाल का निर्माण हो गया। इसीलिए 'कम बोलें-धीरे बोलें-मीठा बोलें।' हम जब भी कुछ बोलें तो हमारे वचन दूसरों के लिए सुखदायी हों, न कि कांटा चुभाने वाले दुखदायी। संसार में ऐसे अनेक लोग हैं जिन्होंने कटु वचन बोलने के संस्कार के कारण अपने संबंधों में खटास पैदा कर ली है। इसलिए हमें सदैव सही समय और सही जगह पर सही शब्द का प्रयोग करना चाहिए।

# अपनी गठरी टटोलें



संकलित

**प्रेरणा**

दो आदमी यात्रा पर निकले! दोनों की मुलाकात हुई, दोनों का गंतव्य एक था तो दोनों यात्रा में साथ हो चले। सात दिन बाद दोनों के अलग होने का समय आया तो एक ने कहाः भाई साहब! एक सप्ताह तक हम दोनों साथ रहे क्या आपने मुझे पहचाना? दूसरे ने कहाः नहीं, मैंने तो नहीं पहचाना। पहला यात्री बोलाः महोदय मैं एक नामी ठग हूँ परन्तु आप तो महाठग हैं। आप मेरे भी गुरू निकले। दूसरा यात्री बोलाः कैसे? पहला यात्रीः कुछ पाने की आशा में मैंने निरंतर सात दिन तक आपकी तलाशी ली, मुझे कुछ भी नहीं मिला। इतने दिन साथ रहने के बाद मुझे यह पता है आप बहुत धनी व्यक्ति हैं और इतनी बड़ी यात्रा पर निकले हैं तो ऐसा कैसे हो सकता है कि आपके पास कुछ भी नहीं है? बिल्कुल खाली हाथ हैं! दूसरा यात्रीः मेरे पास एक बहुमूल्य हीरा है और थोड़ी-सी रजत मुद्राएं भी है। पहला यात्री बोलाः तो फिर इतने प्रयत्न के बावजूद वह मुझे मिले क्यों नहीं? दूसरा यात्रीः मैं जब भी बाहर जाता, वह हीरा और मुद्राएं तुम्हारी पोटली में रख देता था और तुम सात दिन तक मेरी झोली टटोलते रहे। अपनी पोटली सँभालने की जरूरत ही नहीं समझी। तो फिर तुम्हें कुछ मिलता कहाँ से! ईश्वर नित नई खुशियाँ हमारी झोली में डालते हैं परन्तु हमें अपनी गठरी पर निगाह डालने की फुर्सत ही नहीं है, यही सबकी मूलभूत समस्या है। जिस दिन से इंसान दूसरे की ताकझाख बंद कर देगा उस क्षण सारी समस्या का समाधान हो जाएगा। अपनी गठरी टटोलें! जीवन में सबसे बड़ा गूढ मंत्र है स्वयं को टटोले और जीवन-पथ पर आगे बढ़े सफलताएं आप की प्रतीक्षा में है।

## अंतर्मन




## आज की पाती


### हथकरघा को और बढ़ावा मिले

सात अगस्त को हमारे देश में हर वर्ष की भांति राष्ट्रीय हथकरघा अर्थात हैंडलूम दिवस मनाया गया। वर्ष 1905 में जब अंग्रेजी शासक लार्ड कर्जन ने बंगाल विभाजन की कोशिश की, तो उसी समय कोलकाता के टाउनहॉल में हमारे देश के लोगों ने स्वदेशी आंदोलन का श्रीगणेश किया था। इस कारण भी यह दिवस 7 अगस्त को मनाया जाता है। हथकरघा हमारे देश की सभ्यता और संस्कृति की एक पहचान भी है। इनमें हमारे देश के इतिहास की झलक देखने को मिलती है। केंद्र सरकार देश में स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए हमेशा तत्पर रहती है। इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 7 अगस्त 2015 को इस दिवस को मनाने का ऐलान किया था, ताकि देश में हथकरघा उत्पादों और इसके जरिए रोजी-रोटी चलाने वाले लोगों को प्रोत्साहित किया जाए। देश में हथकरघा को और बढ़ावा देने की जरूरत है। *-विनीत देवागन, रायपुर*

## करंट अफेयर

# टेलर स्विफ्ट के कार्यक्रम में हमले की साजिश नाकाम


अमेरिकी गायिका टेलर स्विफ्ट के इस हफ्ते होने वाले तीन संगीत समारोह को हमले की साजिश का पता चलने के बाद रद्द कर दिया गया है तथा इस्लामिक स्टेट समूह से संबंधित दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है। ऑस्ट्रिया के गृह मंत्रालय में जन सुरक्षा निदेशक फ्रांज रुफ ने बताया कि 19 वर्षीय मुख्य संदिग्ध के घर से रासायनिक पदार्थ और तकनीकी उपकरण मिले हैं। सरकारी प्रसारक 'ओआरएफ' के 'ओई1' कार्यक्रम में रुफ ने बृहस्पतिवार को कहा कि जांचकर्ता संदिग्ध के घर से जब्त किए गए सबूतों का मूल्यांकन कर रहे हैं।



## ऑफ बीट

# बच्चों का स्क्रीन टाइम करता है स्वास्थ्य को प्रभावित

यदि आप माता-पिता हैं, तो आप सबसे अधिक चर्चित पेरेंटिंग विषयों में से एक से अच्छी तरह परिचित होंगे जो है स्क्रीन टाइम और बच्चे। एक ओर, स्क्रीन टाइम बच्चों को सीखने, रचनात्मकता विकसित करने और सामाजिक संपर्क और कनेक्शन का समर्थन करने में मदद करता है। लेकिन बहुत अधिक स्क्रीन टाइम आपके बच्चे पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है – न केवल उनके विकास पर बल्कि उनके शारीरिक स्वास्थ्य पर भी।



तो स्क्रीन टाइम वास्तव में आपके बच्चे के शारीरिक स्वास्थ्य पर कैसे प्रभाव डालता है? और आप स्क्रीन के साथ सकारात्मक संबंध विकसित करने में उनकी मदद कैसे कर सकते हैं?

## ट्रेंड

### हार्दिक संवेदनाएं

पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री बुद्धदेव भट्टाचार्य जी के निधन से गहरा दुख हुआ। उनके परिवार और प्रशंसकों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं। भगवान उन्हें यह दर्द सहने की शक्ति दे.' शांति शांति शांति।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री



### वक्फ पर जल्दबाजी नहीं

आज संसद में पेश वक्फ (संशोधन) विधेयक पर जिस प्रकार से इसको लेकर संदेह, आशंकाएं व आपत्तियाँ सामने आयी हैं, उसके मद्देनजर इस बिल को बेहतर विचार के लिए सदन की स्थायी (स्टैण्डिंग) समिति को भेजना उचित। ऐसे संवेदनशील मुद्दों पर सरकार अगर जल्दबाजी न करे तो बेहतर।

- मायावती, बसपा प्रमुख



### मुसलमानों के दुश्मन

वक्फ संशोधन विधेयक, 2024 मुल्क को बांटने के लिए लाया गया है, जोड़ने के लिए नहीं। आप मुसलमानों के दुश्मन हैं, ये बिल इस बात का सबूत है।

-असदुद्दीन औवेसी
एआईएमआईएम चीफ



### हर युग बनाता है सशक्त

जब ट्रैक्टर आए, तो लोगों ने सोचा कि किसान बेकार हो जाएंगे। जब कंप्यूटर आए तो सभी ने सोचा कि इंजीनियरों की जरूरत नहीं होगी। इसी तरह डिजिटल के साथ, लेकिन हर युग हमें सशक्त बनाता है, और हमारी उत्पादकता बढ़ाता है।

-शेखर कपूर, फिल्म निर्माता



## संक्षेप

### सिद्धार्थनगर में यातायात पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान

**55 वाहनों का चालान कर वसूला 60500 शमन शुल्क**

सिद्धार्थनगर, सिद्धार्थनगर में यातायात पुलिस द्वारा श्रावण मास में कावड़ यात्रा के दृष्टिगत रुट डायवर्जन/ बैरियर चेकिंग ड्यूटी में लगे कर्मचारियों की ब्रीफिंग की गई। दो पहिया वाहन पर तीन सवारी व बिना हेलमेट वाहन चलाना, सड़कों के किनारे अवैध रूप से खड़े वाहनों के खिलाफ विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। साथ ही यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। जिससे होने वाली सड़क दुर्घटनाओं की संख्या मे भारी कमी लाई जा सके। एसपी प्राची सिंह के आदेश के अनुपालन के क्रम में एएसपी सिद्धार्थ के निर्देशन में सीओ यातायात सुजीत राय के कुशल पर्यवेक्षण में ड्यूटी के संबंध में ब्रीफ किया। प्रभारी यातायात अमरेश कुमार व टीम ने श्रावण मास के दृष्टिगत रुट डायवर्जन, बैरियर चेकिंग ड्यूटी पर लगे सभी कर्मचारीगण को ब्रीफ किया गया। उच्चाधिकारी ने प्राप्त आदेश-निर्देश से अवगत कराया गया। प्रत्येक दशा में वाहन चालकों से सहयोगात्मक एवं विनम्रतापूर्वक व्यवहार करने के लिए प्रेरित किया गया। माधव तिराहा, बांसी/बांसी मार्किट, लोहरौली बॉर्डर, डिडई आदि स्थानों पर पीए सिस्टम से आम जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही बांसी कस्बे में अवैध अतिक्रमण हटवाया गया। सड़कों के किनारे अवैध रूप से खड़े बड़े वाहनों को जिनसे दुर्घटना की प्रबल संभावना व जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही थी।

### सिद्धार्थनगर डीएम ने मिनी औद्योगिक स्थल का किया निरीक्षण

**जेई के गैरमौजूद होने पर लगाई फटकार, अधिकारियों को दिया निर्देश**

सिद्धार्थनगर, सिद्धार्थनगर के डीएम डा. राजा गणपति आर ने रंगरेजपुर मिनी औद्योगिक स्थान, तहसील डुमरियागंज में विद्युत, सड़क और बाउंड्री वॉल से संबंधित कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान, उन्होंने उद्यमियों से बातचीत की और उनकी समस्याएं सुनीं। विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता ने बताया कि विद्युत स्थापन से संबंधित कार्य के लिए 55 लाख रुपए की स्वीकृत राशि में से 17 लाख रुपए प्राप्त हुए हैं, और टेंडर की प्रक्रिया में हैं। डीएम ने पूरे 55 लाख रुपए का टेंडर करते हुए 30 सितंबर तक कार्य पूरा करने के निर्देश दिए हैं। सड़क और बाउंड्री वॉल का कार्य यूपी एस आई सी संस्था कानपुर द्वारा किया जा रहा है।

वर्तमान में, कार्य बंद होने और यूपीएसआईसी के अवर अभियंता की अनुपस्थिति के कारण डीएम ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने फोन पर निर्देशित किया कि कार्य को शीघ्र और समय पर पूरा किया जाए। निरीक्षण के दौरान, डीएम ने उपायुक्त उद्योग से रंगरेजपुर मिनी औद्योगिक स्थान की जानकारी प्राप्त की। उपायुक्त उद्योग ने बताया कि इस मिनी औद्योगिक क्षेत्र का क्षेत्रफल 2.7 एकड़ है, जिसमें कुल 48 भूखंड हैं।

## हजारों की संख्या में जलाभिषेक को बुढ़वा बाबा पहुंचे शिव भक्त

- प्रधान प्रतिनिधि मनोज कुमार के नेतृत्व में हजारों शिव भक्तों ने किया जलाभिषेक
- श्री बूढेश्वर नाथ नवयुवक कांवरिया संघ के बैनर तले बुढ़वा बाबा पहुंचे शिव भक्त

**अमन लेखनी समाचार/मिथिलेश जायसवाल**



मोतीपुर, बहराइच। तहसील मिहींपुरवा क्षेत्र के थाना खैरीघाट क्षेत्र के रामपुर धोबिया हार में स्थित बाबा बूढेश्वर नाथ धाम बुढ़वा बाबा में जलाभिषेक करने के लिए थाना मोतीपुर क्षेत्र के राजापुर कला, रतहिया, भज्जापुरवा ,चोरपुरवा, गौढ़ी, दखिनहनपुरवा सहित कई अन्य गाँव के शिव भक्त श्री बूढेश्वर नाथ नवयुवक कांवरिया संघ के अध्यक्ष मनोज कुमार के नेतृत्व में जलाभिषेक करने पहुंचे। इस दौरान रामपुर धोबिया सड़क मार्ग भगवा मय दिखा। श्री बूढेश्वर नाथ नवयुवक कांवरिया संघ राजापुर कला के बैनर तले कांवरियों का जत्था सावन के चौथे सोमवार को जलाभिषेक करने के लिए शुक्रवार को लगभग 50 ट्रालियों से कैलाशपुरी गिरजापुरी के लिए रवाना हुआ था जो जल भरकर के वापस बुढ़वा बाबा के लिए रवाना हुआ। कैलाशपुरी से गंगापुर अमृतपुर मिहींपुरवा बाजार होते हुए रामपुर धोबिया मार्ग से रविवार देर शाम बोल बम के नारे के साथ कांवरियों का जत्था बुढ़वा बाबा मंदिर पहुंचा जहां रात 12 बजे के बाद शिव भक्त बुढ़वा बाबा में जलाभिषेक करेंगे। कैलाशपुरी से जल भरकर बुढ़वा बाबा पहुंचने वाले शिव भक्त नंगे पांव बिना जूता चप्पल पहने लगभग 90 किलोमीटर पैदल की यात्रा करते हैं। यात्रा के दौरान बहुत से शिव भक्तों के पैरों में छाले तक पड़ जाते हैं लेकिन शिव की भक्ति और शक्ति के सामने भक्तों पर कोई फर्क नहीं पड़ता है और मस्त यात्रा करते हुए मंदिर पहुंच कर जलाभिषेक करते हैं। श्री बूढेश्वर नाथ नवयुवक कांवरिया संघ राजापुर कला के अध्यक्ष व प्रधान प्रतिनिधि मनोज कुमार ने बताया कि बुढ़वा बाबा की शक्ति की ही देन है कि प्रत्येक वर्ष हम लोग 90 किलोमीटर की पैदल यात्रा करते हुए गिरजापुरी से बुढ़वा पहुंचकर जलाभिषेक करते हैं। उन्होंने बताया कि बुढ़वा बाबा से मांगी हुई मनोकामना की पूर्ति होती है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी हमारे साथ हजारों की संख्या में शिव भक्तों का जत्था जलाभिषेक के लिए मंदिर पहुंच रहा है।उपाध्यक्ष रामस्वरूप वर्मा कोषाध्यक्ष अजय कुमार, महामंत्री सोनू वर्मा आदि ने भी बुढ़वा बाबा की शक्ति का बखान करते हुए कहा कि कई वर्षों से हम लोग पैदल यात्रा करते हुए जलाभिषेक करने जाते हैं बुढ़वा बाबा की कृपा है जो मनचाहा फल प्राप्त होता है। इस दौरान कावड़ यात्रा में हजारों की संख्या में शिव भक्त मंदिर पहुंचे।

## दंगल प्रतियोगिता मे गोरखपुर के पहलवानो का रहा दबदबा

**पहलवानों का दांव पेंच देखकर दंग रह गये दर्शक**

**अमन लेखनी समाचार**



कैसरगंज, बहराइच। कैसरगंज के ग्राम पंचायत कुरसंडा में आयोजित कुश्ती ( दंगल ) प्रतियोगिता में भाजपा पिछड़ा वर्ग के जिला उपाध्यक्ष कौशलेंद्र चौधरी ने पहलवानों का हाथ मिलवाकर प्रतियोगिता की शुरूआत की। यह कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों में खेल और पारंपरिक खेलों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। दंगल में विभिन्न प्रान्तो से आये पहलवानो ने हिस्सा, जिन्होंने अपनी कुश्ती कला का प्रदर्शनकर दर्शको के अन्दर रोमांच पैदा कर दिया। इस अवसर पर श्री चौधरी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम ग्रामीण युवाओं को स्वस्थ और सक्रिय जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने ग्रामीण खेलों के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि ये खेल न केवल शरीर को मजबूत बनाते हैं, बल्कि आपसी भाईचारा और सहयोग की भावना को भी बढ़ावा देते हैं।दंगल में प्रखर पहलवान, गौरव पहलवान गोरखपुर व राजू यादव पहलवान बनारस, ननकू पहलवान कुरसण्डा आदि के बीच रोमांचक कुश्ती देखने को मिली।ज्यादातर कुश्तियॉ बराबरी पर रही। दंगल मे गोरखपुर के पहलवानो का दबदबा कायम रहा। इस मौके पर अवधेश वर्मा, बाबा खरचूदास,शिव गोविंद सिंह पहलवान, डा0 सरन, आदि मौजूद रहे।कार्यक्रम के अंत में विजेता पहलवानो को नगद पुरस्कार के साथ प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## डीएफओ ने भरथापुर के 150 ग्रामीणों को वितरित किया राशन किट

**अमन लेखनी समाचार**

बहराइच। कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग क्षेत्र के एक गांव में डीएफओ के द्वारा बाढ़ पीड़ितों को 150 राशन की किट वितरित की गई जिसे पाकर ग्रामीणों के चेहरे खिल उठे। जनपद मुख्यालय से 130 किलोमीटर दूर कतर्नियाघाट वन्य जीव विहार के गेरुवा एवं कौड़ियाला नदी के मध्य अत्यन्त दुर्गम क्षेत्र में बसे राजस्व ग्राम भरथापुर जो कि वषार्काल में पूरे क्षेत्र में जल भराव हो जाने के कारण आवागमन बाधित हो जाता है । जिसके दृष्टिगत प्रभागीय वनाधिकारी बी शिव शंकर के प्रयास से विश्व प्रकृति निधि-भारत से 150 राशन किट प्राप्त हुआ डीएफओ जिसे बी शिव शंकर ने ग्राम भरथापुर पहुंच कर 150 राशन किट बाढ़ प्रभावित भरथापुरवासियों को वितरित किया। राशन किट पाकर ग्रामीणों के चेहरे खिल उठे ।ग्रामीणों ने वन विभाग का आभार जताते हुए प्रसन्नता जाहिर की। डीएफओ बी शिव शंकर ने बताया कि विश्व प्राकृतिक निधि संगठन के द्वारा 150 राशन की किट प्राप्त हुई थी जिसे ग्रामीणों में वितरित किया गया है पूरा प्रयास रहता है कि ग्रामीणों की हर प्रकार से मदद की जाए।



## अमरोहा में नए श्रम कानून को रद्द करने की मांग

- कलेक्ट्रेट में सपाइयों ने किया प्रदर्शन, कहा– सरकार उद्योगपतियों को खुश करना चाहती है

**अमन लेखनी समाचार**



अमरोहा, अमरोहा कलेक्ट्रेट में आज सपा के विधायक, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारियों ने मजदूरों के हक के लिए जोरदार प्रदर्शन किया। सैकड़ों कार्यकताओं की उपस्थिति में सपा नेताओं ने डीएम को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपते हुए नए श्रम कानून की वापसी की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि प्रदेश में करोड़ों मजदूर विभिन्न उद्योगों में कार्यरत हैं, जो सामाजिक सुरक्षा, जीवन सुरक्षा, और मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। सपा नेताओं ने आरोप लगाया कि एनडीए सरकार के 10 सालों का कार्यकाल मजदूरों के लिए कष्टकारी सिद्ध हुआ है। सरकार ने अपने मित्र उद्योगपतियों को खुश करने के लिए श्रम कानून में बड़े बदलाव किए हैं, जो मजदूरों के हितों के खिलाफ हैं। सपा के नेताओं ने राज्यपाल से 17 बिंदुओं वाले ज्ञापन के माध्यम से नए श्रम कानून को रद करने और मजदूरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की।

ज्ञापन में छह प्रमुख बिंदुओं पर ध्यान आकर्षित किया गया है, जिसमें मजदूरों के कामकाजी घंटे, बोनस अधिनियम, न्यूनतम मजदूरी सलाहकार बोर्ड का गठन, पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के कल्याण बोर्ड में भ्रष्टाचार, राज्य सामाजिक सुरक्षा बोर्ड की निष्क्रियता और प्रवासी श्रमिकों के लिए ठोस नियम कानूनों की अनुपस्थिति शामिल है।

## कांवरियों के लिए न्यू सनराइज हॉस्पिटल ने लगाया चिकित्सा शिविर



**राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के सहयोग से आयोजित हुआ चिकित्सा शिविर**

**अमन लेखनी समाचार**

बहराइच। राष्ट्रीय बजरंग दल सेवा विभाग के नेतृत्व में मिहींपुरवा नगर पंचायत में स्थित न्यू सनराइज हॉस्पीटल के द्वारा कांवरियों के लिए तहसील परिसर में निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया। राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला अध्यक्ष हेमंत वर्मा ने बताया की न्यू सनराइज हॉस्पिटल द्वारा यह कैंप तहसील परिसर में कांवरियों की सेवा में लगाया गया है जो सराहनीय है। उन्होंने न्यू सनराइज हॉस्पिटल डायरेक्टर डॉक्टर पंकज वर्मा का आभार व्यक्ति करते हुए सराहना की। चिकित्सा शिविर में राष्ट्रीय बजरंग दल के पदाधिकारी ने कांवरियों के बीच पहुंचकर उनका हाल-चाल लेकर दवा दिलाने का कार्य किया। इस मौके पर राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला महामंत्री वासु मद्धेशिया ,जिला उपाध्यक्ष नीरज मिश्रा ,जिला सुरक्षा प्रमुख यस मिश्रा, तहसील अध्यक्ष दीपक मदेशिया, जय प्रकाश वर्मा शिवम अशोक राजभर अनिल गुप्ता सहित मेडिकल टीम उपस्थित रही।

## डिग्गी से रुपए से भरा बैग लेकर चोर फरार

- बैंक से 3 लाख रुपए निकालकर बाइक सवार जा रहा था घर

**अमन लेखनी समाचार**



बांदा, बांदा के महेश्वरी देवी मंदिर के पास मेडिकल स्टोर के बाहर खड़ी रिटायर्ड दरोगा की बाइक की डिग्गी से 3 लाख रुपए से भरा बैग टप्पेबाज लेकर फरार हो गए। जब दवा लेकर लौटे तो देखा कि बाइक से बैग गायब था। चोरी का वीडियो सीसीटीवी में रिकॉर्ड हो गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित से पूछताछ की। आपको बता दें कि पूरा मामला शहर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत कैलाशपुरी मोहल्ला निवासी अरविंद द्विवेदी पुत्र मात्रदत्त शास्त्री रिटायर्ड दरोगा है। वह रामलीला मैदान स्थित सिटी स्टेट बैंक से 3 लाख रुपए निकाला। रुपए से भरा बैग बाइक में डिग्गी में रखकर घर जा रहा था। तभी महर्षि देवी मंदिर के स्थित एक मेडिकल स्टोर के बाहर बाइक खड़े करने के बाद वह सर्दियों और जुकाम की दवा लेने चला गया। इसी बीच दो युवक आए और एक युवक डिग्गी खोलकर रुपए से भरा बैग निकाल और दूसरे युवक मेडिकल स्टोर में दवा लेने के लिए चला गया। जिसका वीडियो सीसीटीवी में रिकॉर्ड हो गया। दवा लेने के बाद जब वापस आए तो देखा की डिग्गी खुली हुई थी। बैग गायब था। उसने आसपास के खड़े लोगों से पूछताछ की। बाइक से उसने चोरों का पीछा भी किया। लेकिन तब तक कर भाग निकले।

## राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय में तैनात प्रभारी सहित सभी शुक्रवार को रहे अनुपस्थित

**चिकित्सालय से बिना इलाज कराए मरीज हुए वापस**

- पूछने पर डॉक्टर का मिला अटपटा जवाब
- डॉक्टर बोले हम नहीं आएंगे, मरीजो को इलाज कराना है तो वे आए कल
- ऐसे में सरकार के आदेशों का क्या होगा, खड़ा हुआ बड़ा सवाल

**अमन लेखनी समाचार**

कैसरगंज, बहराइच। ब्लॉक कैसरगंज के अंतर्गत कुंडासर में स्थित राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय पर तैनात प्रभारी डॉक्टर राजेश कुमार बीते शुक्रवार को अपने स्टाफ के सहित अनुपस्थित रहे और चिकित्सालय में ताला लटकता रहा जिससे इलाज कराने वाले मरीजो को बिना इलाज के ही मजबूरन वापस होना पड़ा ऐसे में सरकार के आदेशों का खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है। क्योंकि जब चिकित्सालय में ताला ही लटकना है और तैनात डाक्टर मौजूद नही रहेगें तो आखिर चिकित्सालय होने का क्या लाभ है।

### ऐसे में खड़े हुए अनेको सवाल

क्या किसी मरीज को बीमारी पूछकर आती है कि जब डाक्टर साहब चिकित्सालय पर उपस्थित हो तब कोई बीमार हो?

क्या सरकार के आदेशों का पालन ऐसे असंतोषजनक एवम गैरजिम्मेदाराना उत्तर से होगा?

क्या सरकार ऐसे मनमाने जबाब देने के लिए ही वेतन देकर क्षेत्रीय चिकित्सालय खुलवाकर डाक्टर की तैनाती करती है?

क्या ऐसे अटपटे जबाब से मरीजों का इलाज संभव है ? ऐसे में अब देखना यह है की ऐसे डॉक्टरों के ऊपर जिला प्रशासन के द्वारा क्या कार्रवाई की जाएगी या फिर ऐसे ही मरीज के साथ खिलवाड़ होता रहेगा और मरीज को ऐसे अटपटे जवाब मिलते रहेंगे और मरीज चिकित्सालय का चक्कर काटने पर मजबूर रहेंगे।

### क्या बोले तैनात प्रभारी डॉक्टर राजेश कुमार

उन्होंने बताया कि आज हम चिकित्सालय पहुंच नही पाएंगे जो भी मरीज आज आए हैं वह कल यानी दूसरे दिन अपना इलाज करवाने हेतु आए तभी इलाज संभव है।

**क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एंव यूनानी अधिकारी बहराइच डॉ रंजन वर्मा ने बताया कि आपके द्वारा जानकारी मिली है मैं डॉक्टर से बात करता हूँ की वह क्यों नहीं आएं हैं।**

## बांदा में यूपी सफाई कर्मचारी संघ का प्रदर्शन

- डीएम के माध्यम से राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन, 6 सूत्रीय मांगों को रखा सामने

**अमन लेखनी समाचार**



बांदा, बांदा में आज उत्तर प्रदेश सफाई कर्मचारी संघ ने जिलाधिकारी के माध्यम से 6 सूत्रीय मांगों को लेकर राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा। बताया कि यदि किसी संविदा सफाई कर्मचारी की मृत्यु होती है तो उनके स्थान पर उनके आश्रितों को संविदा के पद पर नियुक्त किया जाए। श्रम विभाग द्वारा 6 लाख तक का बीमा और उसकी महिला को पेंशन दी जाए। आपको बता दें कि पूरा मामला बांदा के कलेक्ट्रेट परिसर से सामने का है। जहां पर आज उत्तर प्रदेश सफाई कर्मचारी संघ के मंडल अध्यक्ष ने जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि हमारी प्रमुख मांगे हैं। जिनमें से मुख्य मांग है कि संविदा आउटसोर्सिंग ठेके पर कार्यरत सफाई कर्मियों को ईपीएफ 12% वेतन से काटा जाता है तथा विभाग द्वारा 13% कर्मियों को दिया जाता है। एस आई बीमारी इलाज हेतु कार्ड नहीं बनाया गया है और आउटसोर्सिंग ठेके पर कार्य कर रहे हैं। कर्मियों के लिए साप्ताहिक अवकाश की मांग की है। दूसरी प्रमुख मांग है कि कर्मचारी संघ कार्यालय में एक कमरे का अलॉटमेंट कराया जाए, जिससे कर्मचारी अपनी समस्याओं को लेकर संबंधित के साथ बैठक कर सकें। सभी पादप परिषदों व नगर पालिका में एक पाली 6:00 से एक बजे तक ड्यूटी लिया जाए।

## बांदा में अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर ट्राली गैरेज में घुसा

**6 लोग घायल, 2 की हालत गंभीर; मेडिकल कालेज रेफर**

**अमन लेखनी समाचार**



बांदा, बांदा में अतर्रा रोड स्थित गैरेज में तेज रफ्तार ट्रैक्टर घुस गया। जिससे हादसे में छह लोग घायल हो गए। वहीं मौके पर खड़ी चार बाइक क्षतिग्रस्त हो गईं। लोगों ने निजी वाहनों से घायलों को सीएचसी पहुंचाया। वहां से दो लोगों की हालत गंभीर होने पर रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर चालक फरार हो गया है। जिसकी तलाश की जा रही है। आपको बता दे की पूरा मामला बांदा के नरैनी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत से सामने आया है। जहां पर अतर्रा की ओर से आ रहा तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर गैरेज में जा घुसा। जिसकी वजह से 6 लोग गुलाब, किशन, लल्लू, होरीलाल, लवलेश, बद्री प्रसाद घायल हो गए। देखते ही देखते वहा पर भीड़ इकट्ठा होना शुरू हो गई। गैरेज में खड़ी 4 बाइक ट्रैक्टर ट्राली के नीचे दबकर क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे लोगों की मदद से निजी वाहनों से घायलों को सीएचसी पहुंचाया गया। जहां 4 लोगों को नॉर्मल चोटे आई है। वहीं पर गुलाब और किशन की हालत गंभीर देखते हुए बांदा रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है।

## सुरक्षित नहीं स्वास्थ्य विभाग के सरकारी भवन और जमीन

- सुल्तानपुर में दबंगों ने उपकेंद्र के भवन का ताला तोड़कर किया कब्जा, जमीनें भी हथियाई

**अमन लेखनी समाचार**



सुलतानपुर, यूपी सरकार जब सरकारी सम्पत्तियों पर हुए अवैध कब्जे को लेकर बुलडोजर चलवा रही, उस समय दबंग छवि के लोगों ने सरकारी बिल्डिंग का ताला तोड़कर कब्जा कर लिया। बाकायदा बिल्डिंग के कमरे में परिवार रह रहा है। मामला दोस्तपुर सीएचसी के अंतर्गत उपकेंद्र जजहरी का है। प्रकरण को लेकर सीएचसी अधीक्षक ने एसडीएम, सीओ समेत अन्य अधिकारियों को पत्र लिखा है। जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र के जजरही गांव में लाखों की लागत से हेल्थ वेलनेस सेंटर के भवन का निर्माण हुआ है। उपकेंद्र दोस्तपुर सीएचसी के अंडर में आता है। भवन स्वास्थ्य विभाग को हैण्ड ओवर किया गया तो विभाग द्वारा इसमें ताला लगा दिया गया। गांव के हरिभजन पुत्र राम लाल ने ताला तोड़कर भवन पर कब्जा कर लिया है। भवन की दीवार पर नाम लिखे पत्थर का शिलापट तक लगाया गया है। उधर यहां एएनएम सेंटर निमार्णाधीन है, उस पर केसरी नंदन, अयोध्या, राम आसरे पुत्र राम लाल, परशुराम पुत्र चिम्मन, राम प्रकाश पुत्र नगई और मतई पुत्र विश्राम ने कब्जा कर रखा है। प्रधानपति पंचबहादुर सिंह ने बताया, सरकारी भवन पर कब्जा किया गया है। इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों समेत मुख्यमंत्री से की गई है।

## संक्षेप

### सोनभद्र में तेज बारिश से ढहा कच्चा मकान

अमन लेखनी समाचार

अनपरा, अनपरा स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत बल्लभभाई नगर वार्ड 8 मोहल्ला मनरहवा में बरसात के कारण कच्चा मकान गिरने से मकान के भीतर सो रहे तीन नाबालिग बच्चे घायल हो गए। नगर पंचायत अनपरा के वार्ड 8 बल्लभभाई नगर मोहल्ला मनरहवा निवासी पन्नालाल पुत्र बाबूराम ने बताया कि रात्रि में झमाझम बारिश के कारण मेरा कच्चा मकान भरभरा के गिर गया मकान के अंदर सो रहे हमारे तीनों बच्चे दब गए। जिसके बाद आनन-फानन में तीनो बच्चों को बाहर निकाला गए जिसमें एक बच्चे की हालत गंभीर देख संयुक्त अस्पताल डिबुलगंज लाया, जहां उसकी प्राथमिक उपचार के बाद बच्चे को डिस्चार्ज कर दिया गया है। घायल 16 वर्षीय रमाशंकर को आँख के पास चोट लगी है। 14 वर्षीय संदीप व 12 वर्षीय रामसुभग को हल्की फुल्की चोट लगी है। सूचना पर पहुची क्षेत्रीय लेखपाल वर्षा वर्मा ने बताया जांच रिपोर्ट कानूनगो को प्रेषित कर दिया गया है। क्षतिपूर्ति आकलनन के बाद आपदा प्रबंधन से सहायता राशि पीड़ित को दी जाएगी।

### सोनभद्र में जिला कार्यकारिणी की बैठक

अमन लेखनी समाचार

अनपरा, सोनभद्र के अनपरा स्थित शितला माता मंदिर चावल मंडी अनपरा बाजार में राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन सोनभद्र की चुनाव कार्यसमिति व जिला कार्यकारिणी की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता चुनाव कार्यसमिति के प्रभारी संजीव मदान एवं संचालन जिला कार्यकारिणी सदस्य विनोद कुमार गर्ग ने किया। बैठक में संपन्न हुए राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन अनपरा सामान्य चुनाव 2024 पर चर्चा हुई। बताया गया कि चुनाव में लोकतांत्रिक व्यवस्था के तहत मतदान हुआ। महामंत्री व कोषाध्यक्ष पद के लिए एक -एक पर्चा दाखिल हुआ जबकि अध्यक्ष पद के लिए दो पर्चे भरे गये लेकिन एक पर्चा खारिज होने से अध्यक्ष पद भी निर्विरोध चुना गया। राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन अनपरा नगर इकाई के अध्यक्ष बाल गोपाल चौरसिया, अशोक कुमार केशरी कोषाध्यक्ष, ओमप्रकाश केशरी महामंत्री निर्विरोध निर्वाचित हुए। इसके बाद सभी के नाम रजिस्टर में दर्ज कर कार्यभार सौंपा गया। बाल गोपाल चौरसिया ने कहा व्यापारियों के हित की लड़ाई पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी के साथ शासन-प्रशासन व लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पत्रकार बन्धुओं के साथ सामंजस्य बनाकर लड़ा जायेगा। अध्यक्ष ने घनश्याम चट्टानी को अनपरा प्रभारी नियुक्त किया। ओमप्रकाश केशरी कोषाध्यक्ष ने व्यापारियों का आभार प्रकट किया। संगठन के जिलाध्यक्ष गोपाल दास गुप्ता ने कहां राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन भारत का एकमात्र संगठन है जो पूरे देश में कार्यरत हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित गुप्ता के कुशल नेतृत्व में संगठन नित्य नये आयाम को हासिल कर रहा उन्हीं के अथक प्रयास से उत्तर प्रदेश सरकार ने व्यापारी कल्याण बोर्ड का गठन किया। अब संगठन प्रत्येक राज्य में व्यापारी कल्याण बोर्ड के गठन की मांग कर रहा।

# पूर्व मंत्री की जन्म जयंती पर पूर्व विधायक यशपाल सिंह द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित

### छात्राओ में वितरित किया लैपटॉप व टेबलेट

अमन लेखनी समाचार




गोरखपुर। सहजनवां ब्लाक अंतर्गत क्षेत्र के स्थित रेशमा रावत कृषक इंटर कॉलेज भिटी रावत मे रविवार को पूर्व सिंचाई मंत्री शारदा प्रसाद रावत को माल्यार्पण करके जयंती मनाई गई तत्पश्चात 2023-24 की 10 वीं और 12 वीं की परीक्षा में अपनी मेधा से समूचे विद्यालय को गौरवान्वित करने वाली रेशमा रावत कृषक स्कूल की छात्राओं दीपिका ,नीतू ,प्रिंस ,निकिता यादव ,शिखा शर्मा , नितिका यादव ,को गुरुवार को विद्यालय प्रबंधन यशपाल सिंह रावत द्वारा लैपटॉप व टैबलेट एवं मोबाइल फोन प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मेधावी छात्राओं के चेहरे की मुस्कान और उत्साह देखते ही बन रहा था। रेशमा रावत कृषक स्कूल द्वारा हमेशा प्रतिभाशाली और मेधावी छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया जाता है। वही विद्यालय के अध्यापक गौरव कुमार, प्रमोद कुमार सिंह ,सतीश कुमार, को भी प्रबंधक द्वारा पुरस्कार दिया गया वही रेड हाउस टीम के इंचार्ज पुष्पा यादव और उनकी टीम को भी पुरस्कार दिया गया। संबोधित करते हुए प्रबंधक यशपाल सिंह रावत ने कहा कि पिता जी हमेशा दबे कुचले लोगों के उत्थान व समाज की कमजोर लोगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने का कार्य किया इस क्षेत्र के लोग उन्हें विकास पुरुष के रूप में याद करते हैं उन्होंने अपनी राजनीति जीवन में स्वर्ण समाज के साथ हमेशा संघर्ष किया जब भी समाज की किसी टपके की जरूरत पड़ी तो हमेशा उनके साथ खड़े नजर आए स्वर्गीय शारदा प्रसाद रावत का जन्म 11 अगस्त 1938 में हुआ था स्वर्गीय रावत जी 1974 में पहली बार सहजनवा विधानसभा क्षेत्र से विधायक बने थे 1977 में जनता पार्टी के सरकार में उन्हें सिंचाई राज मंत्री से नवाजा गया था। उसे दौरान में उन किसानों की सुविधा के लिए व्यापक पैमाने पर नलकूप का निर्माण कराया था 1989 में तीसरी बार सहजनवा विधानसभा क्षेत्र से विधायक बने स्वर्गीय रावत जी का पहचान पूर्वांचल की दिग्गज नेताओं में से होती थी कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे। प्रधानाचार्य अश्वनी प्रताप सिंह ने उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

# सीसी रोड निर्माण में मानक की उड़ाए गई धज्जियां, ग्रामीणों का प्रदर्शन



### धन का खूब हुआ बंदर बांट उखड़ने लगी गिट्टी

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मुडदेवा बुजुर्ग में ग्राम पंचायत द्वारा निर्माण कराए गए सीसी रोड में मानक की जमकर धज्जियां उड़ाई गई है। सीसी रोड के निर्माण होते ही गिट्टिया उखड़ने लगी है। जिससे आक्रोशित ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। और मांग किया है निर्माण कार्य की जांच कराकर जिम्मेदारों के खिलाफ कारवाई की जाय। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है ग्राम पंचायत में जो सीसी रोड का निर्माण कराया गया है। उसमे मानक की जमकर धज्जियां उड़ाई गई है। सड़क बनते ही उसकी गिट्टीया उखड़ने लगी थी। सड़क में जगह जगह गड्डे बन चुके है। आने जाने में दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा। ग्रामीणों की मांग है मामले की जांच कराकर जिम्मेदारों के खिलाफ कारवाई जाय। इस संदर्भ में बीडीओ रमेश शुक्ल ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है, जांच कराकर कारवाई की जायेगी। प्रदर्शन करने वालो में जंगी, भीम, सेवाती, उषा, चंदा, लालमती, संगम, रामवृक्ष, रविंद्र सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

# साईकिल सवार किशोरी को पिकप ने मारी टक्कर , घायल




अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मदनपुरा निवासिनी परी शर्मा पुत्री सुधारे शर्मा उम्र करीब 14 वर्ष घर से सामान लेने मदनपुरा चौराहे पर जा रही थी कि चौराहे से पहले पिकप चालक ने ठोकर मार दिया जिससे किशोरी गंभीर रूप से घायल हो गई, स्वजनों ने किशोरी को एंबुलेंस से अस्पताल ले गए।मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत मदनपुरा निवासी सिधारे शर्मा की 14 वर्षीय पुत्री परी शर्मा रविवार को अपराह्न डेढ़ बजे के करीब घर से सामान लेने सायकिल से मदनपुरा चौराहे पर जा रही थी कि चौराहे से पहले तेज रफ्तार से जा रहे पिकप चालक ने किशोरी को टक्कर मार दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई, स्वजनों ने एंबुलेंस से अस्पताल ले गए, जहां किशोरी की हालत गंभीर बनी हुई है।

# अलग अलग मामलें में पुलिस ने दर्ज किया केस

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां थाना क्षेत्र के बहुआ मठ के महंथ विचार दास के चेले रामसेवक दास ने पुलिस को बताया शनिवार को मनबढ मारपीट कर जेब में पौधा रखने के लिए रखा दो हजार छीनकर फरार हो गया।पुलिस गिरजेश यादव के खिलाफ केस दर्ज किया है।वही संतकबीरनगर के बघुआ निवासी रमेश चन्द्र के पत्नी व बेटी को मारापीटा।उसके बाद मेरे गले से सोने की चेन छीनकर फरार ने मामलें में पुलिस सुधीर साहनी, गीतांजली व कविता पर केस दर्ज किया है।उधर क्षेत्र के केशोपुर निवासी मिलकर्मी राजेंद्र पाल को दो मनबढ स्टेशन के रोककर गाली-गलौज कर मारने पीटने लगे।गले में मौजूद गमछे से कला कसकर मारने की कोशिश की थी।पुलिस ने पंकज, उमेश, निनय व सुधीर पर केस दर्ज किया है।बिसरी निवासी तारा देवी को पट्टीदारों ने घेरकर मारपीट कर घायल कर दिया था।पुलिस ने सुनील, सुरेखा, सुनीता किशन पर केस दर्ज किया है।

## दहेज के लिए विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला, केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। पीपीगंज थाना क्षेत्र के वार्ड नं 19 सहबाजगंज निवासी सुरेन्द्र प्रसाद की बेटी सीमा देवी की शादी सहजनवा थाना क्षेत्र के घघसरा निवासी सोनू वर्मा से हुई है।ससुराल वालों की विवाह की मांग पूरा करने के बाद भी ससुराल वाले दहेज के लिए प्रताङित कर रहे है।दो साल मायके में छोङने के बाद किसी तहर से ससुराल लाने के बाद मारपीट कर घर से निकाल दिया।पीङीता ने एसएसपी से कारवाई की गुहार लगाई।उनके आदेश पर पुलिस ने पति सोनू वर्मा, ससुर देवेन्द्र वर्मा, सास सावित्री, देवर राहुल वर्मा पर दहेज उत्पीड़न समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है।

# सीतापुर में तालाब में डूबकर युवक की मौत

### पैर फिसलने से हुआ हादसा, 12 घण्टे बाद फ्लड टीम ने बरामद किया शव

अमन लेखनी समाचार



सीतापुर, सीतापुर में पैर फिसलने से एक युवक की तालाब में डूबने से मौत हो गई। फ्लड और गोताखोरों की टीम ने करीब 12 घण्टे की कड़ी मशक्कत के बाद शव को तालाब से बरामद कर लिया है। युवक की मौत के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। पुलिस ने बरामद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। ममलाए थानगांव थाना इलाके का है। यहां गुरुवार की शाम ग्राम गोलोक कोडर निवासी जयराम यादव (40) पुत्र सीताराम नित्य क्रिया के लिए तालाब के किनारे गया था। इसी दौरान अचानक पैर फिसलने से वह तालाब में जा गिरा। गहरे पानी मे जाने की वजह से परिजन उसकी खोजबीन करते रहे लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। परिजनों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने बाढ़ राहत दल ने देर शाम तक काफी खोजबीन की लेकिन उसका कोई सुराग नही मिला। आज सुबह फ्लड टीम ने दोबारा तालाब में खोजबीन शुरू की तो उसका शव तालाब के किनारे झाड़ियों में लगा मिला। टीम ने शव को तालाब से बाहर निकाला। पुलिस ने परिजनों की मौजूदगी में पंचायतनामा कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।

# बुलंदशहर में नहर में डूबे युवक का शव मिला

- एनडीआरएफ और गोताखोरों को झाड़ियों में फंसा मिला, कल से जारी थी तलाश

अमन लेखनी समाचार



बुलंदशहर , बुलंदशहर के स्याना कोतवाली क्षेत्र के गांव रानापुर में एक 48 वर्षीय व्यक्ति की नहर में डूबने के कारण मौत हो गई है। मृतक की पहचान सुनील पुत्र मोतीराम के रूप में हुई है। बीते सुनील नहर में डूब गया था। उसकी तलाश के लिए एनडीआरएफ और स्थानीय गोताखोरों की टीम ने कई घंटों तक प्रयास किया। एनडीआरएफ की टीम ने रात भर रेस्क्यू अभियान चलाया, लेकिन अंधेरे के कारण खोज में कठिनाई आ रही थी। सुबह स्थानीय गोताखोरों की मदद से युवक का शव पुल से कुछ दूरी पर झाड़ियों में अटका हुआ मिला।

शव मिलने के बाद मृतक के परिवार और रिश्तेदारों में शोक की लहर दौड़ गई। उनके रोने-धोने से वातावरण काफी गमगीन हो गया। कोतवाली प्रभारी प्रेमचंद शर्मा ने बताया कि मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की पूरी जांच की जाएगी और शव को कानूनी प्रक्रिया के अनुसार अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंपा जाएगा।

# शाहजहांपुर में राष्ट्रीय गौ-रक्षक संघ के पदाधिकारियों का प्रदर्शन

## बोले- बांग्लादेश में हालत नहीं सुधरने पर सेना भेजें, भारत की सरकार बनाएं

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर, शाहजहांपुर में राष्ट्रीय गौ-रक्षक संघ के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट गेट के पास बांग्लादेश का पुतला फूंका। इस दौरान भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया। पदाधिकारियों की मांग है कि बांग्लादेश के हालात अगर नहीं सुधर रहे हैं तो वहां पर भारतीय सेना को उतार दिया जाए। भारत की सरकार बना दी जाए और शेख हसीना को उप प्रधानमंत्री बनाया जाए। उन्होंने कहा कि वहां पर हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पदाधिकारियों ने चेतावनी दी है कि भारत में रहने वाले बांग्लादेश के लोगों को बाहर निकाला जाए। हिंदूवादी संगठनों ने प्रशासन को ज्ञापन देकर चेतावनी दी कि अगर सरकार ने कुछ नहीं किया तो हिंदूवादी संगठन बांग्लादेशीय को बाहर करेंगे। राष्ट्रीय गौरक्षक संघ के प्रदेश महामंत्री राजेश अवस्थी ने कहा कि बांग्लादेश में शेख हसीना के इस्तीफ के बाद देश के विभिन्न हिस्सों में हिंसा हुई। इस हिंसा का मुख्य निशाना हिंदू समुदाय बन रहा है। उनके घरों और मंदिरों पर हमले किए जा रहे हैं। घरों की बिजली काट दी गई। हिंदूओं पर हमले के संबध में कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए हैं। फेवी बांस पाड़ा दुर्गा मंदिर को निशाना बनाना दिख रहा है। जहां तोड़फोड़ और आगजनी की घटनाएं की गई। बरिशाल में हिंदुओं के घरों और दुकानों को निशाना बनाया गया। चटगांव में हजारी गली क्षेत्र में निशाना गया है। यहां भी धार्मिक स्थलों को निशाना गया। राजशाही में भी स्थिति गंभीर हैं। यहां के हिंदू अपने घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों की तलाश में हैं। संघ की तरफ मांग की गई है कि इस प्रकरण को विश्व समुदाए में उठाया जाए। प्रदेश महामंत्री राजेश अवस्थी ने बताया कि बांग्लादेश में हिंदुओं समुदाए को निशाना बनवाया जा रहा है। अगर हिंदुओं की सुरक्षा की व्यवस्था नहीं होती है तो वहां पर सेना को भेज देना चाहिए।

बांग्लादेश हमारा अभिन्न अंग था, है और रहेगा। शेख हसीना को उप प्रधानमंत्री बनाकर बांग्लादेश में अपनी सरकार बना देना चाहिए। भारत में अवैध रहने वाले बांग्लादेशीय को बाहर निकाला जाए।

# दहेज में मांगे 50 लाख न देने पर घर से निकाला

- पिता ने दामाद समेत ससुराल पक्ष पर दर्ज कराई एफआईआर, बोले- कमरे में गाने बजाकर पीटता था

अमन लेखनी समाचार




शाहजहांपुर, शाहजहांपुर के चौक कोतवाली क्षेत्र के एक निवासी ने अपनी बेटी के ससुराल वालों पर गंभीर आरोप लगाते हुए बरेली में उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। पिता का आरोप है कि उन्होंने बेटी की शादी में 20 लाख रुपये खर्च किए थे, लेकिन शादी के बाद बेटी के ससुराल वालों ने दहेज में एक कार और 50 लाख रुपये की मांग शुरू कर दी। इनकार करने पर बेटी के साथ मारपीट की और उसकी नवजात बेटी को मारने की साजिश रची गई। पीड़ित पिता ने बताया कि उन्होंने 12 जून 2023 को अपनी बेटी की शादी बरेली जिले के रघुवंशी परिवार में की थी। शादी के बाद, बेटी जब ससुराल पहुंची तो उसे कम दहेज के ताने दिए जाने लगे। पति और ससुराल वालों ने दहेज में कार और 50 लाख रुपये नकद की मांग की। जब इस मांग को पूरा करने से इनकार किया गया, तो उन्होंने बेटी के साथ बेरहमी से मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि पति कमरे में तेज आवाज में गाने बजाकर बेटी को पीटता था, और गर्भवती होने पर गर्भपात के लिए भी उसे मारता-पीटता था। बेटी ने एक बेटी को जन्म दिया, लेकिन ससुराल वाले खुश नहीं थे।

# सोनभद्र में जिला मुख्यालय की सड़क हुई जर्जर

### कांवड़ियो का इसी सड़क से होकर जाएगा रेला, गिर कर लोग हो रहे चोटिल

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र, सोनभद्र का जिला मुख्यालय की सड़कें इन दिनों गांव की सड़कों जैसा नजर आ रहा है। रॉबर्ट्सगंज के कीर्ति पॉली हॉस्पिटल से लेकर चंडी तिराहे तक की सड़कें इन दिनों किसी गांव से कम नजर नहीं आ रही है। इन गड्ढे वाले रास्ते में होकर राहगीर या दो पहिया वाहन गिरकर चोटिल हो रहे है। बता दे कि इन दिनों कावड़ियों का भी रेला इसी रास्ते से होकर जाना है। ऐसे में विभाग अभी तक रास्ते को सही नहीं करवा सका। जबकि योगी सरकार ने कांवड़ियों को लेकर आदेश दिया था कि कांवड़ियों वाले मार्ग पर सड़कें टूटी न हो। लेकिन अधिकारियों का मन इस कदर बढ़ गया है, कि वे मुख्यमंत्री के आदेश को भी नहीं मान रहे। इधर हर रोज इन्हीं सड़कों पर जनप्रतिनिधि व अधिकारी चलते हैं। लेकिन उन्हें कोई फर्क इसलिए नहीं पड़ता। क्योंकि उन्हें न तो पैदल चलना है और न ही बाइक से। फजीहत तो राहगीर या दो पहिया वालों का है। सड़कों पर बने गड्ढों में हर दिन कोई न कोई गिर कर चोटिल हो रहा है। लेकिन वे अपना कष्ट किससे कहें। स्थानीय लोगों का कहना है कि जनप्रतिनिधि से लेकर अधिकारी सब देख रहे हैं। लेकिन कोई ध्यान नहीं दे रहा है। क्योंकि सड़क पर चलने वाला उनका कोई नहीं बल्कि आम आदमी है।

# मेरठ में मनचलों के डर से छात्रा घर में कैद

- स्कूल जाते समय मनचले करते थे छेड़छाड़, पुलिस के सामने किया पथराव

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, मेरठ के मुंडाली थाना क्षेत्र स्थित एक गांव की रहने वाली कक्षा 9 की नाबालिग छात्रा ने गांव के ही रहने वाले मनचलों के डर से स्कूल छोड़ दिया। वह घर में कैद होने को मजबूर हो गई। छात्रा के परिवार वालों का आरोप है कि आरोपी मनचले पुलिस से मामले की शिकायत पुलिस से करने पर रेप की धमकी दे रहे थे। पीड़िता के परिवार वालों ने मामले की शिकायत पुलिस से की, तो आरोपियों ने पुलिस के सामने पीड़िता के परिवार वालों पर जानलेवा हमला करते हुए पथराव कर दिया था। पथराव का वीडियो वायरल हो रहा है। पीड़ित परिवार वायरल वीडियो लेकर गुरूवार को एसएसपी ऑफिस पहुंच गया और अधिकारियों से आरोपियों पर सख्त कार्यवाही की मांग की है। मुंडाली थाना क्षेत्र स्थित एक गांव की रहने वाली कक्षा 9वीं की 11 साल की नाबालिग छात्रा के साथ उसके गांव के रहने वाले मनचले काफी समय से छेड़छाड़ कर रहे थे। छात्रा ने मामले की जानकारी अपने परिवार वालों को दी छात्रा के परिवार वाले मनचलों के घर पहुंचे। उन्होंने विरोध जताकर मामले की शिकायत पुलिस से करने की बात कही तो आरोपी मनचलों ने छात्रा के परिवार वालों पर जानलेवा हमला बोल दिया। परिवार के लोगों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। जानकारी मिलने के बाद पुलिस गांव पहुंच गई। जिसके बाद मनचलों ने अपने परिवार वालों के साथ मिलकर पुलिस के सामने पीड़ित परिवार पर पथराव कर दिया। पथराव का वीडियो वायरल हो रहा है। पीड़ित परिवार का आरोप है की शिकायत के बाद भी थाना पुलिस ने आरोपी मनचलों के खिलाफ कार्यवाही नहीं की।

पीड़ित परिवार का आरोप है कि आरोपी अब नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म की धमकी दे रहे हैं। गुरूवार को पीड़ित परिवार छात्रा को लेकर एसएसपी ऑफिस पहुंचा

## तहरीर देकर कार्यवाही करने की मांग

अमन लेखनी समाचार

कुरारा, हमीरपुर।थाना क्षेत्र के देवीगंज गांव निवासी ग्रामीण ने गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देने की तहरीर थाने में देकर कार्यवाही करने की मांग की है क्षेत्र के देवीगंज गांव निवासी ध्रुव लाल पुत्र स्वर्गीय जयकरन ने थाने में तहरीर देकर बताया कि गांव में दुकान किए हैं दोपहर एक बजे गांव निवासी एक युवक दुकान में आया तथा वहां बैठी घर की महिलाओं को गाली गलौज करने लगा मना करने पर गोलक से नकदी ले गया। तथा जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गया। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्यवाही करने की मांग की है।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

अमन लेखनी समाचार

कुरारा,हमीरपुर क्षेत्र के भौली रोड पर राघवा गांव के समीप एक ई रिक्से में बाइक टकरा जाने से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने उसे सीएचसी कुरारा में भर्ती करवाया जहा से उसे जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया। थाना क्षेत्र के लल्ली का डेरा गांव निवासी जयसिंह पुत्र रामपाल मोटरसाइकिल से रविवार शाम करीब साढ़े चार बजे अपने गांव जा रहा था वही एक ई रिक्शा चालक रमन निवासी शेखूपुर अपने रिक्से में सवारियां लेकर गांव जा रहा था तभी राघवा गांव के पास मोटरसाइकिल चालक जयसिंह का संतुलन बिगड़ने से उसकी बाइक ई रिक्से में पीछे से टकरा गई। जिससे बाइक चालक जय सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुची पुलिस ने घायल को सीएचसी कुरारा में भर्ती करवाया जहा से उसे जिला अस्पलात रिफर कर दिया गया।

## नाजायज गांजा बेचते हुए वायरल वीडियो फोटो के मामले में हुई पुलिस कार्यवाही

मौदहा। कोतवाली क्षेत्र के वायरल हुये दो वीडियो फोटो के सम्बन्ध में मौदहा पुलिस द्वारा संज्ञान लेते हुए प्रथम दृष्टया जांच तथा बरामदगी के आधार पर दो अभियुक्तों को गिरफ्तार करते हुए उनके विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर वैधानिक कार्यवाही की गई है। इस प्रकरण में पुलिस की भूमिका की क्षेत्राधिकारी मौदहा द्वारा जांच की जा रही है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि वायरल हुये दोनो मामलों में एक पुरुष व एक महिला अभियुक्त को गिरफ्तार कर अवैध गांजा बरामद किया गया है। उन्होने बताया कि तथ्यो के आधार पर लापरवाही बरतने वाले पुलिस कर्मियों के खिलाफ भी क्षेत्राधिकारी द्वारा जांच कर विभागीय कार्रवाई की जा रही है।

## अनियंत्रित बाइक की टक्कर से पुलिसकर्मी घायल

अमन लेखनी समाचार

मौदहा। कस्बे के स्टेट बैंक के पास एक अनियंत्रित मोटर साइकिल ने पुलिस बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे एक पुलिसकर्मी घायल हो गया। सूचना पर पंहुची पुलिस ने घायल पुलिसकर्मी को उपचार के लिये अस्पताल भेजा है। मौदहा कोतवाल प्रभारी ने बताया कि ड्यूटी में बाइक से जा रहे पुलिसकर्मी पर एक अनियंत्रित बाइक सवार द्वारा टक्कर मारकर घायल करने की सूचना मिली थी। घायल का उपचार कराया जा रहा है। आरोपी बाइक सवार के खिलाफ विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# गोस्वामी तुलसीदास का जन्मोत्सव समारोह आयोजित

अमन लेखनी समाचार



अमेठी। अवधी साहित्य संस्थान अमेठी की ओर से श्री शिवप्रताप इंटर कालेज अमेठी के सभागार में गोस्वामी तुलसीदास जी के जन्मोत्सव समारोह के अवसर पर 'श्रीरामचरितमानस की प्रासंगिकता' विषयक संगोष्ठी गोष्ठी एवं कवि गोष्ठी का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती जी तथा गोस्वामी तुलसीदास जी के चित्र पर पूजा अर्चना एवं माल्यार्पण से हुआ। विषय का प्रवर्तन करते हुए संस्थान के अध्यक्ष डॉ अर्जुन पाण्डेय ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास जी का नाम इतिहास में सदैव अमिट रहेगा। गोस्वामी जी द्वारा रचित श्रीरामचरितमानस दुनिया का सर्वश्रेष्ठ ग्रन्थ है।यह ग्रन्थ अवध, अवधी एवं अवधी संस्कृति की पहचान है। गोस्वामी जी द्वारा रचित मानस ग्रन्थ आज न केवल अवध प्रान्त अपितु देश-दुनिया के लगभग पन्द्रह करोड़ से अधिक लोगों की पसन्द बन चुका है। गोस्वामी तुलसीदास जी का भारतीय जनमानस सदैव ऋणी रहेगा।मुख्य अतिथि कैप्टन पी एन मिश्र ने अपने उद्बोधन में कहा कि रत्नावली न होती तो तुलसी तुलसी न बनते। गोस्वामी जी के लिए जरूर अमंगल बने दुनिया के लिए मंगल बने। ज्ञानेन्द्र पाण्डेय अवधी मधुरस ने पढ़ा अवधी हमरौ आन हौ, अवधी हमरौ बान ।जाको मीठौ बोलि सुनि, मिसिरी घुलितौ कान ।।रामेश्वर सिंह निराशा ने पढ़ा ' लहू शत्रु का कश्मीर की घाटी मांग रहा है' राजेंद्र शुक्ल अमरेश ने पढ़ा रत्ना विकल हुई के रोई बार-बार, नाथ नाथ नाथ नाथ नाथ कहां पाई हो, डा केसरी शुक्ल ने पढ़ा - ये जमीं बदल गई , आसामां बदल गया, आदमी को देखिए आदमी निगल गया, जगदम्बा तिवारी मधुर ने पढ़ा- तुहैं रखिबै घुंघुटवा की छांव पिया अउब्या जौ गांव पिया ना, राम बदन शुक्ल पथिक ने पढ़ा - कविता कै खान तुलसी, भारत कै शान तुलसी ,अभिजीत त्रिपाठी ने पढ़ा जाति का न पांति का, भेद जिनसे हो सका, राम जैसा विश्व में फिर कोई न हो सका, राम कुमारी संसृति ने पढ़ा - पास पढ़ोसिउ सखी सहेली सबकै अहै मीठी बानी, सरिता शुक्ला ने पढ़ा - कोई भगीरथ नहीं बचा अब अपने हिंदुस्तान में, समीर कुमार मिश्र ने पढ़ा -का बताई पहिले वाले न्यौता कै अब मजा चला गा ।कवि गोष्ठी में सचिन समर्थ- मुश्किलों में भी मैं अरमान लिए बैठा हूँ, हथेलियों पे अपनी जान लिए बैठा हूँ, तेजभान सिंह ने पढ़ा- इन चिरागों से नाता गहरा मेरा, आषुतोष गुप्ता ने पढ़ा-ए मेरे हमदम ए मेरे साथी, अर्चना ओजस्वी ने पढ़ा- ऊंची बखरिया काहे ब्याहा मोरे बाबू जी, सुधा अग्रहरि ने पढ़ा- दादी की हूँ लाडली बिटिया घर आंगन महकाती हूँ, उदयराज वर्मा उदय ने पढ़ा - गैरों से फुरसत नहीं तो मेरा लिखना होगा बेमानी, ने अपनी रसभरी कविताओं से सब का मन मोह लिया ।इस गोष्ठी में अभिमन्यु पाण्डेय, अनुभव मिश्र, जगन्निवास मिश्र आदि लोग मौजूद रहे।

## जामो पुलिस ने गुमशुदा युवक की 24 घण्टे के अन्दर तलाश कर सकुशल परिजनों को किया सुपुर्द

अमेठी। थाना समाधान दिवस पर पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा थाना जामो पर जनसुनवाई के दौरान आवेदिका पूनम सिंह पत्नी स्व0 देवेन्द्र प्रताप सिंह निवासी ग्राम पूरे जालिम सिंह मजरे उमराडीह थाना जामो जनपद अमेठी द्वारा अपने पुत्र पवन कुमार सिंह उम्र करीब 28 वर्ष की गुमशुदगी के संबंध में पुलिस अधीक्षक अमेठी को प्रार्थना पत्र दिया गया, जिसका पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा त्वरित संज्ञान लेते हुये प्रभारी निरीक्षक जामो को गुमशुदगी दर्ज कर व्यक्ति की तलाश हेतु आवश्यक आदेश निर्देश दिये गये थे ।प्रभारी निरीक्षक जामो विनोद कुमार सिंह द्वारा टीम बनाकर गुमशुदा की सक्रियता से तलाश की जा रही थी ।पुलिस टीम द्वारा उक्त गुमशुदा व्यक्ति पवन कुमार सिंह को 24 घण्टे के अन्दर ग्राम अकुड़िया थाना मान्धाता जनपद प्रतापगढ़ से सकुशल बरामद कर नियमानुसार उनकी माता पूनम सिंह को सुपुर्द किया गया ।परिजनों ने अमेठी पुलिस को धन्यवाद दिया।

# मोबाइल की दुकान से लाखों की कीमत के चोरी के 08 मोबाइल फोन के साथ 03 अभियुक्त गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

अमेठी ।उ0नि0 हरीशंकर वर्मा थाना मोहनगंज मय हमराह द्वारा तलाश वांछित व देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि कस्बा तिलोई में एक मोबाइल की दुकान की दीवाल काटकर मोबाइल चोरी करने वाले कुछ अपराधी बंद पड़े भट्ठे की दीवालों के पीछे मोबाइल खरीदफरोख्त के संबंध में बातचीत कर रहे हैं। उक्त सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए मुखबिर के बताये स्थान पर पहुंच कर वहां पर मौजूद 03 व्यक्तियों मोहित,धर्मेन्द्र पुत्रगण राम नरायण निवासीगण पूरे मीरखान का पुरवा मजरे रस्तामऊ थाना मोहनगंज जनपद अमेठी, धर्मेन्द्र पुत्र शिवबक्श निवासी बिझौरा मजरे आजादपुर थाना इन्हौना जनपद अमेठी को पकड़ कर तलाशी ली गयी ।तलाशी से मोहित के कब्जे से 04 अदद मोबाइल, धर्मेन्द्र पुत्र राम नरायण मिश्रा के कब्जे से 02 अदद मोबाइल, धर्मेन्द्र पुत्र शिवबक्श के कब्जे से 02 अदद मोबाइल फोन बरामद हुए। बरामद मोबाइल फोन के संबंध में पूछने पर तीनों व्यक्तियों ने बताया कि यह सभी मोबाइल चोरी के हैं जिन्हें तेरह-चौदह दिन पहले हम तीनों लोगों ने आर0के0 मोबाइल शॉप तिलोई से चोरी किया था ।हम लोगों ने विभिन्न कंपनियों के 12 मोबाइल चोरी किया था जिसमें 02 मोबाइल फोन टूटे हुए थे जिन्हें रास्ते में ही फेक दिया था तथा 02 मोबाइल फोन बेच कर उससे मिले रुपए खर्च कर लिये हैं ।तीनों अभियुक्तों को मौके से ही समय करीब 12:19 बजे दिन में गिरफ्तार किया गया ।गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# अनियंत्रित डंपर ने बाइक को मारी टक्कर, एक मौत दूसरा घायल

अमन लेखनी समाचार

अमेठी।जिले के फुरसतगंज थाना क्षेत्र में शनिवार शाम एक अनियंत्रित डंपर ने एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी जिससे दोपहिया वाहन पर सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गयी और एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। फुरसतगंज के थाना प्रभारी श्रीराम पांडेय ने बताया कि यह हादसा शनिवार शाम को थाना क्षेत्र के निगोहा ग्राम पंचायत भवन के पास हुआ। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और विधिक कार्रवाई की जा रही है। एसओ ने बताया कि डंपर चालक वाहन लेकर फरार हो गया और उसकी तलाश की जा रही है।निगोहा के ग्राम प्रधान चंद्रपाल यादव ने बताया कि फुरसतगंज थाना क्षेत्र के बहुतई गांव का निवासी बबलू (35) मोटरसाइकिल से अपने एक अन्य साथी के साथ घर जा रहा था, तभी निगोहा गांव के पास सामने से आ रहे डंपर ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी।उन्होंने बताया कि इस हादसे में बबलू की मौके पर मौत हो गयी जबकि उसका साथी परदेसपुर निवासी गोपी घायल हो गया।पुलिस के अनुसार, गोपी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी), फुरसतगंज में भर्ती कराया गया है।

## पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

अमेठी। जिले में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 11.08.2024 को उ0नि0 रामजी सिंह थाना बाजारशुक्ल मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 192/24 धारा 137(2),87, 351(2), बीएनएस व 16/17 पॉक्सो एक्ट थाना बाजारशुक्ल जनपद अमेठी में वांछित अभियुक्त आमिर खान पुत्र इशरार खान निवासी ग्राम पुरे मिया मजरे कस्बा इन्हौना थाना इन्हौना जनपद अमेठी उम्र करीब 22 वर्ष को सेवरा अण्डरपास के नीचे से पूर्वांचल एक्सप्रेस के पास से समय करीब 12.00 बजे दिन में गिरफ्तार किया गया ।थाना बाजारशुक्ल पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# पुलिस व एसटीएफ टीम लखनऊ द्वारा हत्या की योजना बना रहा अभियुक्त गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

अमेठी ।निरीक्षक सन्तोष कुमार सिंह एसटीएफ टीम लखनऊ मय हमराही द्वारा अभिसूचना संकलन के दौरान मुखबिर की सूचना पर हत्या की योजना बना रहा अभियुक्त सौरभ त्रिपाठी पुत्र राकेश चन्द्र तिवारी निवासी ग्राम संभावा पूरे ईदई थाना गौरीगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 31 वर्ष को कस्बा अमेठी के दुगार्पुर बाई पास के पास से समय करीब 09:35 बजे रात में गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से एक मोबाइल, एक हजार रुपये नकद बरामद हुये। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त सौरभ त्रिपाठी ने बताया कि मेरे गांव के प्रधान पति संजय यादव से हम लोगो की रंजिश चल रही है, इसलिये मैं धर्मेन्द्र मिश्र उर्फ बब्बन मिश्र पुत्र रामललन मिश्र निवासी सैनीपुर थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी के साथ मिलकर संजय यादव की हत्या को अंजाम देने के लिये शस्त्रो व कारतूसों एवं शूटरों की व्यवस्था के संबंध में बातचीत व विचार विमर्श के लिये मैं दिल्ली से आया था।योजना बनाने के उपरान्त मैं दिल्ली जाने वाला था, मेरी गैर मौजूदगी में धर्मेन्द्र मिश्र द्वारा शूटरों के माध्यम से घटना का अंजाम दिया जाना था।जिससे मेरे उपर कोई शक न करे।आज योजना बनाने के बाद धर्मेन्द्र मिश्रा उर्फ बब्बन मिश्रा गौरीगंज की तरफ चला गया है। गिरफ्तारी के संबंध में थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## जल निकासी की सही व्यवस्था न होने पर सब्जीमंडी में भरा पानी

अमन लेखनी समाचार

मौदहा।जल निकासी की सही व्यवस्था न होने से रविवार के दिन सब्जी मंडी पानी से लबालब भर गई।जिससे साप्ताहिक बाजार करने आए लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। कस्बा मुस्करा में कालका देवी मंदिर के सामने प्रांगण में रविवार को साप्ताहिक बाजार लगता है।दोपहर के समय एक घंटे हुई तेज बारिश के चलते पूरी सब्जी मंडी पानी से लबालब भर गई जिससे दुकानदारों की सब्जियां पानी में खराब हो गई।साथ ही लोगों को अपनी दुकान समेटनी पड़ी।साप्ताहिक बाजार करने आए कस्बा सहित आसपास के गांव के सैकड़ो लोगों को सब्जी मंडी में भरे पानी से होकर निकलना पड़ा इससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।इस बारे में ग्राम प्रधान महेंद्र प्रताप ने बताया कि सब्जी मंडी के बगल में तालाब का निर्माण कार्य चल रहा है। जिससे नाले में जल निकासी की दिक्कत आ रही है।इससे यह परेशानी उठानी पड़ रही है।सब्जी मंडी के किनारे बने नाले की सफाई करा दी जाएगी जिससे पानी भरने की समस्या नहीं होगी।

# पूर्व प्रधानमंत्री स्व राजीव गांधी की जयंती पर आयोजित होगी निबंध प्रतियोगिता



अमन लेखनी समाचार

गौरीगंज,अमेठी। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व राजीव गांधी जी के 80वें जन्मदिन पर होने वाली निबंध प्रतियोगिता की तैयारी बैठक जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने विधान सभा प्रभारी व ब्लॉक अध्यक्ष गणों /निबंध प्रतियोगिता प्रभारी के साथ विस्तृत रूपरेखा तैयारी में अमेठी संसदीय क्षेत्र के सभी 17 ब्लॉकों में आयोजित होने वाली निबंध प्रतियोगिता में लगभग 1500 से अधिक बच्चे प्रतिभाग करेंगे निबन्ध प्रतियोगिता प्रत्येक ब्लॉको के 04 विद्यालयों सहित 68 विद्यालयों में पारदर्शी तरीके से राजीव गांधी निबंध प्रतियोगिता होगी। जिलाध्यक्ष श्री सिंघल ने बताया कि निबंध प्रतियोगिता का समय दोपहर 11:00 बजे से 12:00 बजे तक सभी 68 विद्यालयों में एक समय परीक्षा कराने का निर्देश दिए तैयारी बैठक में आए ब्लॉक अध्यक्षों में अपनी राय रखी और प्रतियोगिता से संबंधित नियम को एक दूसरे से साझा किया बैठक में जिला अध्यक्ष के साथ प्रवक्ता अनिल सिंह अशोक तिवारी, विधानसभा प्रभारी गण, कार्यालय प्रभारी बृजेश तिवारी, एवं सभी 17 कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष, दया राम सोनी नगर अध्यक्ष जायस,मो ताहिर उपस्थित रहे।

## झूला महोत्सव में कबीरी भजनों में झूमे श्रोता

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। क्षेत्र के बिदोखर के गांवटी मंदिर में चल रहे झूला महोत्सव के तीसरे दिन कबीरी भजनों की धूम रही। गायकों ने कबीर के प्रेरणास्पद भजन प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कबीरी भजनों के गायक राजाभैया कुशवाहा ने जो सुख पाओ राम भजन में वो सुख नहीं अमीरी में, मन लागो मोरा राम फकीरी में भजन प्रस्तुत किया। वही शंकर कुटार ने मन रे तू कर ले साहेब से प्रीत, सरन आए सो सबहिं उबारो ऐसी उनकी रीत भजन प्रस्तुत कर ईश्वर से प्रीत करने का संदेश दिया। इनके अलावा भजन गायक किसन कुटार, बिजली वर्मा, रामकिशोर पाल, धनीराम पाल, घसीटा कुशवाहा, छोटेलाल कुशवाहा, बेलदत्त आदि गायकों ने कबीर के भजन प्रस्तुत किए। नाल में संगत राजेश कुमार और कालीदीन कुटार ने की। मंदिर के महंत स्वामी हरेराम दास, अमर सिंह, प्रत्यूष त्रिपाठी, जुगुल किशोर पाठक आदि ने गायकों का उत्साह वर्धन किया।

## चुनार रेंज में अवैध कब्जा हटाने की कार्रवाई, कब्जा धारकों से होगी खर्च की वसूली

अमन लेखनी समाचार

मीरजापुर : जिलाधिकारी के निर्देश पर राजस्व और पुलिस प्रशासन ने वन प्रभाग मीरजापुर के चुनार रेंज के आरक्षित वन क्षेत्र में गाटा संख्या-563/1मि0 रकबा 0.5 बिस्वा अहरौरा पर किए गए अनाधिकृत कब्जे को हटा दिया। उप जिलाधिकारी चुनार, राजेश वर्मा ने बताया कि रमाकान्त पुत्र शिवदस्सी, निवासी बेलखरा, थाना अहरौरा, और विनोद कुमार पुत्र फूलचन्द, निवासी कुखिया जंगल मोहाल, थाना अहरौरा ने चुनार रेंज के आरक्षित वन क्षेत्र में गाटा संख्या-173 रकबा 1.0 बिस्वा पर अवैध रूप से कब्जा कर रखा था। उप जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय ने वन अधिकारी की रिपोर्ट के आधार पर दोनों अवैध कब्जाधारकों को नोटिस जारी कर अपना पक्ष रखने का अवसर दिया। कब्जाधारकों के नोटिस के जवाब में उपस्थित न होने के कारण नोटिस को कब्जा स्थल पर चस्पा किया गया। पर्याप्त समय देने के बावजूद भी जब कब्जाधारी या उनका कोई प्रतिनिधि उपस्थित नहीं हुआ, तब उप जिला मजिस्ट्रेट चुनार ने उक्त अवैध कब्जा



धारकों को सात दिवस के अंदर जमीन खाली करने का निर्देश दिया। निर्देश का पालन न करने पर, राजस्व और पुलिस प्रशासन ने अवैध रूप से किए गए निर्माण को बलपूर्वक हटाया। इस कार्रवाई में हुए सभी खर्चों की वसूली विनोद कुमार और रमाकान्त से की जाएगी।

## नाले मे तैरता मिला अज्ञात महिला का शव

अमन लेखनी समाचार

जगदीशपुर, अमेठी ।नाले मे तैरता शव देख ग्रामीणो द्वारा मिली सूचना के उपरांत मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नाले से बाहर निकलवाने के बाद पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा। थानाक्षेत्र के अंतर्गत स्थित मीरापुर गांव के निकट नाले मे अज्ञात महिला उम्र लगभग तीस वर्ष का तैरता शव देख स्थानीय लोग भारी संख्या मे इकट्ठा हो गए ।सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नाले से बाहर निकलवाकर शिनाख्त करने की कोशिश किया लेकिन खबर लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नही हो पाई अंतोगत्वा पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया ।इस संबंध मे पुलिस ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम भेज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# गंगा ग्राम रानीडीह ब्लॉक कोन को ग्राम्य पर्यटन के रूप मे संकल्प संस्था द्वारा विकसित करने की पहल

### जिला गंगा समिति सोनभद्र द्वारा क्रेमेटोरियम निर्माण व गंगा आरती का आयोजन कराने पर ग्रामीणो से की गयी वार्ता व वृक्षारोपण

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। राष्ट्रीय नदी गंगा की सहायक सोन नदी के किनारे बसें गंगा ग्राम व ग्राम्य विकास विभाग द्वारा ग्राम्य पर्यटन हेतु चयनित ग्राम रानीडीह, ब्लॉक कोन, जनपद सोनभद्र मे जिला गंगा समिति सोनभद्र के महेंद्र कुमार गौतम, जिला परियोजना अधिकारी (नमामि गंगे) सोनभद्र व पर्यटन परामर्शदाता संस्था संकल्प ठत्र्ड के सामूहिक सहयोग से ग्राम प्रधान प्रतिनिधि, समूह की महिलाओ व अन्य ग्रामीणो के साथ दिनांक 10 अगस्त 2024 को बैठक आयोजित की गयी। जिसमे संदीप सोनी द्वारा ग्रामीण महिलाओ की अजीविका वृद्धि हेतु बैम्बू क्राफ्ट के प्रशिक्षण व ग्राम्य पर्यटन के रूप मे गाँव को विकसित करने के लिए ग्रामवासियो को विस्तृत रूप से जानकारी दी।महेंद्र गौतम, (डीपीओ) वन प्रभाग सोनभद्र के द्वारा किसानो को जैविक खेती करने व नदी के किनारे गंगा आरती कराने हेतु चर्चा की गयी। ग्राम प्रधान द्वारा अवगत कराया गया की गुप्ता धाम पर पारम्परिक दाह



संस्कार किया जाता है परन्तु इसके लिए कोई स्थान सेड व व्यवस्था अपलब्ध नहीं है उक्त स्थान पर क्रेमेटोरियम बनाने हेतु ग्राम पंचायत के माध्यम से इसके निर्माण हेतु प्रस्ताव देने हेतु सहमति जताई गयी व नदी को प्रदुषण से बचाने हेतु सोन नदी के किनारे गुप्ता धाम पर गंगा आरती के आयोजन हेतु पुजारियों से वार्ता की गयी।एक पेड़ माँ के नाम स्लोगन का आवाहन करते हुए समूह की महिलाओ के साथ वृक्षारोपण किया गया। इस मौके पर महेंद्र गौतम (डीपीओ) नमामि गंगे, संदीप सोनी (संकल्प ठत्र्ड), श्रीमती संध्या ग्राम प्रधान रानीडीह, श्रीमती प्रियंका, अभिषेक यादव (गंगा वालंटियर) व अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने चोपन घाट पर चलाया स्वच्छता अभियान

अमन लेखनी समाचार

चोपन सोनभद्र। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी डाला नगर से आने वाली भव्य कांवर यात्रा को ध्यान में रखते हुए चोपन घाट पर अभाविप कार्यकताओं ने यह रत्र्ऊ के माध्यम से घाट पर चलाया स्वच्छता का कार्यक्रम सावन माह के पवित्र महीने में यह भव्य कांवर यात्रा प्रत्येक वर्ष जल भरने के लिए चोपन घाट पर बड़ी संख्या में जिला भर से भक्त चोपन घाट से जल भरकर डाला में विराजमान श्री अचलेश्वर महादेव मंदिर पर जला अभिषेक के लिए प्रस्थान करते हैं इस अवसर पर प्रांत जनजातीय कार्य संयोजक मनमोहन निषाद ने बताया की अभावीप के विकाशार्थ विधार्थी (रत्र्ऊ) पर्यावरण एवं धारणीय



विकास के प्रति सामाजिक चेतना एवं विद्यार्थियों के माध्यम से जागरूकता लाने का काम करती हैं तो वहीं सोनभद्र विभाग सह संयोजक सौरभ सिंह पंकज ने बताया की यह कांवर यात्रा में जिला भर से बडी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं जो चोपन घाट से जल भरकर डाला नगर में विराजमान श्री अचलेश्वर महादेव मंदिर में जला अभिषेक के लिए प्रस्थान करते हैं कांवर यात्रा को ध्यान में रखकर विकाशार्थ विधार्थी के कार्यकताओं ने चोपन घाट पर चलाया स्वच्छता अभियान प्रमुख रूप से दो जिला संगठन मंत्री विवेक, सोनभद्र जिला संयोजक मृगांक दुबे, विश्वजीत साहनी, अनमोल सेठ, श्याम पाठक, राजबली साहनी, शिखर सोनी,वैभव पांडे, आशीष अग्रहरी,रमेश साहनी, शिवम, अनिकेत सिंह, जतिन पांडे, हिमांशु तिवारी,उज्जवल मौर्य, नील प्रताप सिंह, शिवम विश्वकर्मा, रिषभ यादव,आदित्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे

# लोकसभा चुनाव के दौरान बनी सड़क बारिश में ध्वस्त, ग्रामीणों में आक्रोश

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। लोकसभा चुनाव के दौरान बनाया गया बांकी कलौलीजार मार्ग पहली बरसात नहीं झेल सका और जगह जगह से क्षतिग्रस्त होने लगा है।इससे घटिया निर्माण की पोल खुल गई है। कार्य की लागत का बोर्ड भी नहीं लगाया गया है। जिससे पता नहीं चल रहा कि कितनी लागत में मरम्मत का कार्य हुआ है।सुमेरपुर क्षेत्र के बांकी से कलौलीजार मार्ग कई वर्षों से ध्वस्त पड़ा हुआ था।जिससे इस मार्ग से आने जाने वाले लोग कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। बांकी गांव निवासी केशव, परवेज, गयादीन व रामसेवक आदि ने बताया कि लोकसभा चुनाव के दौरान बांकी से कलौलीजार तक सड़क का निर्माण कराया गया था। निर्माण के दौरान ठेकेदार ने घटिया सामग्री का उपयोग किया था। इसका विरोध भी किया गया।लेकिन ठेकेदार ने किसी की नहीं सुनी और नतीजा यह रहा कि यह सड़क पहली बरसात में ही उखड़ने लगी है और जगह-जगह पर क्षतिग्रस्त होने लगी है। इससे लोग परेशान हैं और घटिया निर्माण को कोस रहे हैं। वहीं कलौलीजार के प्रधान अरविंद यादव ने बताया कि सड़क का निर्माण बांकी से कलौलीजार किया जाना था।लेकिन ठेकेदार ने कलौलीजार से दो किलोमीटर पूर्व ही कार्य ठप कर दिया है। इससे लोगों को आज भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही जिस हिस्से का निर्माण हुआ है। उसके घटिया निर्माण की पोल बारिश ने स्वतः खोल दी है।इससे साफ जाहिर होता है कि निर्माण में जमकर भ्रष्टाचार किया गया और मानकों को ताक पर रखकर निर्माण कराया गया है।

# तीन घरों में धावा बोल चोर ने उड़ाये लाखों के जेवरात

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर।सुमेरपुर कस्बे के पैलानी मार्ग में लक्ष्मीबाई तिराहा के समीप एक नाबालिग चोर ने तीन मकानों में घुसकर नगदी सहित सोने चांदी के जेवरात पार कर लिए।एक गृहस्वामी के जग जाने पर चोर हाथ में काटकर भाग निकला। सुबह चोरी की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना करके आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले हैं। डॉग स्क्वायड टीम ने भी सुरागकशी की है।परंतु कुछ हाथ नहीं लग सका है।

शनिवार की रात लक्ष्मीबाई तिराहा के समीप ओमप्रकाश के घर में एक चोर घुस गया।लेकिन उनकी नींद खुल जाने के कारण चोर उनके हाथ में काटकर भाग निकला।इसके बाद वह प्रदीप कुमार के घर में घुस गया।यहां से उसने 5 हजार रुपए नगद व एक मोबाइल फोन चोरी कर लिया।इसके बाद उसने संजय अवस्थी के घर को निशाना बनाया। उसने यहां अलमारी खोलकर सोने की जंजीर, अंगूठी एवं चांदी की पायल सहित करीब डेढ़ लाख का सामान चोरी कर लिया।चोर की यह सारी करतूत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। सुबह सूचना पाकर क्राइम इंस्पेक्टर रामकुमार यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मौका मुआयना करके जल्द खुलासे का आश्वासन दिया। चोर की सुरागकशी के लिए मौके पर डॉग स्क्वायड की टीम को भी बुलाया गया। लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका। पीड़ितों ने घटना की तहरीर पुलिस को सौंपी है।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक – श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com

हमारे देश भारत को आजाद हुए 77 वर्ष पूरे हो रहे हैं। हम स्वाधीनता दिवस का उत्सव पूरे उत्साह और उमंग के साथ जरूर मनाएं। लेकिन इस अवसर पर कुछ सवालों के जवाब खोजना भी जरूरी है। जैसे- क्या आजादी के पहले देखे गए हमारे सपने पूरे हो सके हैं? एक आम भारतीय इस सपने को पूरा करने में किस तरह की भूमिका निभा सकता है? वैश्विक शक्ति बनने की ओर अग्रसर भारत आज भी जाति और धर्म को लेकर उपजे मतभेद और विद्वेष का सामना कर रहा है। इसकी क्या वजहें हैं और इस समस्या का क्या समाधान हो सकता है? देश को सशक्त राष्ट्र और मजबूत लोकतंत्र बनने के मार्ग में सबसे बड़ी बाधा क्या है, इसे कैसे दूर किया जा सकता है? इन सवालों पर अलग-अलग क्षेत्र की नामचीन हस्तियों ने **सरस्वती रमेश** से साझा किए अपने विचार।

# हम मिलकर पूरा करें सशक्त-विकसित भारत का सपना

{ अभिमत }



## विकसित राष्ट्र बनने की राह पर अग्रसर हो रहा भारत



**अश्विनी कुमार सिवाच**
मेजर जनरल (रिटायर्ड)
फॉर्मर हेड ऑफ टेरिटोरियल आर्मी


वर्ष 1947 में देश जब आजाद हुआ, उस समय हमारी आर्थिक स्थिति काफी खराब थी। लेकिन इन 77 वर्षों में भारत ने तेजी से विकास किया। आज भारत विश्व की पांचवीं बड़ी इकोनॉमी है, आने वाले समय में हम तीसरी बड़ी इकोनॉमी बनने जा रहे हैं। आज के समय में हम दुनिया की चौथी मिलेट्री पावर भी हैं। देखा जाए तो भारत के साथ आजाद हुए अन्य देशों के मुकाबले, हमारे देश ने अच्छी तरक्की की है और आजादी के सौ साल पूरे होने तक विकसित भारत का लक्ष्य भी पूरा कर लेंगे।

आने वाले समय में भारत दुनिया का मार्गदर्शक बनकर उभरेगा। लेकिन एक सच यह भी है कि हम जाति-धर्म के नाम पर आपस में बंटकर देश को कमजोर भी करते रहते हैं। हम ना भूलें कि धर्म हमें बांटने के लिए नहीं एकजुट करने के लिए होना चाहिए। जिस तरह सेना में हर जाति, हर धर्म के लोग पूरी निष्ठा से अपना काम करते हैं। उनसे हर देशवासी को सीखने की जरूरत है। कुछ राजनेता अपने राजनीतिक लाभ के लिए लोगों को बांटते हैं। उनकी बयानबाजियों से भ्रमित होने की जरूरत नहीं है। हमारा देश एक सेक्युलर देश है और इसका सबसे बड़ा प्रमाण है, यहां रहने वाले विभिन्न धर्मों के लोग। जमीन पर हम एकजुट हैं और हमें बांटने के लिए यदि कोई राजनीति करता है तो वह दुर्भाग्यपूर्ण है। आजादी के बाद से हमारे लोकतांत्रिक ढांचे में भी काफी सुधार हुआ है, जबकि हमारे पड़ोसी देशों में लोकतंत्र की दशा से हम सब परिचित हैं। यह लोकतंत्र के कारण ही है कि भारत ने हर क्षेत्र में विकास किया है। हमारे देश के युवा जागरूक और सक्रिय हैं, जो भारत को सही दिशा देने में बड़ी भूमिका निभा रहे हैं।

अब सवाल आता है, वर्तमान समय में देश के सामने मौजूद सबसे बड़ी चुनौती की तो भारत के विकास में सबसे बड़ी बाधा बेरोजगारी की समस्या है। हमारे युवाओं को इस तरह ट्रेंड नहीं किया जा रहा है कि वे अपने पैरों पर खड़े हो सकें। उनकी बेसिक शिक्षा ऐसी होनी चाहिए कि उन्हें रोजगार मिल सके या वो अपना रोजगार कर सकें। दूसरी बाधा जनसंख्या विस्फोट की है। हमारे पास संसाधन सीमित हैं, इसलिए हमें अपनी पॉपुलेशन पर जल्द से जल्द नियंत्रण करना चाहिए और यह शिक्षा के प्रचार-प्रसार से ही संभव हो पाएगा। हमें शिक्षा के स्तर को ऊपर उठाना होगा और महिलाओं को भी सशक्त बनाना होगा। जब तक महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत नहीं होंगी, विकास अधूरा ही रहेगा।

भारत के सशक्तिकरण की राह में अगली चुनौती अमीरों और गरीबों के बीच की लगातार बढ़ती खाई है। इस खाई को कम करने की दिशा में काम किया जाना चाहिए। इसके लिए पिछड़े आदिवासी लोगों के विकास के लिए समुचित प्रयास की जरूरत है। इसके अलावा क्लाइमेट चेंज के दुष्प्रभावों से बचने के लिए भी हमें सतर्क रहना होगा। बहरहाल, तमाम विरोधाभासों के बावजूद मुझे पूरी आशा और भरोसा भी है कि 2047 तक हमारा भारत विकसित देशों की श्रेणी में आ खड़ा होगा। *

## धर्म-जाति की सोच से ऊपर उठकर ही देश बनेगा सशक्त



**प्रकाश सिंह**
फॉर्मर डीजी-बीएसएफ

आजादी से पहले देखे गए सारे सपने पूरे हो गए, यह कहना तो मुश्किल है। हमारी भौतिक प्रगति तो हुई है, जीवन स्तर में सुधार हुआ है, इंफ्रास्ट्रक्चर बेहतर हो गया है, भारत की अर्थ व्यवस्था तेजी से बढ़ रही है, लेकिन हमारे मूल्यों में बहुत ह्रास हुआ है। सामाजिक ताना-बाना कमजोर हुआ है। परिवार टूटते जा रहे हैं। अपराध बढ़ रहा है। रिश्तों में पवित्रता खत्म होती जा रही है। भ्रष्टाचार लोगों के खून में घुस गया है। आजादी से पहले हमने ऐसे भारत का स्वप्न तो नहीं देखा था। ये गर्व की बात है कि आज हम चांद और मंगल तक पहुंच रहे हैं। हमारी इकोनॉमी तेजी से बढ़ रही है। मगर सामाजिक मूल्य खत्म होते जा रहे हैं। इसका कारण यह है कि आज हमारी राजनीति रसातल में गिरती जा रही है।


राजनीति में कोई जिम्मेदारी नहीं है। किसी के खिलाफ अनाप-शनाप कुछ भी बोल सकते हैं। गाली-गलौज दे सकते हैं। आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों के राजनीति में घुसने पर कोई रोक नहीं है। यह हमारे देश की अजीब विडंबना है और इसे रोकने के लिए कोई उपाय नहीं किया जा रहा है। राजनीति की गंदगी पूरे समाज को प्रभावित कर रही है। यदि एमपी, एमएलए गलत काम कर सकते हैं तो हम क्यों नहीं, ऐसा आम आदमी सोचता है। शिक्षा का स्तर भी बहुत निम्न है। अंग्रेजों ने हिंदू और मुसलमानों को आपस में लड़ाकर राज किया, लेकिन आज हमारे नेता सिर्फ वोट की खातिर धर्म को ही नहीं जाति-जाति को भी लड़ा रहे हैं।

कुछ पार्टी के लोग तो इस तरह बात करते हैं कि जैसे उनके लिए राष्ट्रहित कोई मायने ही नहीं रखता सिर्फ वर्ग विशेष के वोट को अपने पक्ष में करने के लिए कुछ भी करने को तैयार रहते हैं। हमें तो ऐसी सोसायटी बनाने का स्वप्न देखना चाहिए, जहां ना कोई जाति की चर्चा हो ना वर्ग की। सब समान रहें। भारत के नागरिक बनकर रहें, तभी देश प्रगति करेगा, विकसित बनेगा।

अलगाववाद की प्रवृत्ति देश की एकता और अखंडता के सामने सबसे बड़ी बाधा है। कश्मीर और नॉर्थ ईस्ट के राज्यों में अलगाववाद की समस्या अभी खत्म नहीं हुई है। अलगाववादियों के खिलाफ सरकार को सख्ती बरतने की जरूरत है। कुछ पार्टियां राजनैतिक बदले या अहम की पूर्ति के लिए अलगाववाद को बढ़ावा दे रही हैं। पहले राजनीति में आइडियोलॉजी होती थी। अब कोई आइडियोलॉजी नहीं है, सिर्फ सीट बढ़ाना एकमात्र लक्ष्य है। यह सोच और परिदृश्य बदलना चाहिए।

यह सही है कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है लेकिन इसमें कई गंभीर कमियां हैं। जैसे हमने अपनी डेमोक्रेसी में आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोगों के प्रवेश पर कोई रोक नहीं लगाई है। जिस पार्लियामेंट और विधानसभाओं में अपराधी पृष्ठभूमि के लोग बैठे हों, उससे हम क्या उम्मीद कर सकते हैं? हमारी कानून व्यवस्था भी लचर है। लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए यह जरूरी है कि जघन्य अपराधियों को चुनाव लड़ने से रोका जाए। देश को बचाना, सशक्त बनाना है तो कड़े फैसले लेने होंगे। *

## धर्म-जाति के नाम पर बंटकर देश मजबूत नहीं हो सकता



**असगर वजाहत**
साहित्यकार

मेरा मानना है कि आजादी से पहले देखे गए सपने, मध्य वर्ग के तो कुछ हद तक पूरे हुए हैं। आज मध्य वर्ग की आर्थिक स्थिति सुधरी है। उसके पास सुख-सुविधाएं बढ़ी हैं। लेकिन जो निम्न मध्य वर्ग है या निम्न और वंचित-शोषित वर्ग है, उनका सपना चकनाचूर हुआ है। आजादी से पहले उनकी जो स्थिति थी, उसमें और भी गिरावट आई है, क्योंकि उनकी आमदनी बढ़ी नहीं और महंगाई बढ़ती रही। यही कारण है कि शहरों में झुग्गी, झोपड़ियां बहुत बढ़ गई हैं। तो कह सकते हैं कि उच्च वर्ग मध्यम वर्ग और शासक वर्ग के तो सपने पूरे हुए हैं लेकिन निम्न वर्ग के नहीं। आदिवासियों के भी नहीं।

इस सपने को पूरा करने के लिए आम जनता की भूमिका अहम है। जनता ने ही देश को आजादी दिलाई थी। जनता को ऐसी सरकारों को सपोर्ट करना चाहिए, जो उनके विकास की बात करे। चिंता की बात यह भी है कि शोषित वर्ग के लोगों में इतनी जागरूकता नहीं आ पाई है कि वे अपना भला-बुरा समझकर सही सरकारों को चुनें। हमें याद रखना होगा कि सामाजिक और आंतरिक रूप से विभाजित रहकर आर्थिक महाशक्ति बनने की बात बेमानी है। कई रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि पिछले एक-डेढ़ दशक में भारत की जीडीपी बहुत बढ़ गई है। लेकिन आज भी एक बड़ा तबका गरीबी रेखा के नीचे है।

हमारा देश विश्वशक्ति तभी बन सकता है, जब यहां धर्म के नाम पर पाखंड के लिए कोई जगह नहीं होगी। जाति के नाम पर विभाजन नहीं होगा। कोई अशिक्षित नहीं होगा। इसके साथ ही देश के अंदर एकता, शांति और सौहार्द होना चाहिए। बिना शांति के कोई भी देश प्रगति नहीं कर सकता है। देश में यदि विभाजनकारी शक्तियां हैं तो वे प्रगति के खिलाफ हैं। विभाजनकारी शक्तियों का एजेंडा देश को बांटना होता है। देश को मजबूत और विकसित बनाने के लिए इनसे बचना होगा। इनसे बचने के लिए शिक्षा महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। धर्मांधता का जवाब, जातिगत विद्वेष का जवाब शिक्षा ही है। लेकिन दुखद यह है कि शिक्षा का बजट अपेक्षानुरूप बढ़ने के बजाय कम हो रहा है। मुनाफा कमाने वाले स्कूल और कोचिंग सेंटर खोले जा रहे हैं। शिक्षा के स्तर पर कम और मुनाफे पर अधिक ध्यान रहता है। क्या इस तरह देश, विश्वशक्ति बन पाएगा?

इसमें कोई शक नहीं कि भारत में लोकतंत्र की जड़ें गहरी हैं। जहां तक उन्हें मजबूत करने का सवाल है तो इसका जवाब भी शिक्षा है। हमें लोगों को जागरूक और शिक्षित करने की जरूरत है क्योंकि लोगों को धर्म, जाति के नाम पर बांटकर तो लोकतंत्र मजबूत नहीं हो सकता। लोग यदि पैसे लेकर वोट देंगे तो वह लोकतंत्र नहीं धन तंत्र हो जाता है।

मुझे लगता है कि आज के दौर में अधिकतर राजनीतिक दल और नेता लोकतंत्र को मजबूत करने से ज्यादा अपने वोट बैंक को मजबूत करने पर ध्यान देते हैं। जब तक वोट बैंक बनाने वाली राजनीति को खत्म नहीं किया जाएगा, तब तक लोकतंत्र सशक्त नहीं हो पाएगा। हम सभी नागरिकों को स्वयं आगे बढ़कर इस दिशा में कुछ करना होगा। आम जनता चाहे तो बहुत कुछ कर सकती है, स्थितियां बदल सकती हैं, देश सशक्त बन सकता है। *

## भारत का लोकतंत्र स्थायी था, स्थायी है और स्थायी रहेगा



**ऋतु सारस्वत**
समाजशास्त्री

हम सभी भारतवासियों का स्वप्न, भारत के 'विराट स्वरूप' को साकार होते हुए देखना है। यद्यपि यक्ष प्रश्न यह है कि यह स्वप्न, जिन अथक प्रयासों पर निर्भर करता है क्या वह निष्ठा और कर्तव्यशीलता हम सबके भीतर व्याप्त है? अगर हम अपने मन को टटोलेंगे और ईमानदारी से उत्तर दें तो पाएंगे कि हम कहीं ना कहीं उस प्रयास में अपना संपूर्ण नहीं देते। इस स्वप्न को पूरा करने के लिए जिस निष्ठा से कार्य करना चाहिए, उसमें कहीं ना कहीं भटकाव है। यह कई वजहों से है। जाति व्यवस्था उनमें से एक है। दुर्भाग्य यह है कि जाति का मूल स्वरूप 'वर्ण व्यवस्था' रहा है, जो कि अपने विकृत रूप में जातिगत व्यवस्था में परिवर्तित हो गया। भारतीय समाज की जब हम संकल्पना करते हैं तो जाति प्रभुत्व का ऐसा मूल बिंदु दिखता है, जिसे अपने निजी और तुच्छ स्वार्थ के लिए समाज का कोई भी वर्ग नहीं छोड़ना चाहता।

अचरजकारी तथ्य यह है कि हर कोई जाति के प्रति अनेक प्रश्नों को खड़ा करता है लेकिन उसे त्यागने को कोई भी तत्पर दिखाई नहीं देता। इसका मूल कारण प्रभुत्व का वह समीकरण है, जो जाति के आधार पर ही पोषित होता है। यह जाति व्यवस्था खत्म ना होने के पीछे का कारण है सत्ता की चाह। भारत में प्रभुत्व की चाह की पूर्ति, जाति के धरातल पर ही खड़े होकर प्राप्त हो सकती है। जाति ही एक ऐसा विषय है, जहां व्यक्ति धृतराष्ट्र की तरह अपनी आंखों पर पट्टी बांध लेता है और इस बात पर विचार नहीं करता कि वह जिसे अपने प्रतिनिधि के रूप में चुन रहा है, वह उस पद की काबिलियत रखता है कि नहीं। चुनौतियों के समाधान के लिए उसके भीतर प्रतिभा है या नहीं। प्रतिनिधि के चुनाव का आधार मात्र 'जाति' ही होना भारतीय राजनीतिक व्यवस्था का दुर्भाग्य है। पंचायती स्तर से लेकर लोकसभा चुनावों तक हर जगह इस प्रवृत्ति को देखा जा सकता है। लगता है आने वाले 50-60 सालों तक इसमें कोई बदलाव नहीं होगा।

हालांकि शिक्षित युवा वर्ग को जाति व्यवस्था और राजनीति में रुचि कम होती जा रही है। उन्हें आभास है कि देश की दिशा और दशा बदलने के लिए धर्म और जाति से भी अधिक महत्वपूर्ण, नेतृत्वशील पदों पर बैठे लोगों की स्वच्छ छवि है। मेरा मानना है कि जाति और धर्म के छद्म स्वरूप, देश की अखंडता में सबसे बड़े बाधक हैं। क्योंकि धर्म और जाति के आधार पर जो विभाजन है, वह स्नेहिल संबंधों को भी अलग करता है। हालांकि यह संभव नहीं परंतु अगर राजनीतिक दल जातिगत और धर्म के नाम पर जोड़े गए प्रलोभनों को हटा दें तो यह भारत की समरसता और अखंडता के लिए बहुत बड़ा कदम होगा। लेकिन कोई भी राजनीतिक दल ऐसा नहीं करेंगे, क्योंकि यही मुद्दा है जो उनके वोट बैंक का आधार बनता है।

इतना कुछ होते हुए भी भारत में लोकतंत्र की जड़ें बहुत मजबूत हैं और इसका सबसे बड़ा उदाहरण यह है कि एक आम व्यक्ति अपनी काबिलियत के आधार पर किसी भी पद तक पहुंच सकता है। भारत की राजनीति के 77 वर्ष के इतिहास को अगर पलट कर देखा जाए तो ऐसे अनेक उदाहरण मिल जाएंगे, जिन्होंने अपनी जिजीविषा के बल पर राजनीति में अपना वर्चस्व स्थापित किया है। पीढ़ी दर पीढ़ी सत्ता हस्तांतरण की प्रक्रिया भारत में सुदृढ़ता से बनी हुई है। भविष्य भी ऐसे गर्वमय क्षणों का साक्षी बनेगा। भारत का लोकतंत्र स्थायी था, स्थायी है और स्थायी रहेगा। इसके भविष्य को किसी भी तरह संशयात्मक दृष्टिकोण से नहीं देखा जा सकता है।

जहां तक सवाल सशक्त राष्ट्र निर्माण में लोगों की भूमिका की है तो दो तरह से यह भूमिका निभाई जा सकती है। एक तो यह कि आपको जो कार्य या जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे आप ईमानदारी से करें। दूसरा आप ऐसे व्यक्ति का चुनाव करें, जो निज स्वार्थ को त्याग कर राष्ट्र को उन्नति के पथ पर ले जाने के लिए कटिबद्ध हो। *

{ कविता }
**प्रो. शरद नारायण खरे**

## राष्ट्र-वंदन



भारत मां के अभिनंदन में, आओ हम
जयगान करें।
नित्य चुनौती का उत्तर दे, रक्षित मां की
आन करें।।
हमने रच डाली नव गाथा,
लेकर खड्ग हाथ अपने
नहीं हटाए बढ़े हुए पग,
पूर्ण किए सारे सपने
माटी को निज माथ लगाकर, आओ
मंगलगान करें।
नित्य चुनौती का प्रत्युत्तर दे, रक्षित मां की
आन करें।।
शत्रु नहीं बच पाया हमसे,
पूत हमारे वीर सभी
सेनानी हम हैं मतवाले,
हाथ गहें शमशीर सभी
वक्त करे यदि मांग तो हंस-हंस, हम निज का
बलिदान करें।
नित्य चुनौती का उत्तर दे, रक्षित मां की
आन करें।।
सीमाओं पर डटे हुए हम,
तीन रंग का मान रखें
जन-गण-मन की लाज निभाते,
कायम निज की शान रखें
त्याग करें और रखें एकता,
मिल-जुलकर सहगान करें।
नित्य चुनौती का उत्तर दे, रक्षित मां की
आन करें।।
बिस्मिल, भगत सिंह हम ही हैं,
हम ही तो आजाद हैं
हम ही तो हैं नेहरू-गांधी,
हम हरदम आबाद हैं
संविधान में रखें आस्था, मिल-जुलकर
उत्थान करें।
नित्य चुनौती का उत्तर दे, रक्षित मां की
आन करें।।
लहर-लहर लहराए तिरंगा,
जिसमें सबकी जान है
जिसमें आन हमारी बसती,
और भरा अरमान है
जो भी आए राहों में हम, उसका तो
अवसान करें।
नित्य चुनौती का उत्तर दे, रक्षित मां की
आन करें।।

{ छोटी कहानी / यशोधरा भटनागर }

मातृभूमि की रक्षा में उसका शरीर गोलियों से ऐसा छलनी हुआ कि वह निढाल होकर गिर पड़ा, धरती रक्तरंजित हो उठी। यही लगा मां ने अपने लाल को आंचल में समेट लिया। देश के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले एक फौजी की कहानी।

## आंचल



दनादन गोली बारी... शत्रु सेना पर वह अकेला भारी पड़ रहा था। शत्रु का काल बन उसकी गन, दनादन गोलियां बरसा रही थीं। तभी दूसरी ओर से गोलियां उसकी ओर लक्ष्य करती हुई बरसने लगीं। एक गोली उसकी बाईं भुजा में समा गई, दूसरी दाहिनी जांघ में और तीसरी दाहिने कंधे में। समूची देह लहू से नहा गई लेकिन वह न थमा, उसके हाथ गन के ट्रिगर पर मजबूती से जमे रहे। 'भारत माता की जय!', 'वंदे मातरम!' मातृभूमि के जयकारे उसके मस्तिष्क में कहीं नेपथ्य से गुंजित होते अनुभव करते-करते वह विजयी मुस्कान लिए वहीं निढाल हो गया।

सहसा उसे शुष्क अधरों पर कुछ गीलापन अनुभव हुआ। शायद आकाश की आंखें भी भीग गई हैं। अधखुले नेत्र, माटी से लिपटा वह। बम के धमाकों, गोलियों की आवाजों, युद्ध की लपटों में से मां का चेहरा झांका। एक ओजपूर्ण छवि, आत्मविश्वास से लबरेज, कर्त्तव्यपरायण फौजी पिता की देशभक्त पुत्री, शहीद वीर सिंह की भगिनी... उसकी मां!

जीजाबाई सी उसकी मां ने बचपन से ही वीरों की गाथाएं सुना कर, देशभक्ति के बीज उसके मन-मानस में सहज ही रोपित कर दिए। अभी उसकी मसें भीगी भी न थीं कि उसने अपने जीवन का लक्ष्य तय कर मां के सामने अपने मन की बात रखी तो मां ने उसके निर्णय का न केवल सम्मान किया बल्कि उसे मानसिक रूप से और मजबूत बनाने में कोई कसर न छोड़ी। अपने पिता और भाई के रणभूमि के किस्से मां इतने उत्साह से सुनाती कि वह जोश से भर जाता। फिर एक दिन अपने कलेजे के टुकड़े को उसके लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सैन्य अकादमी भेजते हुए भी मां के चेहरे पर कोई शिकन न थी। हां, उसके एकेडमी जाने के एक दिन पहले मठरी-लड्डू, शकरपारे से भरे डिब्बे तैयार कर रख दिए और उसकी पसंद के मटर-पनीर, केसरिया भात, दही बड़े और कितने ही व्यंजनों से थाली सजा, अपने हाथ से खूब प्यार से खाना खिलाया। वह कुछ चिढ़ा भी 'यह क्या मां! मैं बड़ा हो गया हूं।'

'हम्म' के अतिरिक्त वह कुछ न बोलीं। शायद वह अपनी ममता को तुष्ट कर रही थीं। अगले दिन उसे मुस्कराते हुए विदा कर उन्होंने एकदम से अपना मुंह फेर लिया। शायद फौजी की बेटी और वीर की बहन न खुद कमजोर पड़ना चाहती थी, न ही बेटे को कमजोर होने देना चाहती थी।

लेफ्टिनेंट बन जब वह मां के सामने खड़ा हुआ तो उसका चेहरा गर्व से दिपदिपा उठा, गर्दन कुछ और तन गई।

सूरज की रोशनी मद्धिम हो चली थी। धीरे-धीरे चहुंओर तम का प्रसार हो गया। एक शांति! ठंडी हवा धीरे से सहला गई! 'मां..! मां..!'

रक्तालंकृत वसुंधरा ने उसे अपने अंक में समेट लिया। वही ममतापगा आंचल... वही खुशबू... वही अहसास! मां समान... आंखें फिर मुंद गईं... सदा के लिए। *

{ पुस्तक चर्चा / विज्ञान भूषण }

## काशी के स्वतंत्रता सेनानी

बनारस, वाराणसी या काशी की मुख्य पहचान धार्मिक और प्राचीन सांस्कृतिक नगरी के रूप में है, यह तो हम सभी जानते ही हैं। लेकिन ब्रिटिश शासन से भारत के स्वाधीनता संघर्ष में भी काशी के रणबांकुरों की अद्वितीय भूमिका रही थी, इस बारे में कम ही लोग जानते हैं। इस ऐतिहासिक तथ्य को प्रमाणों के साथ अनावृत्त करने का शोधपरक प्रयास संस्कृत की प्रोफेसर रचना शर्मा ने अपनी पुस्तक 'आजादी के रणबांकुरे और काशी' में किया है। इस किताब में लेखिका ने ना केवल काशी के उन स्थलों का विस्तार से वर्णन किया है, जहां स्वतंत्रता सेनानियों ने ब्रिटिश शासन के विरुद्ध संघर्ष किया। साथ ही काशी के उन सेनानियों के बारे में भी विस्तार से बताया है, जो यहां की धरती पर शहीद हुए या जिन्हें आजीवन कारावास की सजा हुई या जिन्होंने ब्रिटिश शासन से लोहा लिया। यह किताब ऐतिहासिक महत्व की है, जिसके जरिए काशी की पावन धरा पर जन्में देशभक्तों के बारे में जाना जा सकता है। *



**पुस्तकः** आजादी के रणबांकुरे और काशी,
**लेखिकाः** प्रो. रचना शर्मा, **मूल्यः** 249 रुपए,
**प्रकाशकः** सर्व भाषा ट्रस्ट, नई दिल्ली